4 रायपुर संभाग
जगदीश रामू रोहरा के दिल्ली दौरे से लौटते ही निवास पर बधाई...

6 अभिमत
भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

09 विविध
बेचाघाट आंदोलनकारियों ने झोंकी ताकत हजारों की संख्या में रैली...

10 संस्कारधानी
डॉ. रमन सिंह के निर्वाचन जिले में प्रशासन की बुलडोजर...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
# पायनियर
www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 09 दिसम्बर 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-107 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### हार से निराश हैं लेकिन हताश नहीं : सैलजा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को मिली हार के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस मुख्यालय दिल्ली में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें हार की समीक्षा की गई। बैठक के बाद छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि हम निराश हैं लेकिन हताश नहीं। हमारा वोट प्रतिशत कम नहीं हुआ है। जो कि छोटी बात नहीं है। उन्होंने कहा कि आगे लोकसभा चुनाव है, सभी साथियों ने आला नेताओं को भरोसा दिलाया है कि ज्यादा से ज्यादा सीट लेकर आएंगे। सैलजा ने आगे कहा कि राष्ट्रीय और स्थानीय मीडिया चैनलों के एग्जीट पोल के मुताबिक हमारी सरकार बन रही थी, इसमें कई हद तक सच्चाई भी थी, क्योंकि हमारा वोट परसेंटेज कम नहीं हुआ।

### ईवीएम का मुद्दा उठाना ठीक नहीं : टीएस सिंहदेव



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के उम्मीदों के उलट आए नतीजों के बाद पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने एक बार फिर मीडिया से बातचीत की हैं। उन्होंने पार्टी की हार, ईवीएम और समीक्षा जैसे मुद्दों पर बेबाकी से अपनी बातें कही हैं। सिंहदेव ने कहा बैठक हाल में चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन और लोकसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा होगी।

# 24 घंटे के अंदर नये मुख्यमंत्री की घोषणा संभव

## रमन पहली पसंद, रेणुका, अरुण साव, गोमती, विष्णुदेव, ओपी भी रेस में



**पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर**
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री चयन की प्रक्रिया भाजपा ने शुरू कर दी है। रविवार तक छत्तीसगढ़ के नये सीएम का एलान किया जा सकता है। कहते है कि केंद्रीय नेतृत्व ने सीएम का नाम लगभग तय कर लिया है। जल्द ही भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ के लिए भाजपा संसदीय बोर्ड द्वारा तय किए गए केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में विधायक दल की बैठक में नेता का चुनाव किया जाएगा। पर्यवेक्षक के रूप में केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा के साथ-साथ केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी, जलमार्ग एवं आयुष मंत्री सर्वानंद सोनोवाल और राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। राज्य के मुख्यमन्त्री के रूप में डॉ. रमन सिंह पहली पसंद बने हुए हैं। रमन के साथ, केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, गोमती साय, विष्णुदेव साय, ओपी चौधरी, लता उसेंडी, रामविचार नेताम का भी नाम खबरों की सुर्खियों में है। फिलहाल अभी कुछ कहा नहीं जा सकता की राज्य के मुखिया की जवाबदारी किसे मिलने जा रही है।

### आरएसएस की पसंद पर भी विचार संभव



कहते है कि राज्य के मुख्यमन्त्री के चयन में आरएसएस की पसंद पर भी विचार किया जा सकता है। हालांकि पूर्व में डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना के नाम की भी खूब चर्चा हुआ करती थी, जो इस चुनाव में नहीं हो रही है। फिलहाल जब तक सीएम के नाम का एलान नहीं हो जाता तब तक कुछ कहा नहीं जा सकता, यह मोदी मैजिक हैं कुछ भी संभव है।

### केंद्र की सहमति से विधायक दल का नेता चुनेंगे : रमन सिंह

पर्यवेक्षकों की नियुक्ति को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा, विधायक दल की बैठक के लिए तीन पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। यह तीनों पर्यवेक्षक विधायकों से सुझाव लेंगे। केंद्र की सहमति से विधायक दल का नेता चुनेंगे। सीएम फेस को लेकर रमन सिंह ने कहा अभी किसी का नाम फाइनल नहीं हुआ है। जब तक राय मशवरा नहीं होंगे तब तक कहना मुश्किल है। अभी सभी नाम चर्चा में है। लोकसभा चुनाव को लेकर सरकार गठन किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में पिछले बार से बेहतर रिजल्ट आएंगे। 11 की 11 सीटें जीतें इस बड़े लक्ष्य को लेकर सरकार का गठन किया जा रहा है।

## हार के बाद जयसिंह अग्रवाल का फूटा गुस्सा कहा- सरकार जनादेश का कदर नहीं कर पाई

**पायनियर संवाददाता ◀ कोरबा**
www.dailypioneer.com



कांग्रेस में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। बृहस्पत सिंह के बयान के बाद अब पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने हार को लेकर बड़ा बयान दे दिया है। उन्होंने कहा है कि इस चुनाव में एकजुटता नहीं थी, इस बार का चुनाव सेंट्रलाइज था। पिछले चुनाव में जो जनादेश मिला, उसका सरकार कदर नहीं कर पाई। मंत्रियों को पावर नहीं मिल पाई। एक ताकत सेंट्रलाइज होकर कुछ लोगों के साथ सरकार चलाती रही। मंत्रियों का जो जिले में प्रभाव होता है, उसे बाधित किया गया। इतना ही नहीं जयसिंह अग्रवाल ने संगठन के सर्वे पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि, विधायकों के परफार्मेंस का सर्वे सरकार का मुखिया करवाता था। उस सर्वे पर कभी चर्चा नहीं हुई, जो फर्जी सर्वे था। अग्रवाल का कहना है कि बिना किसी का नाम लिए कहा खेतों की फसल को सुरक्षित रखने के लिए बाड़ा बनाया जाता है। अगर वो बाड़ा में ही खा ली जाए तो क्या होगा। जयसिंह अग्रवाल ने इशारों ही इशारों में हार का जिम्मेदार प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल को बताया।


## देवभूमि निवेश के द्वार खोलने जा रही : प्रधानमंत्री

**एजेंसी ◀ देहरादून**
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करते हुए भरोसा जताया कि सामर्थ्य से भरी ये देवभूमि (उत्तराखंड) निश्चित रूप से निवेश के बहुत सारे द्वार खोलने जा रही है। मोदी ने कहा, देवभूमि उत्तराखंड में आकर मन धन्य हो जाता है। कुछ वर्ष पहले जब मैं बाबा केदार के दर्शन के लिए निकला था, तो अचानक मेरे मुंह से निकला था कि 21वीं सदी का ये तीसरा दशक, उत्तराखंड का दशक है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है अपने उस कथन को मैं लगातार चरितार्थ होते हुए देख रहा हूं। आप सभी को भी इस गौरव से जुड़ने के लिए, उत्तराखंड की विकास यात्रा से जुड़ने का एक बहुत बड़ा अवसर मिल रहा है। बीते दिनों, उत्तरकाशी में टनल से हमारे श्रमिक भाइयों को सुरक्षित निकालने का जो सफल अभियान चला, उसके लिए मैं राज्य सरकार समेत सभी का विशेष तौर पर अभिनंदन करता हूं। मोदी ने कहा कि उत्तराखंड वह राज्य है, जहां आपको डाइविनिटी और डेवलपमेंट, दोनों का अनुभव एक साथ होता है, और मैंने तो उत्तराखंड की भावनाओं और संभावनाओं को निकट से देखा है, मैंने उसे जिया है, अनुभव किया है।



# एनटीपीसी सीपत का शत-प्रतिशत राखड़ उपयोगिता का लक्ष्य

पायनियर संवाददाता ◄ सीपत
www.dailypioneer.com




एनटीपीसी देश की अग्रणी विद्युत उत्पादक कंपनी है, जो कि अपने स्वयं के 51 एवं संयुक्त उपक्रमों के 39 स्टेशनों जिसमें कोयला, गैस, जल, पवन एवं सोलर स्टेशनों के माध्यम से कुल 73,874 मेगावाट की स्थापित क्षमता है। विश्व की उत्कृष्ट विद्युत कंपनियों में से एक, एनटीपीसी देश के आर्थिक विकास को दृढ़ता प्रदान करती है। एनटीपीसी सीपत 2980 मेगावाट की कुल स्थापित क्षमता जिसमें सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी पर आधारित 660 मेगावाट की तीन ईकाइयां एवं सब क्रिटिकल 500 मेगावाट की दो ईकाइयां स्थापित है। यह देश की तीसरी सबसे बड़ा पावर स्टेशन है। यहां देश की सर्वप्रथम 765 केवी की स्विचयार्ड संचालित है। सीपत स्टेशन से छत्तीसगढ़ सहित देश के सात राज्यों की बिजली आपूर्ति की जाती है। एनटीपीसी सीपत कोल आधारित विद्युत स्टेशन है जहां विद्युत उत्पादन की प्रक्रिया में सह उत्पाद के रूप में राख उत्सर्जित होती है, इस परिणामस्वरूप, एनटीपीसी सिपात 100 प्रतिशत फ्लाई ऐश उपयोग के लिए प्रयासरत है। एनटीपीसी सीपत द्वारा 100 प्रतिशत से भी अधिकतम 115 प्रतिशत राख की उपयोगिता सीमेंट उद्योग, फ्लाई एश ब्रिक्स प्लांट, एनएचएआई की परियोजनाओं को राख आपूर्ति द्वारा की जाती है। वर्तमान में, रायपुर-धमतरी, बिलासपुर-उरगा और रायपुर-विशाखापत्तनम भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण परियोजनाओं में राख की आपूर्ति की जा रही है। साथ ही बंद पड़े कोल माईन्स के भराव, निचली जमीन के भराव हेतु राख की आपूर्ति कर इसकी उपयोगिता को बढ़ाया जा रहा है।

एनटीपीसी सीपत द्वारा बीआईएस से प्रमाणित राख ईंटों का निर्माण कर बिक्री की जा रही है। एनटीपीसी के सभी स्टेशनों में से एनटीपीसी सीपत पहला स्टेशन है, जहां पर राखड से बनी ईंट की डीलरशिप दी गई है। इस डीलरशिप के द्वारा अबतक 23 लाख ईंटों की बिक्री हो चुकी है। एनटीपीसी सीपत में 3 ऐश डाइक हैं। इन क्षेत्रों में अस्थायी धूल उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न पहल की जा रही हैं। जिसमें मुख्य है राख की धूल को रोकने के लिए फॉग कैनन का उपयोग, मिट्टी को रोकने के लिए बेशरम वृक्षारोपण, राख के पानी के पुनर्चक्रण पाइपों से डिस्चार्ज लेने के लिए स्प्रिंकलर सिस्टम की स्थापना, राख की सतह को तिरपाल शीट से ढंकना, पवन अवरोधकों की स्थापना, तालाब बनाना इत्यादि शामिल है। राखड़ बांध से राख के परिवहन में लगे वाहनों में तिरपाल ढंककर परिवहन किया जाता है, साथ ही परिवहन मार्ग पर निरंतर पानी का छिड़काव कर धूल एवं राख को उड़ने से बचाया जाता है। जिससे आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखा जा सके। लैगून की अधिकतम सतह को जलमग्न रखने के लिए लैगून में जल स्तर को बनाए रखा जाता है।

राख की उपयोगिता बढ़ाने के लिए एनटीपीसी द्वारा विभिन्न अनुसंधान किए जा रहे हैं और एनटीपीसी सीपत में भी राख उपयोगिता बढ़ाने के लिए कई नवोन्मेषी पहल की जा रही है, जिसके अंतर्गत लाइट वेट एग्रीगेट्स, ऐश टू सैंड प्रोजेक्ट, जियो पॉलीमर कंक्रीट रोड और नैनो कंक्रीट एग्रीगेट निर्माण संयंत्र की स्थापना की गई है। एनटीपीसी सीपत द्वारा राख उपयोगिता को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जा रही है यही वजह है कि शत प्रतिशत तक इसकी उपयोगिता को बढ़ाया जा चुका है।

नवाचार और कटिंग एज टेक्नोलॉजी के संयोजन से ऐश की उपयोगिता को सभी संभावित माध्यमों में बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। एनटीपीसी सीपत सतत ऊर्जा उत्पादन से भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक है और बहुआयामी प्रयास इस समर्पण का प्रमाण है।

# मेरी जीत चुरा ली गई: प्रबल प्रताप सिंह जूदेव

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



सत्ता का दुरुपयोग कर सरकारी तंत्रों एवं माफियाओं के सक्रिय सहयोग एवं धनबल से कोटा विधानसभा की जीत को लूट लिया गया। मैं हतप्रद था मात्र 5 साल सत्ता में रहकर इतना धन का संचय और दुरुपयोग मैने कभी नहीं देखा था। माफियाओं द्वारा हमारे कार्यकर्ताओं को मारपीट कर एवं चाकू मारकर एक दहशत भरा माहौल बनाने की कोशिश हुई। प्रशासन खामोश सहयोग करता रहा। सरकारी साधनों का जमकर दुरुपयोग हुआ सरकारी गाड़ियों और एंबुलेंस में साड़ियां और बर्तन ढोए गए। माफिया के साथ सरकारी विभागों के अधिकारी डर से उनके आदेशों का पालन कर घर घर जाकर पैसे और संसाधन वितरण करते रहे। धर्मांतरण के प्रणेता मिशनरी माफिया, जेहादि गैंग कांग्रेस के साथ मेरे विरुद्ध षड्यंत्र रचा, क्युकी मैं मेरे पिताजी कुमार दिलीप सिंह जूदेव द्वारा चलाए गए घर वापसी अभियान मे अनवरत लगा हुआ हूँ। प्रशासन उसको संरक्षण देती रही और हमारी जीत चुरा ली गई। इस कुशासन के घोर दमन के बावजूद जनता ने भारतीय जनता पार्टी के सम्मान में खुलकर मतदान किया और पिछले सारे चुनाव की अपेक्षा मुझे लगभग डेढ़ गुना 66 हजार वोट दिया। इसके लिए मैं कोटा विधान सभा के सभी मतदाताओं के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं। मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि इस चुराई हुई जीत से हमारे संबंधों और कार्यों में कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। सरकार हमारी है हम सब मिलकर अपने विधानसभा को विकास के पथ पर ले चलेंगे और हमारे प्रधानमंत्री के विकास के संकल्प को पूरा करेंगे। जीतकर भी जो हार मिली है उसे स्वीकार करता हूं और विश्वास दिलाता हूं आगामी दिनों में तमाम साजिश कर्ताओं का पर्दाफाश होगा और अर्थतंत्र को जनतंत्र से बड़ा बताने वालों को बताना होगा कि यह कालाधन उन्होंने कहां से अर्जित की। माफिया राज का अंत अवश्यंभावी होगा यह मेरा संकल्प है। कोटा विधानसभा में विकास की गंगा बहेगी इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए। संगठन मजबूत किया जाएगा और वास्तविक कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान की जायेगी। पूर्व विधायक रेणु जोगी को मात्र आठ हजार मत का प्राप्त होना किसी साजिश का हिस्सा तो नहीं, यह साजिश उनके द्वारा हुई या उनके साथ की गई यह प्रश्नवाचक है। इसका जवाब वक्त देगा। इसी उम्मीद के साथ हमें आगे बढ़ना चाहिए। जय भारत, जय छत्तीसगढ़। हर हर महादेव।

# शिवराज का मिशन-29, राघौगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलकर बढ़ाया हौसला



पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के परिणाम में ऐतिहासिक जीत के बाद से ही आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए 'मिशन-29' में जुटे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गुना जिले के राघौगढ़ के प्रवास पर। राघौगढ़ विधानसभा प्रवास के दौरान चौहान भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया। राघौगढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह का गृह क्षेत्र है। यहां से इस बार भी सिंह के पुत्र जयवर्धन सिंह विधायक चुने गए हैं। चौहान इन दिनों उन सभी क्षेत्रों का प्रवास कर रहे हैं, जहां पार्टी अपेक्षाकृत कमजोर मानी जाती है और वे सीटें कांग्रेस की परंपरागत सीटें मानी जाती हैं। इसी क्रम में उन्होंने पिछले दो दिन में बुधवार को छिंदवाड़ा जिले और कल गुरुवार को श्योपुर जिले का प्रवास किया था। इन दोनों ही जिलों की सभी सीटें (छिंदवाड़ा की सात और श्योपुर की दो) इस विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के खाते में गई हैं। इन दोनों ही स्थानों पर चौहान न केवल कार्यकर्ताओं के बीच गए, बल्कि उन्होंने महिलाओं के बीच लाड़ली बहना सम्मेलन भी किया। दोनों ही स्थानों पर चौहान कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए दिखाई दिए। राज्य में कुल 29 लोकसभा सीटें हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से 28 भाजपा के खाते में गईं थीं। एकमात्र छिंदवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ चुन कर आए थे। छिंदवाड़ा कमलनाथ का गृह क्षेत्र है। वहीं श्योपुर जिले में दो विधानसभा सीटें हैं। विधानसभा चुनाव में ये दोनों सीटें कांग्रेस की झोली में गई हैं।

## शिवराज से नि:शक्तजन आयुक्त ने भेंट कर दी राष्ट्रीय अवार्ड की जानकारी

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुख्यमंत्री निवास में निःशक्तजन आयुक्त संदीप रजक ने मुलाकात कर हाल ही में राष्ट्रपति से प्राप्त राष्ट्रीय अवार्ड की जानकारी दी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार रजक ने बताया कि मध्यप्रदेश को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, दिव्यांगजन के शिक्षण, पुनर्वास, रोजगार, स्वरोजगार, खेल और बाधा रहित वातावरण के निर्माण के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश यूडीआईडी कार्ड बनाने में भी अग्रणी है। चौहान ने निःशक्तजन आयुक्त एवं उनके विभागीय अमले को इस अवार्ड के लिए बधाई दी।

उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 3 दिसंबर को नई दिल्ली में मध्यप्रदेश के निःशक्तजन आयुक्त को दिव्यांग कल्याण क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य के लिए पुरस्कृत किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ये पुरस्कार प्रदान किए। मध्यप्रदेश को सुगम्य भारत अभियान के क्रियान्वयन के लिए भी सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जिलास्तर पर चलित न्यायालय और विशेष बैठकों के साथ ही दिव्यांगजन की समस्याओं के निराकरण के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम और शिविर लगाने की गतिविधियां भी संचालित हुईं, जिसके फलस्वरूप कल्याणकारी योजनाओं से दिव्यांगजनों को जोड़ने में सफलता मिली। प्रदेश के शासकीय और अशासकीय संगठनों का सहयोग भी प्राप्त हुआ।

## शिवराज से जनसंपर्क मंत्री शुक्ल एवं नवनिर्वाचित विधानसभा सदस्यों ने की भेंट

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश के जनसंपर्क मंत्री राजेन्द्र शुक्ल और विधानसभा के लिए नव निर्वाचित सदस्यों ने भेंट की। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री चौहान से मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में जनसंपर्क मंत्री शुक्ल ने भेंट की और आपस में बधाईयों का आदान-प्रदान किया। इसीतरह चौहान से मुख्यमंत्री निवास पर विधान सभा के लिए नवनिर्वाचित सदस्यों ने भेंट की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई दी और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## शिवराज ने रोपे पीपल, गूलर और सप्तपर्णी के पौधे

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यहाँ श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट उद्यान में पीपल, गूलर और सप्तपर्णी के पौधे रोपे। मुख्यमंत्री चौहान के साथ कई समाजसेवियों ने भी पौधारोपण किया। इसके अलावा सुरक्षा अधिकारी नीलेश, निखित मिश्र और उनके परिजनों ने भी पौध रोपण में हिस्सा लिया।

# केंद्र को इथेनॉल उत्पादन पर प्रतिबंध वापस लेना चाहिए: शेट्टी

वार्ता ◄ कोल्हापुर
www.dailypioneer.com



स्वाभिमानी शेतकारी संगठन (एसएसएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद राजू शेट्टी ने शुक्रवार को इथेनॉल उत्पादन पर प्रतिबंध को तुगलकी फैसला बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। शेट्टी ने जारी बयान में कहा कि इस फैसले का सीधा असर गन्ना उत्पादक किसानों पर पड़ेगा। सरकार ने यह फैसला इस डर से लिया है कि आगामी लोकसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में देश में चीनी की कमी के कारण चीनी की कीमतें बढ़ जाएंगी

केंद्र सरकार ने किसानों को सब्सिडी और ब्याज में रियायत देकर इथेनॉल प्रोजेक्ट लगाने के लिए प्रोत्साहित किया था। इसका फायदा उठाकर चीनी मिल मालिकों ने इथेनॉल परियोजनाओं में करोड़ों रुपये का निवेश किया और अब सरकार ने अचानक इथेनॉल के उत्पादन पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिसका सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। शेट्टी ने कहा कि चीनी उत्पादन में कमी के लिए सरकार की नीति जिम्मेदार है और अगले साल भी चीनी उत्पादन कम रहेगा।

देश में गन्ना क्षेत्र क्यों कम हो रहा है, इसकी तह तक जाना जरूरी था।

रासायनिक उर्वरकों की कीमतें काफी बढ़ गई हैं और उत्पादन लागत भी बढ़ गई है, जो इस स्थिति में किसानों के लिए संभव नहीं है। सरकार को गन्ना उत्पादक किसानों को तत्काल आर्थिक सहायता देनी चाहिए, तभी देश में चीनी उत्पादन बढ़ेगा। उन्होंने मांग की कि इथेनॉल उत्पादन पर प्रतिबंध लगाने का यह हास्यास्पद निर्णय तुरंत वापस लिया जाना चाहिए।

# मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना से युवाओं के सपने हुए सच

एजेंसी ◄ रांची
www.dailypioneer.com

झारखण्ड के वंचित और शोषित समाज के मेहनती और होनहार आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक बच्चों की प्रतिभा दुनिया के सामने लाने का जो सपना मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने देखा था, आज वह हकीकत में बदल रहा है। झारखण्ड के युवा अब शिक्षा के क्षेत्र में विदेशों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहें हैं।

ऐसी ही प्रतिभा का प्रदर्शन पूर्वी सिंहभूम के पोटका प्रखंड स्थित भाटिन गांव निवासी अजय हेंब्रम ने दिखाई है। अजय ने लंदन के यूनिवर्सिटी में डिस्टींक्शन के साथ डिग्री प्राप्त की। कहते हैं भले ही डिग्री के लिए मैंने पढ़ाई की लेकिन इसका श्रेय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और मंत्री चंपई सोरेन को जाता है, जिन्होंने हम जैसे युवाओं को वैश्विक मंच पर छा जाने का अवसर मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के जरिए दिया।

अब हमलोग यहां के लोगों के बीच अपने समाज, राज्य और देश की और भी बेहतर छवि बनाने का प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर अजय से कहा आदरणीय बाबा दिशोम गुरुजी कहा करते हैं कि गरीब और वंचित समाज के युवाओं को शिक्षा के अवसर मिलते हैं तो सिर्फ वो ही नहीं, उनका घर, गांव और समाज भी आगे बढ़ता है। आप सदैव अपनी मेहनत और लगन से सफलता की बुलंदियों को छूते रहें।

मुख्यमंत्री ने अजय के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा झारखण्ड के युवाओं के साथ उनका यह भाई हमेशा खड़ा है और रहेगा। उल्लेखनीय है कि मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत अब तक राज्य के 50 युवक-युवती ब्रिटेन के विभिन्न यूनिवर्सिटी में उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं, या कर रहें हैं। जिन्होंने पढ़ाई पूरी कर ली है।

# त्रिपुरा के लिए 717 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी

एजेंसी ◄ अगरतला
www.dailypioneer.com



पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डीओएनईआर) ने पांच परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए 717 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने यह जानकारी देते हुये बताया कि अगरतला में डेंटल कॉलेज की स्थापना के लिए 202 करोड़ रुपये, सरकारी मेडिकल कॉलेज और जीबी पंत अस्पताल में 200 बिस्तरों वाले मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य विंग के लिए 192 करोड़ रुपये और सिपाहीजाला जिले में नशे की लत वालों के लिए पुनर्वास केन्द्र के लिए 121 करोड़ रुपये रखे गए हैं। डॉ साहा ने कहा, मंत्रालय ने विशेष रूप से राज्य के आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसमें पहाड़ी इलाकों में एक सौर माइक्रोग्रिड के लिए 80 करोड़ रुपये शामिल हैं जहां पारंपरिक बिजली आपूर्ति वित्तीय रूप से व्यवहार्य नहीं है और 30 किलोमीटर लम्बी तीन ग्रामीण सड़कों के लिए 122 करोड़ रुपये शामिल हैं।

# एडीजीपी कुमार ने अधिकारियों, अन्य रैंकों के कर्मचारियों को एसओपी का पालन करने के दिए निर्देश

वार्ता ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि सभी अधिकारियों और अन्य पुलिस रैंकों के कर्मचारियों को छुट्टी या ड्यूटी के दौरान मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन करने का निर्देश दिया गया है ताकि 29 अक्टूबर को श्रीनगर के ईदगाह में एक पुलिस निरीक्षक मसरूर अहमद वानी पर हुए हमले जैसी घटनाओं से बचा जा सके। कानून एवं व्यवस्था अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) विजय कुमार ने शहीद निरीक्षक वानी को श्रद्धांजलि देने के बाद पत्रकारों से कहा कि 29 अक्टूबर को ईदगाह में क्रिकेट खेलते समय आतंकवादी हमले में घायल हो गए थे और कल डीपीएल श्रीनगर के एम्स में उसने दम तोड़ दिया। उन्होंने अधिकारियों और अन्य रैंकों को एसओपी का पूरी तरह से पालन करने का निर्देश दिया गया है। कुमार ने सभी को छुट्टी के दौरान या कर्तव्यों का पालन करते समय किसी का निशाना बनने से बचने के लिए एसओपी का पालन करने के नए निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि 39 दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद निरीक्षक वानी ने कल एम्स में दम तोड़ दिया। उसके सिर में गोली लगी थी। उनका शव शुक्रवार सुबह एम्स से श्रीनगर लाया गया।

शहीद वानी की हत्या में शामिल हमलावरों के बारे में पूछे जाने पर एडीलीपी ने कहा, शहीद वानी के हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करके उनका खात्मा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जांच के बारे में कुछ भी बताना उचित नहीं है। इस बीच, प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने नम आंखों से डीपीएल में मारे गए निरीक्षक वानी के श्रद्धांजलि में शामिल हुए।

# राजस्थान में आजादी के बाद छठी गैर कांग्रेसी सरकार बनेगी

एजेंसी ◄ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान में सोलहवीं विधानसभा के चुनाव में 115 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार का शीघ्र ही गठन होने वाला है और यह प्रदेश में आजादी के बाद छठी गैर कांग्रेसी सरकार होगी। भाजपा ने राजस्थान में भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्य सभा सांसद सरोज पांडेय और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है और वे भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता का चुनाव कराएंगे और इसके बाद उस नेता के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी जो प्रदेश में अब तक हुए सोलह विधानसभा चुनावों में छठी गैर कांग्रेसी सरकार होगी जबकि आजादी के बाद अब तक दस बार कांग्रेस की सरकार रही है।

हाल में हुए 16वीं विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 69 सीटें ही जीत पाई हैं। राजस्थान में आपातकाल के बाद वर्ष 1977 में हुए छठीं विधानसभा के चुनाव में पहली बार भारी बहुमत 150 सीट के साथ जनता पार्टी की भैंरो सिंह शेखावत के नेतृत्व में पहली गैर कांग्रेसी सरकार बनी। उस समय कांग्रेस केवल 41 सीट ही जीत पाई। इसके बाद वर्ष 1990 में नौवीं विधानसभा के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने जनता दल के साथ गठबंधन के साथ शेखावत के नेतृत्व में दूसरी बार गैर कांग्रेसी सरकार बनी।

नौवीं विधानसभा के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने 85 सीटें जीती जबकि उसके सहयोगी दल जनता दल ने 55 सीटें जीतकर दूसरे और 50 सीट जीतकर कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही। इसके बाद वर्ष 1993 में दसवीं विधानसभा के चुनाव में भाजपा ने 96 सीटें जीती और निर्दलीयों के सहयोग से भाजपा के शेखावत ने प्रदेश में तीसरी बार गैर कांग्रेसी सरकार बनाई और उन्होंने राज्य में तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया। इस चुनाव में कांग्रेस ने 76 सीटें हासिल की जबकि 21 निर्दलीय प्रत्याशियों ने चुनाव जीता। इसके बाद वर्ष 2003 में 12वीं विधानसभा के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने 120 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया और वसुंधरा राजे के नेतृत्व में प्रदेश में चौथी गैर कांग्रेसी सरकार बनी और राजे पहली बार एवं राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री बनी। इस चुनाव में कांग्रेस 56 सीटों पर ही जीत हासिल कर सकी। वर्ष 2013 में 14वीं विधानसभा के चुनाव में भाजपा को 163 सीटों के साथ प्रचंड बहुमत मिला और वसुंधरा राजे को दूसरी बार प्रदेश की मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ। यह राज्य में पांचवीं गैर कांग्रेसी सरकार थी।

इस चुनाव में कांग्रेस अब तक की अपनी सबसे कम 21 सीटों पर ही सिमट गई। आजादी के बाद वर्ष 1952 में पहली विधानसभा चुनाव से लेकर वर्ष 1972 में हुए पांचवीं विधानसभा चुनाव तक लगातार पांच बार कांग्रेस की सरकार बनी।

इसके बाद वर्ष 1980 में सातवीं एवं वर्ष 1985 में आठवीं विधानसभा चुनाव में लगातार दो बार फिर कांग्रेस की सरकार रही।

इसके बाद वर्ष 1998 के ग्यारहवीं विधानसभा एवं वर्ष 2008 में 13वीं विधानसभा और वर्ष 2018 में 15वीं विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस की सरकार रही और इस दौरान तीन बार अशोक गहलोत प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे।

# तालाब में गिरने से मां-बेटे की मौत

**झुंझुनू।** राजस्थान में झुंझुनूं जिले के हमीनपुर गांव में एक खेत में बने तालाब (फार्म पॉन्ड) में गिरने से मां-बेटे की मौत हो गई। जबकि उन्हें बचाने कूदी मौसी की हालत गंभीर है। परिवार के सदस्य हनुमान ने बताया कि गुरुवार रात करीब चार साल का कुशांत पुत्र वीरेंद्र सिंह खेलते-खेलते तालाब में जा गिरा। बच्चे को बचाने के लिए उसकी मां प्रेम देवी तालाब में कूद गई। दोनों को डूबता देख बचाने के लिए कुशांत की मौसी भी तालाब में कूद गई।

इसकी जानकारी जब घर के अन्य सदस्यों को लगी तो काफी मशक्कत के बाद तीनों को बाहर निकाला। तीनों को अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने बच्चे कुशांत और उसकी मां प्रेम देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं मौसी सुशीला देवी पत्नी सचिन कुमार की हालत गंभीर होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हनुमान सिंह ने इस संबंध में पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है।

# भाजपा कार्यकर्ता पर हुए हमले के आरोपियों पर होगी कठोर कार्रवाई: विजयवर्गीय

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने भाजपा कार्यकर्ता पर हुए हमले को लेकर कहा है कि इस मामले के आरोपियों पर सरकार द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी। विजयवर्गीय कल रात्रि यहां पुष्पांजलि अस्पताल पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ता देवेन्द्र ठाकुर के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने आरोप लगाया कि दो दिन पूर्व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भाजपा झोपड़ी प्रकोष्ठ भोपाल के जिला कार्यालय मंत्री देवेंद्र ठाकुर पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतते ही मध्य विधानसभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुंडागर्दी शुरू कर दी है। यह नाकाबिले बर्दाश्त है। सरकार कठोर कार्रवाई करेगी।

# टॉक्सिक - ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप में नजर आयेंगे यश

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के रॉकिंग स्टार यश फिल्म टॉक्सिक - ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप में काम करते नजर आयेंगे। रॉकिंग स्टार यश ने अपनी अगली फिल्म की घोषणा की है, जिसका नाम है टॉक्सिक - ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स। यह फिल्म गीतू मोहनदास के निर्देशन में बनायी जा रही है। निर्माता वेंकट के नारायण ने कहा,हम अब तक की अपनी सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए रॉकिंग स्टार यश के साथ सहयोग करके खुश हैं। इसमें समय लगा क्योंकि यश और गीतू ने एक मजबूत कथा और बड़े पैमाने पर एक्शन के साथ कुछ गतिशील करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। मैं इस शानदार और विशाल फिल्म को देखने के लिए दुनिया का इंतजार नहीं कर सकता जो हम बना रहे हैं। गीतू मोहनदास ने कहा, 'मैंने हमेशा अपनी कहानियों की शैली के साथ प्रयोग किया है। हालांकि लायर्स डाइस और मूथॉन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा स्वागत मिला, लेकिन मैं हमेशा अपने देश में अपने दर्शक ढूंढने के लिए उत्सुक रहा हूं। यह प्रोजेक्ट उसी सोच से तैयार किया है। यह फिल्म दो विपरीत दुनियाओं और कहानी कहने के सौंदर्यशास्त्र का एक संयोजन है और मुझे यश मिला।

जो सबसे शानदार कलाकारो में से एक है, मैं उससे मिला हूं और मैं हमारी टीम के इस जादुई सफर को शुरू करने के लिए उत्साहित हूं।'' गीतू मोहनदास द्वारा लिखित और निर्देशित यश की टॉक्सिक - ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स, केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स द्वारा सह-निर्मित होगी। यह फिल्म 10 अप्रैल 2025 को दुनियाभर में रिलीज होगी।

# कलेक्टर ने बस्तर और बकावंड अनुभाग के धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

## सोनारपाल उपार्जन केंद्र के प्रबंधक को हटाने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com





जिले में धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से कृषकों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की स्थिति का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को कलेक्टर विजय दयाराम के.ने बस्तर अनुभाग के सरगीपाल, राजनगर, मूली, मंगनार, सोनारपाल और देवड़ा धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता के साथ नियमानुसार खरीदी करना सुनिश्चित करें। धान खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, लापरवाही करने वाले लैंप्स प्रबंधकों और खरीदी प्रभारी के खिलाफ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने बारदाना की उचित प्रबंधन नहीं करने के कारण मूली, सोनारपाल उपार्जन केंद्र के समिति प्रबंधक को निलंबित करने के निर्देश दिए साथ ही मूली, सोनारपाल और देवड़ा उपार्जन केंद्र के खरीदी प्रभारी और बारदाना प्रभारी को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने लैंप्स प्रबंधकों को नियमानुसार खरीदी करने और छोटे व सीमांत किसानों को प्राथमिकता देने कहा। दो दिन से हो रही बारिश की वजह से उपार्जन केंद्रों में नमी स्थलों को मुरम एवं डस्ट से समतलीकरण कर खरीदी कार्य को सुचारू संचालित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खरीदी केंद्र में धान बेचने पहुंचे किसानों से उनके जमीन के आधार पर फसल उत्पादन की स्थिति का भी संज्ञान लिया। केंद्र में कलेक्टर ने धान की नमी मापक से धान की नमी की गुणवत्ता का भी आंकलन किया। उन्होंने नमी के तय मानक के अनुसार ही धान की खरीदी सुनिश्चित करने कहा। खरीदी केंद्र में बारदाने की उपलब्धता, पुराने बरदाने की स्थित और भंडारण, बायोमेट्रिक मशीन का उपयोग, किसानों का आधार लिंकिंग, किसान द्वारा किए नॉमिनेशन की स्थिति, व्यवस्थित स्टेकिंग कार्य, टोकन आधार पर खरीदी, बफर लिमिट की स्थिति का भी उन्होंने निरीक्षण किया। कलेक्टर ने खरीदी केंद्रों से डीओ कटवाकर जल्द उठाव करवाने के लिए निर्देश दिए। खरीदी केंद्र में आवश्यक व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों और नोडल को दिए। इस अवसर पर एसडीएम बस्तर ओम प्रकाश वर्मा उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सोनारापाल में रेशम धागाकरण इकाई और निर्माणाधीन दुग्ध प्रसंस्करण केंद्र का भी अवलोकन किया।

## सूरज साहू बने पुनः विभाग संयोजक इशांत को मिली जिले की कमान

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com





अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन 7 से 10 दिसंबर 2023 तक दिल्ली में संपन्न होने जा रहा है जिसमे देश भर के हजारों कार्यकर्ता सम्मिलित हो रहे हैं । इसी कड़ी में अभाविप के राष्ट्रीय अधिवेशन के प्रथम दिवस 7 दिसंबर को छत्तीसगढ़ का प्रांत अधिवेशन भी संपन्न हुआ एवं छत्तीसगढ़ प्रांत का नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ जिसमें प्रदेश अध्यक्ष के रूप में प्रा. अमित बघेल एवं प्रदेश मंत्री के रूप में यज्ञदत्त वर्मा निर्वाचित हुए वहीं नारायणपुर के कार्यकर्ता सूरज साहू को विभाग संयोजक का दायित्व पुनः मिला है जिसमें इनका कार्यक्षेत्र तीन जिले नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर रहेगा। वहीं संगठनात्मक जिला कोंडागांव हेतु जिला संयोजक का दायित्व इशांत जैन का मिला है जिनका कार्यक्षेत्र में दो प्रशासनिक जिले कोंडागांव और नारायणपुर है वहीं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नारायणपुर से तरुण नाग,कोंडागांव से रीना राजपूत एवं केशकाल से प्रियांशु चौहान को नया दायित्व दिया गया है। नए कार्यकारिणी घोषणा होने के बाद कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है दायित्ववान कार्यकताओं को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया है सभी के कार्यकर्ता काफी उत्साहित नज़र आ रहे हैं।

## परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र धरमपुरा में 17 को होगी नवीन सत्र की प्राक्चयन परीक्षा

■ प्राक्चयन परीक्षा के लिए 15 दिसम्बर तक आवेदन पत्र आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के स्नातक उत्तीर्ण कर चुके (छत्तीसगढ़ के मूल निवासी एवं परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रुपये से कम) अभ्यर्थियों के लिए युवा उत्थान योजना के अन्तर्गत आयोजित सत्र 2023-24 में जगदलपुर स्थित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश लेकर एसएससी, रेल्वे, व्यापम, बैंकिंग के परीक्षाओं की तैयारी करने के इच्छुक पात्र अभ्यार्थियों से निर्धारित प्रारूप में 15 दिसम्बर 2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को जगदलपुर स्थित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में 1000 रुपये शिष्यवृत्ति के साथ हॉस्टल, लाइब्रेरी, सामाचार, पत्र-पत्रिकाएँ आदि निःशुल्क सुविधाएँ उपलब्ध कराई जावेगी। प्रशिक्षण की अवधि 6 माह की होगी।

परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र जगदलपुर में कुल स्वीकृत सीट 100 है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर और प्राक्चयन परीक्षा की संभावित तिथि 17 दिसम्बर है। परीक्षा परिणाम घोषित करने की संभावित तिथि 19 दिसम्बर तथा काउंसलिंग एवं दस्तावेज परीक्षण की संभावित तिथि 26 से 28 दिसम्बर 2023 है। प्रशिक्षण सत्र 30 दिसम्बर 2023 से शुरू होगी। प्राक्रयन परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रपरीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र धरमपुरा जगदलपुर निर्धारित किया गया है।आवेदन पत्र परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र धरमपुरा जगदलपुर के नाम पर जिले में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, कलेक्टोरेट कार्यालय जगदलपुर या संस्था के ईमेल आईडी ptcdharam-purajdp@gmail.com में स्कैन कर अंतिम तिथि तक जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु विभाग की वेबसाईट tribal.cg.gov.in से युवा उत्थान योजनान्तर्गत विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन कर एवं निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप डाउनलोड कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वयं सेवकों ने सात दिवसीय विशेष शिविर में बढ़ाया समर्थन

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com







राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर के लिए कोंडागांव जिला अंतर्गत मारागांव ग्राम पंचायत में एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। यह शिविर इकाई शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोण्डागांव के वरिष्ठ स्वयं सेवकों के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान मुकेश पोयाम, देवेंद्र सेठिया, जिगेश कोमरे, द्रोणा प्रसाद, महादलनायक प्रियंका शोरी, प्रेमबत्ती जैसे स्वयं सेवकों ने शिविर में सक्रिय भाग लिया। शिविर की शुरुआत 11 बजे से हुई और 12 बजे तक जिला संगठक और कार्यक्रम अधिकार के उपस्थिति में महाविद्यालय परिसर में हुआ। प्राथमिक स्कूल मारागांव पहुंचने के बाद स्वयं सेवकों को 2 बजे 30 मिनट तक विभिन्न कार्यों में शामिल होने का मौका मिला, जैसे चूल्हा निर्माण, परिसर की सफाई और गेट सजावट आदि कार्यक्रम किया गया हैं। संध्या के समय, शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सीआर. पटेल और प्राध्यापक नंदकुमार साहू ने स्वयं सेवकों की निगरानी की। सभी स्वयंसेवकों को 6 समूहों में बाँटा गया, जिसमें हर समूह को शहीदों का नाम दिया गया, जिसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर दल नायक, बिरसा मुंडा दल नायक, वीर गुण्डाधुर दल नायक, वीर नारायण सिंह दल नायक और स्वामी विवेकानंद दल नायक हैं। इस सात दिवसीय शिविर में सभी स्वयं सेवकों ने मिलकर कई महत्वपूर्ण कार्यों में योगदान किया और सामूहिक सामरिकता बनाए रखने का संकल्प किया।

### अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी निःशुल्क बस सुविधा

**कोण्डागांव।** अग्निवीर थल सेना भर्ती हेतु जांजगीर में 15 से 23 दिसंबर तक अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली में शामिल होने के लिए कोंडागांव जिले के पात्र अभ्यर्थियों को जिला प्रशासन की ओर से निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिसके लिए अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली के लिए ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीसीई) का आयोजन इसी वर्ष अप्रैल माह में किया गया था। इस परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र युवाओं की शारीरिक दक्षता और चयन परीक्षा का आयोजन जांजगीर चांपा में 15 से 23 दिसंबर तक जांजगीर के खोखराभाठा स्थित पुलिस लाईन में आयोजित किया गया हैं। इस रैली में 19 व 20 दिसंबर की शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र युवाओं के लिए 17 दिसंबर को दोपहर 12 बजे जिला प्रशासन की ओर से निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## उड़ीसा राज्य से परिवहन किया जा रहा 340 बोरी अवैध धान जब्त

# सीमावर्ती इलाकों में अवैध धान परिवहन पर रखी जा रही कड़ी निगरानी

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com







राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन सीजन 2023-24 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देश पर जिले में धान खरीदी के लिए सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित धान खरीदी की निरंतर जांच की जा रही है। जिले के सीमावर्ती इलाकों में अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिसके फलस्वरूप जांच दलों द्वारा विगत रात्रि उड़ीसा राज्य की सीमा में तीन मालवाहक वाहनों से करीब 340 बोरी अवैध धान जब्त किया गया है। उक्त जब्त धान सहित वाहनों को नगरनार पुलिस थाने में सुपुर्द कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। जांच दल के प्रभारी अधिकारी नायब तहसीलदार लखीराम पाण्डे ने इस बारे में बताया कि कलेक्टर विजय दयाराम के. निर्देशासनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जगदलपुर नन्द चैबे के मार्गदर्शन में गठित जांच दल द्वारा 07 दिसम्बर की रात्रि में उड़ीसा राज्य के सीमा पर निगरानी रखकर सघन जांच करने के दौरान चैकावाड़ा-माचकोट रोड रेल्वे क्रासिंग में अशोक लिलेंड मालवाहक वाहन क्रमांक सीजी-केआर 1751 से 40 बोरी अवैध धान बस्तर जिले में परिवहन करते हुए पकड़ा गया। इसी तरह धनपूंजी जांच नाके में दो टाटा 709 मालवाहक वाहन क्रमांक ओडी 10-0158 तथा ओडी 10 पी-6937 से डेढ़-डेढ़ सौ बोरी कुल 300 बोरी अवैध धान का बस्तर जिले में परिवहन करते हुए पकड़ा गया। उक्त जब्त सभी धान और वाहनों को नगरनार पुलिस थाने के सुपुर्द कर एफआईआर दर्ज कराया गया है और मंडी सचिव द्वारा मंडी अधिनियम के तहत सम्बन्धितों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही के लिए कलेक्टर विजय ने जांच दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों की सराहना करते हुए समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सघन जांच किये जाने की दिशा में उत्साहवर्धन किए हैं।

Piramal Finance

पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड
(पूर्वतः दीवान हाउसिंग ऐंड फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639
आंचलिक कार्यालय : एचडीआईएल टावर्स, भू तल, अनंत कानेकर मार्ग, स्टेशन रोड, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई – 400 051, महाराष्ट्र
पंजीकृत कार्यालय : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070

**कब्जा सूचना**
**अचल सम्पत्ति हेतु प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 नियम 8–(1) तथा परिशिष्ट–4 के अनुसार**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, (पूर्वतः दीवान हाउसिंग ऐंड फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड के नाम से ज्ञात) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को नीचे दिए विवरण के अनुसार मांग सूचना(एं) जारी की थीं, जिनमें उनसे सूचना में वर्णित बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। कर्जदारों को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को सामान्य रूप से इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार कर्जदारों पर पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, (पूर्वतः दीवान हाउसिंग ऐंड फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड के नाम से ज्ञात) की नीचे वर्णित बकाया राशि तथा उस पर ब्याज का भुगतान करने के बाद ही किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | मांग सूचना तिथि और राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (ऋण कोड सं. 00001986)/(रायपुर शाखा) 1. साई कृष्णा बिल्डर्स ऐंड प्रमोटर्स (कर्जदार/बंधकदाता) 2. श्री बी.एस. प्रसाद (गारंटर/बंधकदाता) 3. श्रीमती कान्ता देवी गोयल (बंधकदाता) 4. आर. एल. गोयल (बंधकदाता) 5. श्री दिलीप कुम्बलकर (बंधकदाता) 6. श्री रतन लाल गोयल (बंधकदाता) 7. श्री अशोक कुमार अग्रवाल (बंधकदाता) 8. श्री सुनील जग्गी (बंधकदाता) 9. श्री दीपक कुमार अग्रवाल (बंधकदाता) | (सम्पत्ति का वर्णन) :– भू खंड परिमाप लगभग 2431 हेक. अर्थात 2,61,776 वर्ग फीट, स्थित केएच. नंबर 695/1–2–3. 679, 693, 694, 669, 668/1, 677/2, 677, 670/8 (जिसमें परिवर्तित भूमि लगभग 1,72,150 वर्ग फीट है जो परिवर्तित सर्वे नंबर 695/5, 679/2, 670/8, 693, 668/1, 67712, 679/1, 694/2, 669, 677 पर स्थित है) भाटागांव, पी.सी. नंबर 105, आरआईसी रायपुर–1, तहसील एवं जिला रायपुर (छत्तीसगढ) वहां प्रोजेक्ट "साई विला फेज–।।" (संलग्नक –। में वर्णितानुसार) पर मौजूदा और भावी निर्माण सहित, जिसमें प्रोजेक्ट के फेज–। की यूनिट्स यानी "बेची और बैनामा की गई" यूनिट्स शामिल नहीं हैं। | 30–08–2023/ रू. 40,00,36,506/– (रूपए चालीस करोड़ छत्तीस हजार पांच सौ छह मात्र) | 04–12–2023 |

संलग्नक –1
पीसीएचएफएल के पास बंधक बुक की गई और अनबिकी यूनिट्स की सूची

| क्र. सं. | साई विला प्लॉट नंबर | लेआउट नंबर | के नाम में लेआउट | प्लॉट एरिया (वर्ग फीट) | बिकी/अनबिकी | बिक्री योग्य क्षेत्रफल (वर्ग फीट) | न्यूनतम निर्धारित बिक्री मूल्य (रू.) ८ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | L-2 | 2 | आर. एल. गोयल 8674 | 1200 | अनबिकी | 1900 | 43.7 |
| 2 | 1A | 6 | आर. एल. गोयल 8674 | 1200 | अनबिकी | 1900 | 43.7 |
| 3 | 2A | 7 | आर. एल. गोयल 8674 | 1 200 | अनबिकी | 1900 | 43.7 |
| 4 | 3A | 8 | आर. एल. गोयल 8674 | 1200 | अनबिकी | 1900 | 43.7 |
| 5 | 4A | 9 | आर. एल. गोयल 8674 | 1200 | अनबिकी | 1900 | 43.7 |
| 6 | O-1 | 10 | आर. एल. गोयल 8674 | 1200 | अनबिकी | 1900 | 43.7 |
| 7 | O-2 | 11 | आर. एल. गोयल 8674 | 1200 | अनबिकी | 1900 | 43.7 |
| 8 | O-3 | 12 | आर. एल. गोयल 8674 | 1200 | अनबिकी | 1900 | 43.7 |
| 9 | O-4 | 13 | आर. एल. गोयल 8674 | 1200 | अनबिकी | 1900 | 43.7 |
| 10 | O-5 | 14 | आर. एल. गोयल 8674 | 1200 | अनबिकी | 1900 | 43.7 |
| 11 | O-6 | 15 | आर. एल. गोयल 8674 | 1500 | अनबिकी | 2400 | 55.2 |
| 12 | O-7 | 16 | आर. एल. गोयल 8674 | 1500 | अनबिकी | 2400 | 55.2 |
| 13 | M-1 | 19 | आर. एल. गोयल 8674 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 14 | M-12 | 20 | आर. एल. गोयल 8674 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 15 | M-13 | 21 | आर. एल. गोयल 8674 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 16 | M- 14 | 22 | आर. एल. गोयल 8674 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 17 | L-6 | 1 | दीपक अग्रवाल 9037 | 1000 | अनबिकी | 1580 | 36.34 |
| 18 | L-7 | 2 | दीपक अग्रवाल 9037 | 1200 | अनबिकी | 1900 | 43.7 |
| 19 | L-8 | 3 | दीपक अग्रवाल 9037 | 1200 | अनबिकी | 1900 | 43.7 |
| 20 | L-9 | 4 | दीपक अग्रवाल 9037 | 1200 | अनबिकी | 1900 | 43.7 |
| 21 | L-10 | 5 | दीपक अग्रवाल 9037 | 1200 | अनबिकी | 1900 | 43.7 |
| 22 | L-11 | 6 | दीपक अग्रवाल 9037 | 1200 | अनबिकी | 1900 | 43.7 |
| 23 | L-12 | 8 | दीपक अग्रवाल 9037 | 1200 | अनबिकी | 1900 | 43.7 |
| 24 | L- 14 | 9 | दीपक अग्रवाल 9037 | 1200 | अनबिकी | 1900 | 43.7 |
| 25 | L -15 | 10 | दीपक अग्रवाल 9037 | 1000 | अनबिकी | 1580 | 36.34 |
| 26 | M-5 | 12 | दीपक अग्रवाल 9037 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 27 | M-9 | 16 | दीपक अग्रवाल 9037 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 28 | M-10 | 17 | दीपक अग्रवाल 9037 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 29 | M-11 | 18 | दीपक अग्रवाल 9037 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 30 | M-11A | 19 | दीपक अग्रवाल 9037 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 31 | M-15 | 20 | दीपक अग्रवाल 9037 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 32 | M-19 | 24 | दीपक अग्रवाल 9037 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 33 | M-21 | 26 | दीपक अग्रवाल 9037 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 34 | M-22 | 27 | दीपक अग्रवाल 9037 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 35 | M-22A | 28 | दीपक अग्रवाल 9037 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 36 | N-1 | 1 | कान्ता गोयल 8670 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 37 | N-2 | 2 | कान्ता गोयल 8670 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 38 | N-3 | 3 | कान्ता गोयल 8670 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 39 | N-4 | 4 | कान्ता गोयल 8670 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 40 | N-5 | 5 | कान्ता गोयल 8670 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 41 | N-5A | 6 | कान्ता गोयल 8670 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 42 | N-6 | 7 | कान्ता गोयल 8670 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 43 | N-7 | 8 | कान्ता गोयल 8670 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 44 | N-8 | 9 | कान्ता गोयल 8670 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 45 | N-9 | 10 | कान्ता गोयल 8670 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 46 | N-10 | 11 | कान्ता गोयल 8670 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 47 | N-10A | 12 | कान्ता गोयल 8670 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 48 | O-26 | 13 | कान्ता गोयल 8670 | 1125 | अनबिकी | 1800 | 41 .40 |
| 49 | O-27 | 14 | कान्ता गोयल 8670 | 1125 | अनबिकी | 1800 | 41 .40 |
| 50 | O-22 | 1 | सुनील डवलपर 9003 | 125 | अनबिकी | 1800 | 41 .40 |
| 51 | O-23 | 2 | सुनील डवलपर 9003 | 1125 | अनबिकी | 1800 | 41 .40 |
| 52 | O-24 | 3 | सुनील डवलपर 9003 | 1125 | अनबिकी | 1800 | 41 .40 |
| 53 | O-25 | 4 | सुनील डवलपर 9003 | 1125 | अनबिकी | 1800 | 41 .40 |
| 54 | O-10 | 7 | सुनील डवलपर 9003 | 990 | अनबिकी | 1600 | 36.8 |
| 55 | O-11 | 8 | सुनील डवलपर 9003 | 990 | अनबिकी | 1600 | 36.8 |
| 56 | O-13 | 10 | सुनील डवलपर 9003 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 57 | O-14 | 11 | सुनील डवलपर 9003 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 58 | O-15 | 12 | सुनील डवलपर 9003 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 59 | O-16 | 13 | सुनील डवलपर 9003 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 60 | O-17 | 14 | सुनील डवलपर 9003 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 61 | O-18 | 15 | सुनील डवलपर 9003 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 62 | O-19 | 16 | सुनील डवलपर 9003 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 63 | O-20 | 17 | सुनील डवलपर 9003 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 64 | O-21 | 18 | सुनील डवलपर 9003 | 770 | अनबिकी | 1300 | 29.9 |
| 65 | C-1 | 1 | श्रीमती कान्ता गोयल 5299 | 1120 | अनबिकी | 1680 | 38.64 |
| 66 | C-10 | 8 | श्रीमती कान्ता गोयल 5299 | 1120 | अनबिकी | 680 | 38.64 |
| 67 | E-1A | 9 | श्रीमती कान्ता गोयल 5299 | 1000 | अनबिकी | 500 | 34.5 |
| 68 | E-8A | 10 | श्रीमती कान्ता गोयल 5299 | 1000 | अनबिकी | 1500 | 34.5 |
| 69 | P-1 | 18 | श्रीमती कान्ता गोयल 5299 | 1650 | अनबिकी | 2475 | 56.93 |
| 70 | P-2 | 17 | श्रीमती कान्ता गोयल 5299 | 1650 | अनबिकी | 2475 | 56.93 |
| 71 | P-3 | 16 | श्रीमती कान्ता गोयल 5299 | 1500 | अनबिकी | 2250 | 51.75 |
| 72 | P-4 | 15 | श्रीमती कान्ता गोयल 5299 | 1500 | अनबिकी | 2250 | 51.75 |
| 73 | P-5 | 14 | श्रीमती कान्ता गोयल 5299 | 1500 | अनबिकी | 2250 | 51.75 |
| 74 | P-6 | 13 | श्रीमती कान्ता गोयल 5299 | 1500 | अनबिकी | 2250 | 51.75 |
| 75 | P-7 | 12 | श्रीमती कान्ता गोयल 5299 | 1500 | अनबिकी | 2250 | 51.75 |
| 76 | P-8 | 11 | श्रीमती कान्ता गोयल 5299 | 1500 | अनबिकी | 2250 | 51.75 |
| 77 | J-5 | 4 | आर.एल. गोयल ऐंड सन्स 6536 | 1250 | अनबिकी | 1875 | 43.13 |
| 78 | J-6 | 5 | आर.एल. गोयल ऐंड सन्स 6536 | 1250 | अनबिकी | 1875 | 43.13 |
| 79 | J-7 | 6 | आर.एल. गोयल ऐंड सन्स 6536 | 900 | अनबिकी | 1350 | 31.05 |
| 80 | F-2 | 4 | अशोक अग्रवाल 3558 | 1000 | अनबिकी | 1600 | 36.8 |
| 81 | F-3 | 5 | अशोक अग्रवाल 355बी | 1000 | अनबिकी | 1600 | 36.8 |
| 82 | F-4 | 6 | अशोक अग्रवाल 3558 | 1000 | अनबिकी | 1600 | 36.8 |
| 83 | F-5 | 7 | अशोक अग्रवाल 3558 | 1000 | अनबिकी | 1600 | 36.8 |
| 84 | F-11 | 8 | अशोक अग्रवाल 3558 | 1000 | अनबिकी | 1600 | 36.8 |
| 85 | F-10 | 9 | अशोक अग्रवाल 355बी | 1000 | अनबिकी | 1600 | 36.8 |
| 86 | F-9 | 10 | अशोक अग्रवाल 3558 | 1000 | अनबिकी | 1600 | 36.8 |
| 87 | H-3 | 17 | अशोक अग्रवाल 355बी | 1000 | अनबिकी | 1600 | 36.8 |
| 88 | H-4 | 18 | अशोक अग्रवाल 3558 | 1000 | अनबिकी | 1600 | 36.8 |
| 89 | H-8 | 19 | अशोक अग्रवाल 3558 | 1000 | अनबिकी | 1600 | 36.8 |
| 90 | H-7 | 20 | अशोक अग्रवाल 3558 | 1000 | अनबिकी | 1600 | 36.8 |
| 91 | H-6 | 21 | अशोक अग्रवाल 3558 | 1000 | अनबिकी | 1600 | 36.8 |
| 92 | B-4 | 4 | दिलीप कुम्भलकर 5346 | 1500 | अनबिकी | 2400 | 55.2 |
| 93 | B-8 | 8 | दिलीप कुम्भलकर 5346 | 1500 | अनबिकी | 2400 | 55.2 |
| 94 | B-9 | 9 | दिलीप कुम्भलकर 5346 | 1500 | अनबिकी | 2400 | 55.2 |
| 95 | D-2 | 12 | दिलीप कुम्भलकर 5346 | 1000 | अनबिकी | 1600 | 36.8 |
| 96 | D-7 | 17 | दिलीप कुम्भलकर 5346 | 1000 | अनबिकी | 1600 | 36.8 |
| 97 | D-8 | 18 | दिलीप कुम्भलकर 5346 | 1000 | अनबिकी | 1600 | 36.8 |
| 98 | D-9 | 19 | दिलीप कुम्भलकर 5346 | 1000 | अनबिकी | 1600 | 36.8 |
| योग | | | | 101520 | | 162470 | |

कृपया नोट करें कि "साई विला फेज–।।" में निर्मित यूनिट्स, जिनके लिए पीसीएचएफएल ने बिक्री/पट्टा हेतु एनओसी'ज जारी किए हैं, पीसीएचएफएल की एनओसी'ज की प्रतियों तथा पीसीएचएफएल (पूर्वतः डीएचएफएल के नाम से ज्ञात) को किए गए भुगतान और उसमें अनुबद्ध सभी नियमों एवं शर्तों के अनुपालन के संबंध में प्रमाण प्रस्तुत करने पर, यहां ऊपर वर्णित सूची से बाहर किए जा सकती हैं)

हस्ता./–
तिथि : 09–12–2023
स्थान : रायपुर

(प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड
(पूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड के नाम से ज्ञात)

# जगदीश रामू रोहरा के दिल्ली दौरे से लौटते ही निवास पर बधाई देने वालों का लगा तांता



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

छतीसगढ प्रदेश मंत्री जगदीश रामु रोहरा द्वारा विगत चुनाव में प्रदेश की अहम जिम्मेदारी मिली थी जिसका निर्वाहन करते हुऐ वो लगातार चुनावी रणनीति में अपनी अहम भूमिका निभाया साथ ही प्रदेश के हर विधानसभा में प्रत्याशियों के संपर्क रहकर लगातार सहयोग किया। विगत दिनों छत्तीसगढ प्रभारी ओम माथुर के साथ दिल्ली दौरे में उनके साथ गए। धमतरी की राजनीति में रामू रोहरा ने प्रदेश से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग विश्वसनीयता बनाई। उनके दिल्ली दौरे से लौटते ही कार्यकर्ताओं का निवास पर तांता लगा। जिस अवसर पर खिलेश्वरी किरण, हेमंत चंद्रकार, अविनाश दुबे, कैलास सोनकर, नरेंद्र रोहरा, धनीराम सोनकर, अखिलेश सोनकर, नीलेश लुनिया, मुकेश शर्मा, केवल साहू, बशीर अहमद, विजय मोटवानी, श्यामा साहू, दीपक गजेंद्र, हेमंत बंजारे, भीषण निषाद, मिथलेश सिन्हा, सुशीला तिवारी,प्राची सोनी, प्रकाश सिन्हा, सरिता ईसाई, रितेश नेताम,ईश्वर सोनकर,उमेश साहू,चिराग अथा,इकबाल खोखर,धनेंद्र कुमार ,धर्मवीर साहू,गिरीश साहू ,रविकांत साहू ,डोमेश्वर साहू, कुशाल चंद्रकार ,ओमकार नेताम, तुषार साहू,जयकांत चंद्रकार,लोमेश निर्मलकर ,दादू साहू,यशवंत साहू,भारत तारक,उमानन्द कुंभकार , तरुण साहू,जीतेंद्र पटेल, दिनेश गेडाम, प्रेम साहू,कोमल यादव एवं अनेक कार्यकर्ता गण पहुँचे मिलने एवं बधाई देने।

# अनाधिकृत दुकानों में मिले खाली एवं भरे सिलेंडर 97 नग घरेलू एवं कमर्शियल सिलेंडर जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर चंदन कुमार ने बलौदाबाजार में अनाधिकृत दुकानों में सिलेंडर बेचने की शिकायत को बड़ी गंभीरता से लिए है। उन्होने तत्काल खाद्य को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जिसके तहत विभाग ने कार्रवाई करते हुए बलौदाबाजार नगर के तीन दुकानों से 97 नग घरेलू,कमर्शियल खाली एवं भरे हुए सिलेंडर जब्त किया गया है। जिसमे शुभ कदम शूज सेंटर से 12,राजेश नागदेव के प्रतिष्ठान से 9 नग, इसी तरह भाटापारा मेन रोड के पास,खपरी मोड़ नजदीक प्रकाश दास के निवास स्थान में उनकी अनुपुस्थिती पर शुभम परियानी से 76 नग सिलेंडर जब्त किया गया है। मौके पर अवैध रिफिलिंग करते भी पाया गया है। उक्त जब्त सिलेंडर को मेसर्स मां महामाया गैस एंजेसी करमदा,मारुति गैस एजेंसी अर्जुनी के सुपुर्दगी में रखा गया है। उक्त कार्रवाई द्रवित पेट्रोलियम गैस ( प्रदाय एवं वितरण विनियम ) आदेश 2000 के प्रावधानों के उल्लघन के तहत किया



गया है। जिसमे आगे कारवाई हेतु कलेक्टर कोर्ट में पेश किया जाएगा। उक्त कर्रवाई खाद्य अधिकारी विमल दुबे के नेतृत्व में सहायक खाद्य अधिकारी सुशील टंडन, खाद्य निरीक्षक अमित शुक्ला,रामनारायण साहू, तलेश यादव के टीम द्वारा किया है। साथ ही खाद्य अधिकारी द्वारा चेतवानी दी गई है की अनाधिकृत दुकानों में सिलेंडर ना रखें अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदेश में उठने लगी आदिवासी मुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

विधानसभा चुनाव में भाजपा की बंपर जीत के बाद एक बार फिर प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग उठने लगी है। समाज के युवाओं का कहना है कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद लगातार आदिवासी समाज यहां पर आदिवासी मुख्यमंत्री की मांग करता आ रहा है । विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद भाजपा सरकार में मंत्री मंडल गठन एवं मुख्यमंत्री दावेदार को लेकर सोशल



मीडीया तथा समाचार पत्र एवं टीवी चैनलों में अनेकों कयास लगाए जा रहें हैं। आदिवासी समाज के युवाओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ आदिवासी बाहुल्य होने के कारण आदिवासी समाज हमेशा अबकी बार आदिवासी सरकार के मुद्दे को लेकर चल रही है । इसे लेकर छात्रसंघ अध्यक्ष योगेश ठाकुर ने कहा की सरकार आदिवासी हितैषि की बात करती है तो पहले प्राथमिकता आदिवासीयों को दे ।

चर्चा के दौरान बसना अंचल के छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ जिलाध्यक्ष महासमुंद दीपक जगत ने कहा की सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार मोदी सरकार को आदिवासी समाज संदेश भेज कर मांग कर रही है कि आदिवासी समाज से रेणुका सिंह या विष्णु साय को मुख्यमंत्री बनाया जाये ।

# थाना प्रभारी अर्जुनी ने देर रात तक खुली दुकानों को बंद कराने की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने सभी थाना प्रभारियों को अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं शांति व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, विजुअल पुलिसिंग करने के सख्त निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एवं डीएसपी नेहा पवार के नेतृत्व में डीएसपी परि. विंकेश्वरी पिंदे, थाना प्रभारी अर्जुनी निरी राजेश मरई द्वारा पेट्रोलिंग कर कल देर रात्रि तक खुले चखना सेंटर, होटल,पान ठेला एवं दुकानों को बंद कराये गये। डीएसपी नेहा पवार के हमराह में थाना प्रभारी अर्जुनी एवं पुलिस बल के साथ देर तक खुले चखना सेंटर, पान ठेला, चौपाटियों एवं दुकानों को बंद कराया गया। दुकान के सामने एवं रोड में मोटर सायकल खडे कर अनावश्यक बैठने वाले मनचले लडको



को समझाईश देकर वहां से भगाया गया। साथ ही दुकानदारों को भी रोड में वाहन ना खडी करने की समझाईश दिया गया। पेट्रोलिंग से असामाजिक तत्वों के मन में पुलिस के प्रति भय तथा आम जनता व व्यवसायियों में सुरक्षा की भावना बने रहे इसलिए, धमतरी पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही है। चखना सेंटर, पान ठेला एवं चौपाटी व्यवसायियों को देर रात्रि तक दुकान खोल कर ना रखने के लिए हिदायत भी दी गई। साथ ही पुलिस टीम द्वारा पैदल पेट्रोलिंग किया गया। सूनसान एवं अंधेरे जगह मे बैठे व्यक्तियों को समझाईश दिया गया। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक नेहा पवार, डीएसपी विंकेश्वरी पिंदे, थाना प्रभारी अर्जुनी राजेश मरई सहित एडी स्कॉट सहित पुलिस बल साथ थे।

# धमतरी पुलिस द्वारा 15 लाख के 100 मोबाईलों को किया गया रिकवर

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने पदभार ग्रहण करने के बाद से ही लगातार जिले में विभिन्न थानों में विगत कुछ समय से दर्ज मोबाइल गुमने की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुये सायबर सेल की टेक्नीकल टीम को विशेष अभियान मिशन मोबाइल तलाश चलाकर गुम हुए मोबाइलों को रिकवर करने निर्देशित किया।

गौरतलब है कि पिछले इसी साल मार्च माह में 150 मोबाइल एवं फरवरी में भी 100 मोबाइल एवं अप्रैल में 103 मोबाइल एवं दिसंबर में 110 मोबाईल रिकवर कर मोबाईल धारकों को लगातार वापस किए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एवं नोडल अधिकारी साइबर एसडीओपी कुरूद केके वाजपेयी के नेतृत्व में साइबर सेल की टीम ने विशेष अभियान के तहत् जिले के विभिन्न थानों में दर्ज गुम मोबाइल की रिपोर्ट को एकत्रित किया गया तथा वरिष्ठ अधिकारियों के सतत मार्गदर्शन में कई दिनों के अथक प्रयास, लगन एवं मेहनत से खोजबीन करते हुए 100 नग एंड्राइड मोबाइल,कुल 100 नग गुम मोबाइलों को रिकवर करने में सफ्लता प्राप्त किए। रिकवर किये गये विभिन्न कंपनियों के मोबाइल की अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 15



लाख रूपये है। आज पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के द्वारा थाना कोतवाली परिसर स्थित पुलिस जनसंवाद कक्ष में उक्त सभी मोबाइलों को उनके मालिकों को बुलाकर सुपूर्द किया गया। मोबाइल गुम होने पर उसके मिलने की संभावना नहीं होना मान चुके लोगों को उनका खोया हुआ मोबाइल वापस मिलने पर धमतरी पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित कर प्रसन्नता व्यक्त किया गया। इनमे से कई मोबाइल धारकों को अपना गुम मोबाइल वापस मिलने की किसी भी प्रकार से उम्मीद नही थी, किन्तु धमतरी पुलिस की साइबर तकनीकी टीम के द्वारा लगातार प्रयासों से ना केवल गुम हुये मोबाइल को रिकवर किया, बल्कि उक्त सभी मोबाइल को उनके मोबाइल धारकों को दिया गया है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित जनमानस एवं पत्रकार बंधुओं से चर्चा करते हुए बताया कि धमतरी पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी निरंतर चलता रहेगा। साथ ही उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को कहीं भी मोबाइल पड़ा हुआ मिले या कोई व्यक्ति बिना रसीद के कम कीमत में मोबाइल उपलब्ध करा रहा है, तो ऐसा संभव है कि वह मोबाइल चोरी का हो अथवा किसी अपराध हेतु उक्त मोबाइल का प्रयोग किया गया हो। ऐसी परिस्थिति में तुरंत अपने निकटतम थाने में इसकी सूचना देकर आप एक सच्चे नागरिक होने का कर्तव्य निभा सकते हैं। साथ ही मोबाइल स्वामी को होने वाले आर्थिक क्षति से भी बचा सकते हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा ये भी अपील किया गया कि अपना मोबाइल सूरक्षित रखें क्यों कि मोबाइल में सबका अपना पर्सनल डाटा होता है जिसको पाने वाला कोई भी गलत उपयोग कर सकता है इसलिए अपना मोबाइल सम्भाल कर रखें। आम जन मानस को कहीं भी गुम मोबाइल मिलने पर थानें या सायबर सेल से कॉल करने पर उक्त गुम मोबाइल थानें या सायबर सेल में जमा करवाये ताकि मोबाईल धारक को उनकी मोबाइल वापस किया जा सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा सायबर प्रभारी सहित सायबर टीम को इस कार्य के लिए बधाई दिये। इस अवसर पर डीएसपी नेहा पवार, डीएसपी परि विंकेश्वरी पिंदे एवं मोबाइल रिकवर करने हेतु चलाए गए इस विशेष अभियान में साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक रमेश साहू, प्रआर देवेंद्र राजपूत, आरक्षक कमल जोशी, धीरज डडसेना, कृष्णा पाटिल, आनंद कटकवार एवं विकास द्विवेदी, झमेल राजपूत, विरेंद्र सोनकर, मनोज साहू का विशेष योगदान रहा।

## भाजपा की जीत, मोदी पर जनता के विश्वास की जीत- विजय मोटवानी



**धमतरी।** नगर निगम पार्षद विजय मोटवानी ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बीते तीन राज्यों राजस्थान,मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ में विधानसभा चुनाव में धमाकेदार जीत दर्ज की है जिसका पूरा दारोमदार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 साल में देश मे किये गए विकास और वर्षो से जिन विषयों का हल जनता चाहती थी का निराकरण किया गया देश एक विकसित देश की श्रेणी में आ गया है ये जीत मोदी जी के ऊपर विश्वास की जीत है मोदी ने जो गारंटी जनता को दी उसी पर विश्वास कर जनता ने जनादेश भाजपा को दिया है, उसी अनुरूप सरकार के गठन की प्रक्रिया से पहले ही हमारे प्रदेश के नेताओं ने योजना बनाना प्रारम्भ भी कर दिया है। भाजपा की सरकार गठित होते ही सबसे पहले 18 लाख परिवारों को आवास और किसानों को दो साल का बकाया धान बोनस देने पर फैसला हो सकता है। भाजपा ने चुनाव से पहले अपने घोषणापत्र में प्रदेश के लिए मोदी की गारंटी 2023 नाम से संकल्प पत्र जारी किया था, जिसमें शामिल 20 प्रमुख घोषणाओं में यह दोनों शामिल हैं। इस समय भाजपा ने दावा किया था कि सरकार बनते ही कैबिनेट की पहली बैठक में ही इन दोनों वादों को वह सबसे पहले पूरा करेगी। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में किसानों से 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर प्रति एकड 21 क्विंटल धान खरीदी कर समर्थन मूल्य की कीमत बोनस सहित एकमुश्त करने और वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 का बकाया बोनस 300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस यानी राष्ट्रीय सुशासन दिवस 25 दिसंबर को करने की घोषणा की थी।

# जीत के पश्चात विधायक ओंकार साहू ने पीपरछेडी के कार्यकर्ताओं के प्रति व्यक्त किया आभार



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक ओंकार साहू जीत के पश्चात ग्राम पिपरछेडी (दे) पहुचे जहाँ सरपंच संतोष हिरवानी सहित उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित विधायक का हार माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक ओंकार साहू ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पीपरछेडी दे के समस्त माताओं, बहनों एवं भाइयों का मैं दिल से आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मुझे धमतरी विधानसभा का विधायक बनने में सहयोग प्रदान कर जनसेवा करने का मौका दिया, आप सबके सहयोग से पीपरछेडी दे एवं पूरे धमतरी विधानसभा में विकास की गति लगातार जारी रहेगी। जनता का जनादेश हमेशा सिर आंखों पर रहा है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार नही रहने का दुख हम सभी कार्यकर्ताओं को है। लेकिन इस बात का संतोष है कि लोकप्रिय भूपेश बघेल की सरकार ने विगत 5 साल में जनता से किए हर वादे को पूरा किया, वादे से ज्यादा देने का प्रयास किया और छत्तीसगढ़ महतारी की भरसक सेवा की। जनता की अपेक्षाएं और आकांक्षाएँ बड़ी हैं हम सभी जनता के विवेक का सम्मान करते है। विपक्ष में होने के नाते कांग्रेस के हम सभी साथी विधानसभा में एवं प्रदेश में सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाते हुए आम जनता को न्याय दिलाएंगे। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच संतोष हिरवानी सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल को मिला 17वाँ राष्ट्रीय गणित सम्मेलन की मेज़बानी का मौका

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 30 व 31 दिसम्बर 2023 को दो दिवसीय ÷17वाँ नेशनल मैथ्स कन्वेंशन÷ का ऐतिहासिक आयोजन होगा। अत्यंत हर्ष एवं गर्व का विषय है कि दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल इस अद्भुत एवं ऐतिहासिक राष्ट्र स्तरीय विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी की मेज़बानी करेगा। यह अविस्मरणीय ÷नेशनल मैथ्स कन्वेंशन ÷ विद्यालय के प्रबंधक अश्वनी शर्मा, सह- प्रबंधक संदीप गोयल तथा प्रधानाचार्य योगेश पोपट के मार्गदर्शन में कराया जाएगा। जिला बलौदाबाजार, भाटापारा के इतिहास में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल पहला ऐसा विद्यालय होगा जहाँ पहली बार राष्ट्रीय स्तर का मैथ्स कन्वेंशन (गणित सम्मेलन) कराया जाएगा। आपको बता दें कि गणित के इस विशाल सम्मेलन में इसरो के दस से अधिक वैज्ञानिक शामिल होंगे, जो गणित विषय पर विशेष रूप से बात-चीत करेंगे। 30 दिसम्बर 2023 को शुरू होने वाले इस इवेंट में देश के लगभग सभी राज्यों के कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के 300 से अधिक विद्यार्थी तथा उनके सलाहकार भाग लेंगे। इस दो दिवसीय नेशनल मैथ्स कन्वेंशन में लगभग 1200 से 10,000 दर्शकों के उपस्थिति की आशा जताई गई है। 30 दिसम्बर 2023 को सुबह 10 बजे कार्यक्रम की ओपनिंग सेरीमनी (उद्घाटन) प्रबंधक अश्विनी शर्मा, सह-प्रबंधक संदीप गोयल एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट के कुशल नेतृत्व में होगा। शाम को 6 से 8 बजे कल्चरल इवेंट (सांस्कृतिक कार्यक्रम) होगा जिसमें विभिन्न राज्यों से आए विद्यार्थी अपने-अपने राज्यों के पारंपरिक परिधानों की प्रदर्शनी करेंगे। 31 दिसम्बर 2023 को अपराह्न 3 बजे क्लोजिंग सेरीमनी का आयोजन किया गया है। बाहर से आ रहे विद्यार्थियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था विद्यालय में ही की गई है। इस महासम्मेलन की सकुशल सफ्लता के लिए प्रमुख रूप से प्रबंध तंत्र, प्रधानाचार्य योगेश पोपट तथा विद्यालय के सभी शिक्षक रूप-रेखा तैयार करने में पूरी शिद्दत के साथ जुटे हुए हैं।

# माँ विंध्यवासिनी का आशीर्वाद लेकर पूर्व विधायक रंजना साहू की निकली आभार रैली

## हारने के बाद भी जनता का आभार करने निकली रंजना साहू ने सबका दिल जीत लिया : विपिन पवार

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



मुझे विधायक के रूप में धमतरी की जनता ने 5 साल तक जो भी आदेश किया उस पर खरा उतरने का मैंने पूरा प्रयास किया। मेरा सौभाग्य रहा कि कांग्रेस सरकार में भी मुझे मेरी सक्रियता के एवज में उत्कृष्ट विधायक का सम्मान मिला। धमतरी के लोगों ने जिस सम्मान के साथ मुझे बढ़त दिलाई इसका मैं ताउम्र शुक्रगुजार रहूंगी। मैं विश्वास दिलाती हूं कि एक छाया विधायक के रूप में सरकार के आदेशों पर धमतरी विधानसभा क्षेत्र में अधिकतम विकास की नदी बहाऊंगी। मेरा पूरा जीवन धमतरी विधानसभा क्षेत्र को समर्पित रहेगा। जिन लोगों ने किसी अप्रत्यक्ष नाराजगी के चलते भाजपा की आ रही सरकार में मुझे शामिल करने से गुरेज रखा वे लोग कुछ दिनों में ही समझ जाएंगे कि जिस प्रत्याशी को जीताकर उन्होंने मेरे साथ नहीं बल्कि धमतरी विधानसभा क्षेत्र के साथ कितनी बड़ी नाइंसाफी की है। पूर्व विधायक रंजना साहू ने गुरुवार को निकली आभार रैली के माध्यम से उक्त बातें जनता से कहीं। वरिष्ठ समाजसेवी विपिन पवार ने कहा हारने के बाद भी जनता का आभार करने निकली रंजना साहू ने सबका दिल जीत लिया, चुनाव का परिणाम जो भी हो रंजना ने धमतरी के प्रति अपनी कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है, जनता को आज भी उनसे उम्मीद और अपेक्षाएं हैं कि धमतरी के विकास में वे सबसे अग्रणी भूमिका निभाएंगी। वरिष्ठ नेता प्रकाश गोलछा ने कहा धमतरी विधानसभा की जनता ने भाजपा के पक्ष में वोट दिया है हम सदैव उनके ऋणी रहेंगें, हम धमतरी की जनता का तहे दिल से आभार करते हैं। रैली की शुरुआत धमतरी की अधिष्ठात्री देवी मां विंध्यवासिनी के आशीर्वाद के साथ हुई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में भाजपा के वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता और रंजना साहू के समर्थक उपस्थित थे। जिनमें मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश गोलछा, मंडल अध्यक्ष विजय साहू, नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदूजा, खिलेश्वरी किरण, गंगरेल मंडल अध्यक्ष उमेश साहू, दमयंतिन साहू, जागेश्वरी साहू, सुमिता पंजवानी , भारती खंडेलवाल, सुशीला तिवारी, नम्रता पावर, श्यामा साहू, प्राची सोनी, मोनिका देवांगन, अनिता सोनकर, सरिता आसई, ममता सिन्हा, दयमनतीं गजेन्द्र, धनीराम सोनकर, भारत सोनी, दयाशंकर सोनी, विजय मोटवानी, नीलेश लुनिया, रिक्की, गनवानी, अजय देशलहर, भीषण निषाद, कपिल चौहान, हेमंत बंजारे, राजकुमार फुटान, लक्ष्मण गौतम, कोमल सर्वाए विपिन पवार, नीरज नाहर, प्रकाश वाधवानी, रितेश नेताम, जय हिंदूजा, अमित साहू, दौलत वाधवानी, राजकुमार फुटान, संजू सोनी, मुकेश शर्मा, राकेश साहूएनरेश बरडिया, राजू मीनपाल, कैलाश देवांगन, प्रेम शंकर चौबे सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

# जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पहुंचेगा विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ, केंद्र की योजनाओं का करेगा प्रचार-प्रसार

## कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक, तैयारियों को लेकर दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com





कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने बताया कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित कर केन्द्र शासन की योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जायेगा। वहीं विविध कार्यक्रम आयोजित कर इन जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ ग्राम पंचायतों में पहुंचकर केंद्र की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगा। कलेक्टर रघुवंशी ने बताया कि केन्द्र की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए केंद्र सरकार की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ तैयार किया गया है। यह रथ जिले में आगामी 26 जनवरी 2024 तक गांव-गांव में जाकर केंद्र की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगा। योजनाओं के लाभार्थी उसकी कहानी, उसकी जुबानी के माध्यम से इन योजनाओं के बारे में बताएंगे। वहीं इस रथ के भ्रमण के दौरान गांव-गांव में केंद्र सरकार की योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाने के लिए जोड़ा जाएगा। इसके लिए अधिकारी ग्राम सभाओं का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करेंगें। कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की जिले में रूट-चार्ट तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। बैठक में बताया गया कि जिले में 7 चलित वाहन प्रदान किये जायेंगे। उक्त वाहन द्वारा गांव-गांव जाकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत् योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी यादव ने तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही यात्रा का कार्यक्रम तय होने के बाद गांवों में ग्रामसभाओं का आयोजन करवाने एवं केंद्र की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देकर उनका लाभ दिलाने के लिए योजनाओं से जोड़ने कहा। उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम 26 जनवरी 2024 तक चलेगा। इस संबंध में सभी विकासखंडों में अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोक्तिमा यादव, संयुक्त कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, आयुक्त नगर निगम धमतरी विनय पोयाम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# अवैध निर्माणाधीन मकान पर चला बुलडोजर

## हटाए गए गुमटी-ठेला, चखना सेन्टर, होर्डिंग्स और विज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



जिलाधीश के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्रान्तर्गत वार्ड कं.-14 में हाउसिंग बोर्ड कालोनी स्थित वाटर ए.टी.एम. के पीछे सार्वजनिक उपयोग हेतु उपलब्ध शासकीय भूमि में अवैध रूप से निर्माणाधीन मकान पर कार्यपालिक दण्डाधिकारी, रवि विश्वकर्मा एवं पुलिस बल की उपस्थिति में नगर पालिका के द्वारा कार्यवाही करते हुए बुलडोजर की सहायता से अवैध कब्जा हटाया गया । विदित हो कि कुछ दिवस पूर्व उक्त स्थल पर अवैध निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर नगर पालिका के राजस्व शाखा के कर्मचारियों द्वारा स्थल निरीक्षण कर अवैध रूप से निर्माणाधीन मकान के निर्माण कार्य को बंद करवाते हुए पुनः निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने की समझाइश दी गई थी, जिसके उपरान्त भी संबंधित कब्जाधारी द्वारा अवैध निर्माण कार्य जारी रखा गया जिस पर नगर पालिका के तोडू दस्ता ने दल बल सहित कार्यवाही करते हुए अवैध निर्माण को ढहा दिया। उक्त कार्यवाही के साथ साथ जिलाधीश द्वारा शहर के विभिन्न स्थलों पर अवैध गुमटी, ठेला, चखना सेन्टर, अवैध होर्डिंग्स, विज्ञापन बोर्ड हटाये जाने हेतु दिये गये निर्देशों के अनुसार कार्यवाही करते हुए कुम्हारी क्षेत्रान्तर्गत बड़ा तालाब उद्यान गार्डन के पास, थाना कुम्हारी के समीप, हाउसिंग बोर्ड कालोनी में वाटर ए.टी.एम. के निकट निर्मित स्थाई अवैध ठेले, गुमटी, चखना सेन्टर, अवैध विज्ञापन बोर्ड इत्यादि को हटाया गया।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर एनटीपीसी लारा में डॉ. आंबेडकर को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराओ आंबेडकर जी के 68वें महापरिनिर्वाण दिवस एनटीपीसी लारा में एससी एसटी असोशिएशन के तवाधान में केलो भवन परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक दिवाकर कौशिक द्वारा आंबेडकर जी की फोटो प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर लोगों को संबोधित करते हुए कौशिक ने आंबेडकर के जीवन आदर्श पर प्रकाश डालते हुए उसका अनुपालन करने की आग्रह किया। बाबा साहेब न सिर्फ संविधान निर्माता बल्कि एक विद्वान राजनीतिज्ञ, अर्थशास्त्री और न्यायविद भी थे. उनका जीवन आदर्श मानवता पर केन्द्रित था। उन्होंने जीवन भर जातिवाद, सामाजिक अन्याय को समाज से मिटाते हुए दलित एवं बंचीत वर्ग को समाज के मुख्य धारा में सामील करते हुए समतामूलक राष्ट्र निर्माण के अग्रदूत थे। इस अवसर पर अखिलेश सिंह, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), राजीव रंजन, महाप्रबंधक (अनुरक्षण), समरेन्द्र कुमार रॉय, महाप्रबंधक (प्रचालन), एससी एसटी असोशिएशन के पदाधिकारीगण एवं कर्मचारिगण डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव मनोज कुमार चैहान ने किया।

# छत्तीसगढ से 26 व रायगढ़ जिले से 12 प्रतिभावान होंगें दिल्ली में नेशनल अवार्ड से सम्मानित

## रायगढ़ के प्रतिभाओं का सम्मान गौरव का विषय : सुनील रामदास

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के 26 प्रतिभाओं का 10 दिसम्बर को नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर का सम्मान मिलेगा, जिसमें रायगढ़ शहर से विभिन्न क्षेत्रों में विशेष दक्षता रखने वाले 12 प्रतिभाओं को भी नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। उक्त सम्मानित प्रतिभाओं को रायपुर मंदिर के उपाध्यक्ष व रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के चेयरमैन सुनील रामदास ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा रायगढ़ कला संस्कृति की नगरी है और यहां प्रतिभाओं की कमी नहीं है। विदित हो की भारतीय दलित साहित्य अकादमी के द्वारा प्रतिवर्ष राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मान विशेष प्रतिभाओं को प्रदान किए जाते हैं। इस तारतम्य में इस वर्ष 2023 को भी छत्तीसगढ़ राज्य से 26 विशेष प्रतिभाओं को नेशनल अवार्ड दिया जा रहा है, जिसमें रायगढ़ शहर से 12 विशेष दक्षता अंतर्गत लोक गायक दीपक आचार्य को लोक गायन हेतु, राम नंदन यादव को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हेतु, भजन गायक लोक कलाकार विजय शर्मा को लोक कला के संवर्धन हेतु, बेस्ट टीचर के लिए विकास कुमार सिंह को, मशरूम उत्पादन में विशेष दक्षता हेतु संतोष कुमार शर्मा को, गायन हेतु कमलेश गोठेवाल को, तबला वादन के लिए विनोद चैहान, आर्ट एंड क्राफ्ट कला के लिए सुरेंद्र निषाद को, लोकेश गुप्ता को गायन, अभिनय व लेखन के लिए और गौ माता सुरक्षा संवर्धन हेतु शिवराज कुमार चैहान को तथा गायन हेतु गीतिका वैष्णव को व नृत्य एवं गायन में दक्षता हेतु अनु तिवारी को, राष्ट्रीय स्तर के सम्मान से सम्मानित किया जाना है।

# चुनाव परिणाम के बाद शहर कमेटी के खिलाफ फूटा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा

## महापौर व सभापति के वार्ड में भी पीछे रही कांग्रेस

- महासचिव व छ.ग. प्रभारी को पत्र लिखकर दर्जनों कार्यकर्ताओं ने जिला शहर कमिटी को भंग करने की उठाई मांग




पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

हाल ही में प्रदेश में विधान सभा चुनाव 2023 का परिणाम सामने आने के बाद कांग्रेस पार्टी की सत्ता से विदाई होने के साथ -साथ कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ताओं का गुस्सा अपनी ही पार्टी के जिला कमेटी पर फुट पड़ा है। रायगढ़ के कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने तो छ ग प्रभारी कुमारी शैलजा के नाम लिखित पत्र देकर जिला कांग्रेस कमिटी (शहर) को भंग करने की मांग तक कर डाली है। इस पत्र में उन्होंने यह भी सपष्ट किया है कि यद्यपि छ.ग. के रायगढ़ जिला में 4 में से 3 सीट में कांग्रेस की जीत हुई है। परंतु रायगढ़ विधान सभा में हुई बहुत बड़ी और शर्मनाक हार को लेकर कई बिंदुवार कारण बताते हुए उनसे जिला कांग्रेस कमिटी शहर को भंग करके नई कमेटी बनाने की मांग की गई हैं। उल्लेखनीय रहे कि इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के महापौर और सभापति के वार्ड तक में कांग्रेस पीछे रही।

# छातामुड़ा चौक बड़ी दुर्घटना को दे रहा निमंत्रण : गोपाल बापोड़िया

- आए दिन हो रही छोटी-मोटी घटनाएं

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहर के बाहरी रास्तों का हाल किसी से छिपा नहीं है। बदहाल यातायात व्यवस्था के कारण हर दिन लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे खराब स्थिति छातामुड़ा चैक की है। यहां भारी वाहनों को आवाजाही होती है और इसके कारण बड़ी दुर्घटनाओं का डर बना रहता है। आम आदमी पार्टी के नेता गोपाल बापोड़िया का कहना है कि व्यस्ततम छातामुड़ा चैक में नो एंट्री खुलते ही भारी वाहन की आवाजाही चारों तरफ से होने लगती है। जिससे किसी होने वाली बड़ी दुर्घटना को इंकार नहीं किया जा सकता। उनका कहना है कि आए दिन छोटी मोटी दुर्घटनाएं यहां देखी जा सकती है। सिग्नल लगे होने के बावजूद उसे चालू नहीं किया गया है। ऐसे में एक साथ चारों ओर वाहन गुजरते हैं। इससे अव्यवस्था तो फैलती है साथ ही बड़ी घटना का डर लगा रहता है। उनका यह भी कहना है कि छातामुड़ा चौक में चैराहे का निर्माण नहीं है ऐसे में कोई भी किसी भी ओर से यहां से गुजरता है और ऐसी स्थिति के बाद भी न तो यहां यातायात के जवान होते हैं और न ही अन्य किसी तरीके से अव्यवस्था को सुधारा जा रहा है।

### आगामी मंगलवार से शुरू होगी साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

**सक्ति ।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के आदेशानुसार आगामी सप्ताह के मंगलवार (12 दिसंबर 2023) से जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक और कलेक्टर जनदर्शन कार्य म आयोजित की जायेगी। साप्ताहिक समय सीमा की बैठक का समय सुबह 10:30 बजे और जनदर्शन कार्यक्रम का समय दोपहर 01 बजे निर्धारित किया गया है।

# सीएम की रेस से दूर नालंदा परिसर के छात्रों के मध्य पहुंचे ओपी चौधरी

- पांच सौ युवाओं का किया मार्गदर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



सोशल मीडिया मे ओपी द्वारा नालंदा परिसर में छात्रों से मुलाकात का विडियो पोस्ट किए जाने के बाद मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी इन सियासी चर्चाओं से दूर रहते हुए युवाओं के बीच पहुंचे। विशेष रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को मोटिवेट करना ओपी का सबसे पसंदीदा काम है। चुनावी व्यस्तता के कारण लंबे समय से ओपी युवाओं के बीच नहीं जा पाए थे, ऐसे में कल जैसे ही उन्हें समय मिला वे युवाओं के बीच पहुंच गए। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे करीब 500 युवाओं का मार्गदर्शन करने का साथ ही उन्होंने अपना अनुभव भी साझा किया। ओपी ने सोशल मीडिया में यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि आज कुछ वक्त निकालकर युवा भाई-बहनों के साथ उनके बेहतर भविष्य के लिये मार्गदर्शन किया। यह बताना लाजमी होगा कि ओपी इस बार रायगढ़ विधानसभा सीट से रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीते हैं। युवाओं को मोटिवेट करने के बाद ओपी रात में नालंदा परिसर पहुंचे। वहां भी विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से मुलाकात करते हुए चर्चा की। रायपुर का नालंदा परिसर ओपी के ही परिकल्पना की देन है। रायपुर कलेक्टर रहते उन्होंने सबसे बड़ी लाइब्रेरी नालंदा परिसर का निर्माण कराया था। नालंद परिसर प्रदेश भर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे यूवाओ के लिए बड़ा स्टडी सेंटर है। प्रतियोगी सहित अन्य परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए वहां काफी स्टडी मैटेरियल उपलब्ध है। पीएससी में चयनित 60 प्रतिशत से ज्यादा युवा नालंदा परिसर से जुड़े रहे हैं।

# यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आज दिनांक 8 दिसम्बर को महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय किरंदुल में किया गया। संस्था प्रमुख उमा ठाकुर कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी रत्ना वर्मा एनसीसी अधिकारी कुमारी सुनीता मरकाम एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में किया गया मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास संरक्षण अधिकारी मनीषा ठाकुर विशिष्ट अतिथि मीना मांडवी सरपंच कोडेनार न. 1,रेखा सिंह सखी वन्य स्टाफ सेंटर एवं उषा मालवीय प्रशासनिक परियोजना अधिकारी के द्वारा सभी स्वयंसेवकों को जॉन उत्पीड़न संबंधी जानकारी एवं रोकथाम के उपाय बताए गए साथ ही गुड टच बैड टच एवम प्रशासनिक परियोजना अधिकारी उषा मालवीय के द्वारा एनसीसी के छात्राओं को मिलेट्स ईयर के तहत हेल्दी लिविंग एवं हेल्दी ईटिंग की जानकारी दी गई।

### अरूण साहू का निधन



कुम्हारी। शिव नगर निवासी अरूण साहू पिता स्वर्गीय डॉ. एम.आर. साहू, उम्र 57 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत अरूण साहू अपने पीछे पत्नी भगवती साहू, दो सुपुत्र व दो सुपुत्री छोड़ गए। कुम्हारी में खारुन नदी के तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## धान खरीदी केन्द्रों में धान को सुरक्षित रखने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने किया धान उपार्जन केन्द्रों का जायजा







पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी आज धमतरी के संबलपुर और कुरूद विकासखंड के भाठागांव धान खरीदी केंद्रों का जायजा लिया। इस अवसर पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से जिले के धान उपार्जन केंद्रों में की जा रही अब तक कुल धान खरीदी एवं उठाव, धान के सुरक्षित रख रखाव, बारदाने की उपलब्धता, किसानों का पंजीयन आदि के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी शासन की प्राथमिकता का कार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। उन्होने उपार्जन केन्द्रों में खरीदी पश्चात रखे गए शेष धान को बेमौसम बारिश से सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में कैप कव्हर और पानी के निकासी हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस मौके पर अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, जिला खाद्य अधिकारी बसंत कोर्राम, जिला विपणन अधिकारी एस.मिश्रा के अलावा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि जिले के 1 लाख 24 हजार 406 किसानों में से अब तक 41 हजार 160 किसानों से 15 लाख 42 हजार 358 क्विंटल धान बेचा है, जिसकी राशि 337 करोड़ 88 लाख 14 हजार 340 रूपये हैं।

# टैक्स जमा करने सोमवार से शिविर




**रिसाली।** नगर पालिक निगम टैक्स वसूली करने वार्डो में शिविर लगाई जाएगी। शिविर सोमवार से अलग-अलग वार्डो में लगेगा। नागरिक आवासीय, व्यावसायिक, अन्य भवनों का संपत्तीकर यूजर चार्ज, जलकर, भू भाटक मौके पर जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते है। निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने शिविर की जिम्मेदारी अलग-अलग अधिकारियों को दी है। सोमवार 11 दिसंबर को शिविर मैत्रीबाघ रोड, 12 से 14 दिसंबर को टंकी मरोदा, 19 से 21 दिसंबर को स्टेशन मरोदा, 26 व 27 दिसंबर को पुरैना व डुंडेरा में 2 से 4 जनवरी को रूआबांधा बस्ती, 9 व 10 जनवरी को रिसाली बस्ती और 16-17 जनवरी को नेवई बस्ती खदान पास में शिविर लगाई जाएगी।

# संकट में 'इंडिया' कांग्रेस रक्षात्मक

**विपक्षी गठबंधन 'इंडिया'** संकट में है क्योंकि कुछ क्षत्रप अपने वर्चस्व की मांग कर रहे हैं और कांग्रेस रक्षात्मक है। लगता है कि कांग्रेस की विश्वसनीयता व उसके प्रति सद्भावना में गिरावट आ रही है। हालिया विधानसभा चुनावों में तीन राज्यों में हार के बाद 'इंडिया' में उसके साझीदार उतनी सज्जनता तक नहीं दिखा रहे हैं जिसकी कांग्रेस आदी हो गई है। राज्य चुनावों में व्यस्तता के कारण अपनी सहयोगी पार्टियों से ज्यादातर संबंध तोड़ने के बावजूद वह दयनीय रूप से विफल हुई। चुनावों के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिार्जुन खड़गे ने 6 दिसंबर को 'इंडिया' गठबंधन की एक बैठक बुलाई, पर गठबंधन के प्रमुख साझीदारों ने अचानक निमंत्रण मिलने पर अनेक बहाने बनाये और अपनी अनुपलब्धता बता दी। इससे मजबूर होकर कांग्रेस को बैठक टालनी पड़ी। प्रमुख व्यक्तियों की अनुपस्थिति ने गठबंधन में बढ़ता असंतोष रेखांकित किया है। इनमें टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी, जदयू के नीतीश कुमार, सपा के अखिलेश यादव तथा द्रमुक के एम.के. स्टालिन शामिल हैं। बताया गया कि ममता बनर्जी के अन्य कार्यक्रम थे, नीतीश कुमार को वाइरल बुखार था और स्टालिन समुद्री तूफान माचुंग के बाद राहत प्रयासों में व्यस्त थे। इन लोगों की अप्रत्याशित अनुपस्थिति ने कांग्रेस को विचित्र स्थिति में डाल दिया। संवाद और समन्वय की कमी से स्पष्ट होता है कि कांग्रेस गठबंधन का ठीक से प्रबंधन नहीं कर पा रही है। असंतोष को देखते हुए कांग्रेस ने बैठक का स्तर गिरा कर केवल सदन में नेताओं तक कर दिया तथा पार्टी प्रमुखों की बैठक दिसंबर के तीसरे सप्ताह तक टाल दी। इस कदम का उद्देश्य गठबंधन नेताओं की व्यवस्तता को देखते हुए बेहतर सहभागिता सुनिश्चित करना था, हालांकि शुरुआत से ही इसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए थी। लेकिन बैठक टालने से संकेत मिलता है कि कांग्रेस को गठबंधन प्रबंधन तथा परस्पर संवाद का पुनः मूल्यांकन करना चाहिए।

यह कांग्रेस के लिए कठिन समय है। पार्टी की पराजय का 'इंडिया' गठबंधन पर भी निराशाजनक प्रभाव पड़ना निश्चित है। गठबंधन की चुनावों पर गहरी नजर थी और वह उत्तर भारत में परिस्थितियों में आमूल परिवर्तन की उम्मीद कर रहा था। इस घटनाक्रम ने यह संकेत भी दिया है कि भले ही राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' ने अच्छा असर डाला था, पर वह वोटों में नहीं बदल सका है। वास्तव में गठबंधन में दरारें चुनावों के पहले ही दिखने लगी थीं। गठबंधन में शामिल अनेक पार्टियों ने विधानसभा चुनावों के नाम पर सीट-साझा जैसी गठबंधन गतिविधियों में कांग्रेस द्वारा बाधा डालने पर अप्रसन्नता प्रकट की थी। इनमें टीएमसी, आप, सपा और जदयू शामिल हैं। इस विलम्ब के कारण गठबंधन की एकजुटता व उसकी प्रभावशीलता पर सवाल उठने लगे थे। कुछ गठबंधन सहयोगियों का मानना था कि पिछली बैठकों से बनी राजनीतिक गतिशीलता समाप्त हो गई थी। कांग्रेस को वर्तमान मतभेदों तथा विधानसभा चुनावों में ईवीएम छेड़छाड़ संबंधी विवाद जैसे मुद्दों को संबोधित करते हुए गठबंधन का स्थायित्व व उसकी प्रभावशीलता बहाल करने के प्रयास करने चाहिए ताकि राजनीतिक संघर्ष को आगे बढ़ाया जा सके। 'इंडिया' नेताओं की पुनः निर्धारित बैठक कांग्रेस को एक अवसर देती है कि वह एकजुटता स्थापित कर गठबंधन सहयोगियों से संवाद स्थापित करे तथा गठबंधन की एकता व लक्ष्य मजबूत करे। यह विपक्षी समूह 'इंडिया' की यह सिद्ध करने के लिए कठोर परीक्षा होगी कि उसमें एकसाथ बने रहने की क्षमता है या नहीं।

# भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

## भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की गति धीमी होना चिन्ता का विषय है। इसका कारण यह है कि बहुराष्ट्रीय निगम अन्य प्रतिस्पर्धियों को ज्यादा आकर्षक समझ रहे हैं।



**ए.एस. मित्तल**
(लेखक, उद्योग संगठन से संबद्ध हैं)



इस वर्ष की दूसरी तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही जो आर्थिक वृद्धि का सकारात्मक संकेत है। लेकिन प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई में तेजी से गिरावट चिन्ता का विषय है। यह खासकर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत को हाल ही में चीन का वैकल्पिक निवेश लक्ष्य माना जा रहा था। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष-आईएमएफ और विश्व बैंक द्वारा भारत की वृद्धि के सकारात्मक अनुमानों के बावजूद ऐस होना खास चिन्ता का विषय है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार प्रोत्साहन विभाग-डीपीआईआईटी की हालिया रिपोर्ट के अनुसार एफडीआई प्रवाह में भारी कमी आई है। एफडीआई प्रवाह में कमी से स्थिति और खराब हुई है क्योंकि अप्रैल-सितंबर, 2023 में इसमें 24 प्रतिशत की और कमी आई है। वर्तमान एफडीआई प्रवाह 20.48 बिलियन डालर है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 26.91 बिलियन डालर था। यहां तक कि 2022-23 में सकल एफडीआई प्रवाह में 16 प्रतिशत कमी आई थी, जो 2021-22 में 84.8 बिलियन डालर से घट कर 71.3 बिलियन डालर रह गया था।

एफडीआई में सबसे तेज गिरावट महत्वपूर्ण क्षेत्रों, जैसे कंप्यूटर साफ्टवेयर व हार्डवेयर, आटोमोबाइल, ढांचागत निर्माण गतिविधियों तथा धातु खनन उद्योगों में आई है। उदाहरण के लिए, कप्यूटर साफ्टवेयर व हार्डवेयर में 2021-22 में एफडीआई 14.4 बिलियन डालर से घट कर 2022-23 में 9.3 बिलियन डालर रह गया, आटोमोबाइल उद्योग में यह 6.9 बिलियन डालर से घट कर 1.9 बिलियन डालर, ढांचागत निर्माण गतिविधियों में 3.2 बिलियन डालर से घट कर 1.7 बिलियन डालर तथा धातु खनन उद्योगों में 2.2 बिलियन डालर से घट कर 2.19 बिलियन डालर रह गया।

भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई कम होना चिन्ता का कारण इसलिए है कि बहुराष्ट्रीय निगम-एमएनसी वियतनाम, इंडोनेशिया व अन्य प्रतियोगियों को ज्यादा आकर्षक मान रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि एमएनसी की 'चाइना प्लस वन' रणनीति भारत के लिए कारगर नहीं है। इस वर्ष जनवरी-सितंबर में वियतनाम में एफडीआई प्रवाह पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में लगभग 8 प्रतिशत बढ़ कर 18 बिलियन डालर पहुंच गया। इंडोनेशिया में एफडीआई प्रवाह इस वर्ष जनवरी-सितंबर में 10 बिलियन डालर रहा जो पिछले साल इसी अवधि के समान है। देशों में पूंजी प्रवाह को प्रभावित करने वाले कारणों में वैश्विक व घरेलू मैक्रोइकोनामिक परिवेश, घरेलू नीतियां व नियामक परिवेश तथा राजनीतिक स्थिरता हैं। चूंकि भारत को 'चाइना प्लस वन' रणनीति से भारी लाभ होने की आशा थी, इसिलए नीति निर्माताओं को इन एफडीआई प्रवृत्तियों पर खास तौर से ध्यान देना चाहिए। सभी जानते हैं कि एफडीआई प्रवाह उन देशों में ज्यादा होता है जहां व्यापक व गहन व्यापार समझौते होते हैं। मुक्त व्यापार समझौतों-एफटीए के माध्यम से कम टैरिफ व अन्य लाभ विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करते हैं। इसलिए भारत में एफडीआई में कमी इनका परिणाम हो सकता है। इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए देश की संभावनाओं का व्यापक आंकलन जरूरी है। भारत स्वाभाविक रूप से उन कंपनियों का विकल्प है जो चीन के साथ ही विविधता को बढ़ावा देना चाहती हैं। यदि भारत सरकार की पीएलआई योजना शक्तिशाली होती और यह चीन प्लस वन का 'वन' होती तथा यदि भारत के विकास परिवेश का ठोस आधार होता तो भारत में एमएनसी निवेशकों की लंबी कतार होती। अनिश्चित बिजनेस परिवेश या असमान स्थितियों या नियमों में मनमाने परिवर्तनों की आशंका से संभावित निवेशक भारत में निवेश करने से कतरा सकते हैं।

अधिक राज्यों को एफडीआई के दायरे में लाया जाना चाहिए। एफडीआई की संभावनाओं को भारतीय राज्यों को समझाने की जरूरत है। अपनी स्थिति व उपयुक्त बिजनेस परिवेश के कारण एफडीआई भारत के कुछ ही राज्यों में आता है। महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात ने देश में कुल एफडीआई का 69 प्रतिशत आकर्षित किया है जिसमें महाराष्ट्र सबसे ऊपर है। लेकिन यह निराशाजनक है कि पंजाब एफडीआई आकर्षित करने में 12वें स्थान पर है। यहां पिछले चार साल में केवल 7,693 करोड़ रुपये एफडीआई आया है जो 2019 अक्टूबर से सितंबर 2023 के बीच आए कुल 15.08 लाख करोड़ रुपये का केवल 0.49 प्रतिशत है। इसके उलट पड़ोसी हरियाणा राज्य ज्यादा सफल रहा है। वहां इसी कालखंड में 67,502 करोड़ रुपये एफडीआई निवेश आया है जो कुल का 4.17 प्रतिशत है। पंजाब की कई सरकारों ने निवेशकों व खासकर विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के प्रयास किए हैं, पर उनको अनेक बड़ी बाधाओं का सामना करना पड़ा। इनमें भौगोलिक स्थिति का नुकसान, खराब कनेक्टिविटी तथा बार-बार होने वाले विरोध प्रदर्शन शामिल हैं। पंजाब के वर्तमान उद्योगों को भी शिकायत है कि उपरोक्त मुद्दों के कारण उनकी कार्रवाइयों व आवागमन में बाधायें आती हैं। इस संबंध में हरियाणा काफी आगे है क्योंकि वह दिल्ली एनसीआर के निकट है तथा वहां कनेक्टिविटी बहुत अच्छी है।

समय आ गया है कि एफडीआई आकर्षित करने के लिए पंजाब अपनी स्थिति मजबूत करे। 2020-21 में यह नवें स्थान पर था और इसने 4,719.45 करोड़ का एफडीआई निवेश आकर्षित किया था जो मुख्यतः खाद्य प्रसंस्करण, आटो पुर्जों, इंजीनियरिंग वस्तुओं व टेक्सटाइल में था। इसके बाद से पंजाब में घटता एफडीआई चिन्ता का विषय है। इसलिए राज्य को बिजनेसों व निवेशकों के लिए ज्यादा बेहतर परिवेश तैयार करने के साथ विभिन्न क्षेत्रों में संभावनाओं को बढ़ावा देना चाहिए। इससे ज्यादा एफडीआई आकर्षित होगा तथा अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौतों पर वार्ता व उन पर हस्ताक्षर करने के बावजूद भारत यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौता करने या रीजनल कांप्रीहेंसिव इकोनोमिक पार्टनरशिप-आरसीईपी देशों का हिस्सा बनने से विफल रहा है जिसमें चीन, इंडोनेशिया, जापान और दक्षिण कोरिया शामिल हैं। आशियान के 10 सदस्य देशों के बीच व्यापार समझौते ने इन देशों के बीच आर्थिक समन्वय बढ़ाया है जिससे वे विनिर्माण सप्लाई श्रृखंलाओं में महत्वपूर्ण स्थान पर हैं।

इन देशों में आस्ट्रेलिया, चीन, जापान, न्यूजीलैंड व दक्षिण कोरिया शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप भारत इन समझौतों से बाहर है और इन क्षेत्रों से गुजरने वाली सप्लाई श्रृंखलायें हमारी विनिर्माण परिस्थितिकी के लिए नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। वर्तमान परिस्थितियों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई को भारत की अर्थव्यवस्था में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश-एफपीआई की तुलना में ज्यादा महत्व दिया जाना चाहिए। भारत को ढांचागत सुधार करने, भ्रष्टाचार दूर करने तथा नौकरशाही व लाल फीताशाही घटाने के लिए ज्यादा तेज व प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। इससे उसकी स्थिति मजबूत होगी और वह एफडीआई आकर्षित करने के लिए महत्वपूर्ण निवेश स्थल बन सकेगा।

भारत ने अपनी एफडीआई नीति में एक नकारात्मक सूची दृष्टिकोण अपनाया है। इसमें केवल वे क्षेत्र और गतिविधियां ही शामिल हैं जहां विदेशी निवेश नियंत्रित है। इस दस्तावेज में शामिल क्षेत्रों में ही स्वचालित विधि से 100 प्रतिशत एफडीआई आमंत्रित किया जा सकता है। निवेशकों के लिए उदार व आकर्षक नीति के साथ ही उपयुक्त बिजनेस परिवेश तथा छोटे नियामक ढांचे से ज्यादा एफडीआई प्रवाह सुनिश्चित हो सकता है। लेकिन केवल इतना ही काफी नहीं है। भारत को इसके साथ ही ऐसी मजबूत व्यापार नीति की जरूरत है जो निर्यात को प्रोत्साहित करे, समावेशी विकास को बढ़ावा दे तथा विनिर्माण क्षेत्र में आरएंडडी को प्रोत्साहन देकर पूरी परिस्थितिकी को वैश्विक रूप से प्रतियोगी बनाए। ऐसा करने पर ही भारत बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई आकर्षित कर सकता है।

# इस्पात उद्योग में कृत्रिम बुद्धि की भूमिका

> "एआई के अनुकूलन का संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में इस्पात विनिर्माण पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है।"

**आलोक सहाय**
(लेखक, भारतीय इस्पात संघ के महासचिव हैं)



प्रौद्योगिकी निरंतर विकसित हो रही है। हालांकि जीवन के सभी क्षेत्रों में तीव्र तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल बिठाना कठिन हो जाता है, लेकिन उन्हें छूट देना भी उतना ही कठिन है क्योंकि ये अत्यधिक मूल्य-वृद्धि करने वाले होते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक ऐसी तकनीक है। सामान्य तौर पर विनिर्माण क्षेत्र और विशेष रूप से इस्पात क्षेत्र उत्पादकता, स्वास्थ्य और सुरक्षा में सुधार, परिचालन लागत को कम करने और अनगिनत अन्य परिचालन और कार्यात्मक लाभ प्राप्त करने के लिए एआई को अपने दैनिक कार्यों में एकीकृत कर रहे हैं। जो ऐसा नहीं करेंगे उनका अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा।

विकासशील देश या ग्लोबल साउथ में, टिकाऊ विकास सुनिश्चित करने के लिए स्टील की सस्ती उपलब्धता एक पूर्व कड़ी है। चूंकि निकट भविष्य में स्टील बनाने के लिए कच्चा माल किफायती होने की संभावना नहीं है, इसलिए आधुनिक विघटनकारी प्रौद्योगिकियों और प्रक्रियाओं को अपनाना ही एकमात्र रास्ता है। अनुमान बताते हैं कि इस्पात निर्माण की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में एआई का उचित अनुकूलन 60 और 100 प्रति टन के बीच बचा सकता है। इसके अलावा, लखनऊ में हाल ही में संपन्न आईएसए स्टील इंफ्राबिल्ड शिखर सम्मेलन से एक महत्वपूर्ण बात यह निकली कि आर्किटेक्चर में एआई का उपयोग इंजीनियरों और वास्तुकारों को स्टील संरचनाओं को अधिक कुशलता से डिजाइन, योजना और निर्माण करने में सक्षम करेगा, जिसके परिणामस्वरूप उचित अर्थशास्त्र और और अचल संपत्ति बुनियादी ढांचे में बचत होगी। इस्पात क्षेत्र में, एआई को अनुसंधान एवं विकास और नवाचार से लेकर खरीद, विनिर्माण और बैक-ऑफिस प्रक्रिया डिजिटलीकरण से लेकर आपूर्ति-श्रृंखला इन्वेंट्री, विपणन और अन्य चीजों में अपनाया जा सकता है। इन सभी से तीन वर्षों में 60 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को भी 5-10 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।

रखरखाव, हमेशा की तरह, एक कठिन कार्य है। प्रत्येक विनिर्माण इकाई की रखरखाव योजना उसकी विशिष्टताओं के अनुरूप होती है। एआई का उचित कार्यान्वयन और उपयोग रखरखाव के सटीक समय की भविष्यवाणी करने में मदद कर सकता है, जिससे शटडाउन समय कम हो सकता है, रखरखाव लागत में कटौती हो सकती है और मशीनरी का जीवनकाल बढ़ सकता है। भारतीय इस्पात उद्योग एआई को सबसे पहले अपनाने वाला देश रहा है।

एआई के अनुकूलन का संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में इस्पात विनिर्माण पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है। कोक ओवन प्लांट, सिंटर प्लांट, ब्लास्ट फर्नेस, निरंतर ढलाईकार और रोलिंग सहित अन्य में, एआई के कार्यान्वयन से 1-2त्न उपज में सुधार से लेकर गुणवत्ता हानि में 50-80त्न की कमी तक कई लाभ होते हैं। ऊर्जा खपत में भी लगभग 10त्न का सुधार हुआ। स्वायत्त या अर्ध-स्वायत्त डेटा या सामग्री परीक्षण भी भविष्यवाणियों और अनुशंसाओं को आसान बनाता है। बिक्री और उत्पादन डेटा के एकीकरण से राजस्व प्रबंधन और ग्राहक संतुष्टि में सुधार होता है। सटीक डेटा के साथ, बाजार डेटा और मूल्य में उतार-चढ़ाव की भविष्यवाणी करने की एआई की क्षमता निर्माताओं को उत्पादन समायोजित करने, इन्वेंट्री प्रबंधित करने और बदलती बाजार स्थितियों पर तेजी से प्रतिक्रिया करने में मदद करती है। सुरक्षा बढ़ाना भी एक अन्य आवश्यक पहलू है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि दुनिया भर के स्टील निर्माता व्यावसायिक आवश्यकताओं की तेजी से आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एआई को अपना रहे हैं। यह बुद्धिमान विनिर्माण का युग है। स्टील-उत्पादक स्मार्ट फैक्ट्री होने की बात तो दूर, बुद्धिमान विनिर्माण में यह सब शामिल है - एक एकीकृत बुद्धिमान आपूर्ति श्रृंखला के माध्यम से उत्पादन से लेकर कच्चे माल की सोर्सिंग और उत्पादों के विपणन तक।

इस्पात की खपत एक अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य को प्रतिबिंबित करती है। एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल होने की आकांक्षा रखते हुए, भारत को वैश्विक इस्पात खपत औसत के बराबर पहुंचने के लिए मीलों चलना होगा। भवन, निर्माण और बुनियादी ढांचा क्षेत्र भारत में सभी इस्पात का लगभग 70 प्रतिशत उपभोग करता है। इस्पात क्षेत्र की वृद्धि काफी हद तक बुनियादी ढांचा क्षेत्र से निकलने वाली मांग पर निर्भर करेगी। जबकि एआई अनुकूलन से इस्पात क्षेत्र को लाभ होगा, बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में एआई को लागू करने से क्षेत्र की विशिष्ट जरूरतों का आकलन करने में मदद मिलेगी - जैसे कि लागत प्रभावी उच्च शक्ति वाले इस्पात संरचना-आधारित डिजाइनों की पहचान करना और दर्जी-निर्मित उत्पादों की पेशकश करना।

इस्पात और बुनियादी ढांचा क्षेत्र दोनों में अनुकूलन एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। प्रयोग की मानसिकता और सकारात्मक बदलाव लाने के दृढ़ संकल्प की आवश्यकता है। एआई के साथ, अंतिम लक्ष्य समय के साथ प्रदर्शन में सुधार करने के लिए सॉफ्टवेयर और प्रक्रियाओं से जुड़ी एक स्वचालित और गैर-पर्यवेक्षित प्रक्रिया को लागू करना है। हालाँकि, मानव पूंजी का कोई विकल्प नहीं है, और एक बार एआई के साथ एकीकृत होने के बाद, यदि इसका उपयोग मानव जाति और ग्रह पृथ्वी के लाभ के लिए किया जाता है तो यह चमत्कार करेगा। यह आशंका निराधार है कि एआई नौकरियों को विस्थापित कर देगा। हालांकि, नौकरी की गतिशीलता बदल जाएगी, जिसके लिए डिजिटल कौशल वाले जनशक्ति की आवश्यकता होगी। यह मौजूदा कर्मचारियों के कौशल को बढ़ाने की भी गारंटी देता है। एआई को लागू करने के लिए चरण-दर-चरण दृष्टिकोण सबसे अच्छा है। पहली सीख से निम्नलिखित पंक्ति पर निर्माण करने से सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। देश में विभिन्न इस्पात विनिर्माण इकाइयों में सैकड़ों एआई मॉडल उपयोग में हैं। आने वाले दिनों में परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी का उपयोग और बढ़ेगा। हमें परिवर्तनों के अनुरूप ढलने के लिए तैयार रहना होगा।

## आप की बात



आप की बात

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

### चुनाव नतीजों के संकेत

**विधानसभा चुनाव** परिणामों से स्पष्ट संकेत है कि देश में केवल दो पार्टी-भाजपा व कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर चुनावी लड़ाई में दिखाई पड़ती हैं। उत्तर भारत की राजनीति में क्षेत्रीय पार्टियों का वजूद घट रहा है। राष्ट्रीय दर्जा प्राप्त बसपा का भी ग्राफकाफी नीचे गिरा है। इसी तरह सपा, रालोद, जजपा, आजाद समाज पार्टी, कांग्रेस जनता छत्तीसगढ़, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, आदि का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। राजस्थान में बसपा केवल 2 सीटें जीत पाई, जबकि पिछली बार उसे 6 सीटें मिली थीं। 2018 के विधानसभा चुनाव में बसपा को राजस्थान में 6, मध्य प्रदेश में 2 और छत्तीसगढ़ में 2 सीटें मिली थीं। बसपा सुप्रीमो बहन मायावती ने इन चुनाव परिणामों को आश्चर्यजनक व रहस्यमय बताया है। ऐसा विश्लेषण किसी भी क्षेत्रीय या राष्ट्रीय पार्टी के लिए ठीक नहीं है। गैर-भाजपा दलों को अपना आत्मावलोकन कर देखना चाहिए कि आखिरकार मतदाता उनको छोड़ कर भाजपा की ओर क्यों आकर्षित हो रहे हैं। खासकर बसपा को उत्तर प्रदेश में अपने सर्वजन प्रयोग के भयावह परिणामों का विश्लेषण करना चाहिए था, पर इसकी कोई संभावना नजर नहीं आती है। ऐसे में भाजपा और मोदी की लोकप्रियता बढ़ना तय है।

**-वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### पन्नू की धमकी

**गुरु पतवंत सिंह पन्नू** द्वारा 13 दिसंबर को भारतीय सदन संसद पर हमला करने की धमकी बहुत ही गंभीर है। भारत सरकार ने इस धमकी को देखते हुए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं। हालांकि उसकी यह धमकी गीदड़ भभकी ही अधिक लगती है। हाल ही में अमेरिका की पुलिस ने पन्नू की हत्या के लिए एक भारतीय अधिकारी पर सुपारी देने का आरोप लगाया था। अमेरिका ने भारत को इसके बारे में कुछ सबूत दिए हैं, भारत उनकी जांच कर रहा है तथा अमेरिकी विदेश मंत्री ने इस पर संतोष जताया है। ऐसे में पन्नू के इस आतंकवादी बयान के खिलाफ अमेरिका को फौरन कार्रवाई कर उसे तत्काल गिरफ्तार करना चाहिए। यह निश्चित रूप से अमेरिका के मित्र भारत के खिलाफ शत्रुतापूर्ण कार्रवाई है जिससे दोनों देशों के संबंध प्रभावित हो सकते हैं। भारत सरकार को भी भारतीय अदालत में धमकी वाले वीडियो का सबूत पेश कर उसके खिलाफगिरफ्तारी वारंट जारी करवाने के साथ-साथ इंटरपोल को सूचित करना चाहिए। भारत सरकार को अमेरिका के साथ उच्च राजनयिक स्तर पर भी यह मामला उठाना चाहिए।

**-सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### आनलाइन ठगी

**केंद्र सरकार** ने संगठित अवैध निवेश व अंशकालिक नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली सौ से अधिक वेबसाइटों को बंद करने का निर्णय लिया है। सरकार का यह बहुत सराहनीय प्रयास है। आजकल साइबर धोखाधड़ी के मामले बहुत बढ़ रहे हैं। अनेक युवा अंशकालिक नौकरी पाने के लिए तरह-तरह की वेबसाइटों में आमदनी का साधन ढूंढ रहे हैं। बहुत से अन्य लोग भी अतिरिक्त आमदनी के लिए इस तरफजा रहे हैं। ऑनलाइन ठग इनसे पैसे वसूल कर नौकरी का झांसा देते हैं और उन्हें अपने जाल में फंसा लेते हैं। ऐसे विज्ञापनों की भरमार रही है जिनमें घर बैठे जॉब, घर बैठे कमाई कैसे करें जैसे शब्दों का इस्तेमाल होता है। उसके बाद वीडियो लाइक, सब्सक्राइब, मैप रेटिंग जैसे काम कराए जाते हैं जिसके लिए कमीशन मिलता है और फिर बाद में उनसे पैसे मांग कर ठगी की जाती है। आशंका है कि इन वेबसाइटों का संचालन विदेश में बैठे लोग कर रहे हैं और इससे कमाया पैसा देश-विरोधी व आतंकी फंडिंग का भी स्रोत हो सकता है। हमें इस बारे में जन-जागरूकता भी फैलानी चाहिए ताकि इस खतरनाक प्रवृत्ति पर रोक लगाई जा सके।

**-सुदर्शन सोराड़ी,** नानकमत्ता

# औचक निरीक्षण करने कलेक्ट्रेट पहुंचे नवनिर्वाचित विधायक दीपेश साहू , कलेक्टर सहित नहीं मिले कई अधिकारी

## विधायक ने कहा- लोगों की समस्याओं को लेकर आया था यहां



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक दीपेश साहू निर्वाचित होने के बाद तत्काल एक्शन पर आ गए और औचक दोपहर को कलेक्ट्रेट पहुंचे किंतु वहां का नजारा देखकर विधायक आश्चर्यचकित हो गए यहां पर कलेक्टर सहित कई अधिकारी नहीं मिले इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचित विधायक दीपेश साहू ने कहा कि जो अधिकारी नहीं है उनके खिलाफ कारण बताओं नोटिस जारी कर अन्य कार्यवाही भी किया जाएगा। शुक्रवार को नवनिर्वाचित विधायक भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सहित भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे किंतु वहां पर कलेक्टर नहीं मिले इसी बीच अपर कलेक्टर अनिल बाजपेई को जानकारी मिलने पर तत्काल नवनिर्वाचित विधायक दीपेश साहू से मिले जिनसे दृष्टि सभा कक्ष को खुलवाने के लिए कहा गया सभा कक्ष खुलने उपरांत वहां पर सभी लोग बैठे और वहां पर अपर कलेक्टर से विधायक साहु ने अपर कलेक्टर अनिल बाजपेई से कलेक्टर के बारे में जानकारी लिया गया तो बताया गया कि कलेक्टर द्वारा कमिश्नर से अनुमति लेकर अवकाश पर है उनसे कहा गया कि किसी को चार्ज दिया गया है तो बताया गया की एक दिन की छुट्टी के लिए किसी को चार्ज नहीं दिया जाता इसके बाद अधिकारियों की उपस्थिति पंजी को मगाया गया इसके साथ ही कलेक्ट्रेट में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारियों को सभा कक्ष में उपस्थित होने के लिए कहा गया लेकिन आधे घंटे में केवल एक दो अधिकारी वहां उपस्थित हुए इसी बीच उपस्थिति पंजी रजिस्टर का भी अवलोकन किया गया जो अधिकारी नहीं थे उनके लिए उनके खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही गई इस संबंध अपर कलेक्टर अनिल बाजपेई ने पत्रकारों को बताया कि जो अधिकारी उपस्थित नहीं है उनके खिलाफ कारण बताओं नोटिस जारी किया जाएगा

### विधायक को नदारत मिले कई विभाग के अधिकारी

इसके बाद नवनिर्वाचित विधायक दीपेश साहू भाजपा के वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारी के सहित अन्य कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट के एक एक विभाग के कक्ष में गए शुरुआत उन्होंने जिला कोषालय से किया जहां पर जिला कोषालय अधिकारी राजेश तिवारी नहीं थे इसके बाद उन्होंने उद्यानिक विभाग गए जहां पर अधिकारी से चर्चा किया और जानकारी दिए उपरांत खाद्य विभाग गए जहां पर जिला खाद्य अधिकारी नीतीश त्रिवेदी नहीं मिले उसके स्टाफ के कर्मचारियों से चर्चा किया गया इसके बाद खनिज विभाग गए जहां पर पता चला कि जिला खनिज अधिकारी अर्चना ठाकुर भी वहां पर उपस्थित नहीं मिले इस संबंध में उपस्थित अन्य कर्मचारियों से बातचीत किया गया जहां पर पता चला गया कि बेमेतरा कलेक्टर से अनुमति लेकर मीटिंग अटेंड करने रायपुर गए हुए हैं इसके अतिरिक्त श्रम विभाग में गए जहां पर भी अधिकारी नहीं मिले यहां उपस्थित कर्मचारियों ने नवनिर्वाचित विधायक को बताया कि सब लंच पर गए हैं इस पर अधिकारी विधायक ने कहा कि यहां जो भी लोग आते हैं उनके शिकायत का निराकरण करना आपकी जिम्मेदारी है यहां के लोगों को भरोसा रहता है ग्रामीण विकास विभाग पर भी गए वहां भी अधिकारी उपस्थित नहीं थे जबकि मुख्यमंत्री ग्रामीण विकास योजना के अधिकारी कार्यपालन अभियंता संतोष कुमार साहू उपस्थित थे जिसे विधायक दीपेश साहू विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर जानकारी लिया गया लेकिन आबकारी विभाग में भी जिला आबकारी अधिकारी नितिन खडूजा उपस्थित नहीं थे।

### अनुपस्थित अधिकारी को जारी किया जाएगा कारण बताओ नोटिस

बाद में पत्रकारों से चर्चा करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में लगातार बीते दिनों हो रही बारिश तथा धान खरीदी सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिकारियों से चर्चा करने के लिए आए थे परंतु यहां भी कई अधिकारी नहीं मिले उन्होंने कहा कि इसके पहले उन्होंने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न समस्याओं के संदर्भ में अधिकारियों को मोबाइल से के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया किंतु या किसी अधिकारी का मोबाइल कवरेज बाहर बताया गया अथवा अधिकारी मोबाइल को ही उठाना उचित नहीं समझे यह बहुत अनुचित है ऐसा नहीं होना चाहिए । अधिकारी हैं उनका फर्ज बनता है फोन जिसका भी आए उनका मोबाइल में बात करना चाहिए। अधिकारी जब मोबाइल के माध्यम से बात नहीं हुई तो यहां कलेक्ट्रेट आए किंतु यहां पर कलेक्टर नहीं मिले इस संबंध में अपर कलेक्टर अनिल बाजपेई ने बताया कि कलेक्टर साहब अवकाश पर हैं इसके अलावा जब विभिन्न अधिकारियों विभागों के कक्ष में गए तो कई अधिकारी के बारे में लंच पर जाने के बाद कही गई तो कई अधिकारी बाहर बताया गया यहां अधिकारी से आम जनता अपनी परेशानी को दूर करने के लिए आते हैं किंतु यहां अधिकारी नहीं मिलेंगे तो आम जनता की परेशानी को कौन दूर करेगा। एक सवाल के जवाब में विधायक दीपेश साहू ने कहा कि जो अधिकारी कार्यालय समय पर उपस्थित नहीं थे उनके विरुद्ध कारण बताओ सहित अन्य कार्रवाई किया जाएगा यहां दो चार अधिकारी छोड़कर कई अधिकारी उपस्थित नहीं थे इस अवसर पर जिला भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा बेमेतरा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय सिंहा पूर्व उपाध्यक्ष विजय सुखवानी,संध्या परगनिहा नीतुकोठारी बेमेतरा भाजपा मंडल के अध्यक्ष मोंटी साहू हर्ष तिवारी राकेश मोहन शर्मा रोशन दत्ता लक्ष्मी साहू अन्य भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गाजे-बाजे के साथ विजय ने किया नवनिर्वाचित विधायक का स्वागत



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय के कार्यालय पर नवनिर्वाचित विधायक दीपेश साहू के पहुंचने पर बाजे-गाजे के साथ एवं जोरदार आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया इसके साथ ही वहां पर उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारी सहित महिलाओं ने विधायक का फूलमाला एवं गुलदस्ता के साथ स्वागत किया एवं शुभकामनाएं दी गई इस पर नवनिर्वाचित विधायक दीपेश साहू ने सबका आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर बेमेतरा भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा बेमेतरा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय सिंहा पूर्व उपाध्यक्ष विजय सुखवानी,पार्षद नीतू कोठारी बेमेतरा नगर भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू पूर्व पार्षद लक्ष्मी साहू हर्ष तिवारी रोशन दत्ता राकेश मोहन शर्मा राजेश शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**दल्लीराजहरा ।** मारथोमा चर्च अपने 60 वें वर्षगाँठ ( 1963-2023 ) के उपलक्ष में अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन करने जा रही है।जिसमे सामान्य प्रकार के रोगों का राजनांदगांव व डौंडी के डॉक्टरों के द्वारा निःशुल्क परामर्श/ परीक्षण व दवाओं का भी वितरण किया जाएगा। यह शिविर दिनांक 10 दिसम्बर समय दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक, मार्थोमा चर्च के प्रांगण, निर्मला स्कूल के सामने रखा गया है। अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें,सूमोद सैमुएल, रॉयल स्टूडियो, गुरुद्वारा के सामने, दल्ली राजहरा एवं संतोष जॉन, इमेजेस लैब, हनुमान मंदिर के सामने, बस स्टैंड चौक, दल्ली राजहरा।

# शिक्षण कार्य में लापरवाही बरतने वालों को कारण बताओ नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा अरविन्द कुमार मिश्रा द्वारा विकासखण्ड बेरला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आनंदगांव, खुडमुड़ी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खर्रा, शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कठिया रांका तथा विकासखण्ड नवागढ़ के शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय नांदघाट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आनंदगांव के निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक कक्षा अध्यापन के बजाय बोर्ड का काम करते पाए गए। विद्यालय के पाठकान के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि पाठकान में अर्ध दिवसीय आकस्मिक अवकाश की प्रविष्टि नहीं की जाती। पूर्व के तिथियों के अनेक अर्धदिवसीय आकस्मिक अवकाश के आवेदन पाठकान में दबे पाए गए जिनकी प्रविष्टि पाठकान में नहीं की गई थी। विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा जानकारी दी गई कि 02 बार नोटिश जारी किए जाने के बाद भी विरेन्द्र कुमार टण्डन व्याख्याता एल.बी. भौतिक द्वारा अध्यापन कार्य नहीं कराया जाता इस पर डी.ई.ओ. मिश्रा द्वारा टण्डन के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित किए जाने के निर्देश दिए गए। विद्यालय में प्रायोगिक कार्य पाठ्यक्रम अनुसार संख्या में नहीं कराया जाना पाया गया इसके लिए संबंधित प्राचार्य को कारण बताओ नोटिश जारी कर जवाब मांगा गया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुडमुड़ी के दिनेश मण्डावी व्याख्याता एल.बी. द्वारा शासकीय बालक उच्चरत माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा जाने की सूचना दी गई थी डी.ई.ओ. मिश्रा द्वारा बालक शाला बेमेतरा में संबंधित शिक्षक की उपस्थिति के संबंध में जानकारी लेने पर अनुपस्थित पाया गया। विद्यालय के मो. जावेद व्यायाम शिक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। प्रीति वर्मा व्याख्याता रसायन शास्त्र, ज्योति टिकरिहा व्याख्याता भौतिक एवं संगीता चन्द्रवंशी व्याख्याता जीवविज्ञान द्वारा अपेक्षित संख्या में प्रायोगिक कार्य नहीं कराया जाना पाया गया। इस संबंध में संबंधित शिक्षकों एवं प्राचार्य नरोत्तम लाल निषाद को कारण बताओ सूचना जारी कर जवाब मांगा गया है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक अरुण साहू एवं संजय देवांगन शिक्षक को अर्ध दिवसीय आकस्मिक अवकाश पाठकान में प्रविष्टि नहीं किए जाने के संबंध में कारण बताओ नोटिश जारी किया गया है। डी.ई.ओ. के द्वारा शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कठियारांका एवं नांटघाट का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक उपस्थित पाए गए। इस दौरान उन्होंने सभी कक्षाओं में पाठ्यक्रम की पूर्णता सुनिश्चित करने तथा बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों की तैयारी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

# राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा सुख देव सिंह की हत्या के विरोध में प्रदर्शन और श्रद्धांजलि सभा की गई आयोजित

पायनियर संवाददाता ∢ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



राजपूत क्षत्रिय समाज कुम्हारी इकाई द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की राजस्थान में निर्मम हत्या को लेकर भारी रोष व्यक्त करते हुए समाज द्वारा कपड़ा मार्केट में बड़ी संख्या में एकत्रित होकर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भी किया गया । इस दौरान राजपूत समाज के सदस्यों ने बताया कि राजस्थान में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की निर्मम हत्या हत्या कर दी गई जिसके विरोध में समाज के सदस्य एकत्रित हुए जहां उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई । इस दौरान करणी सेना के सदस्यों के साथ हिंदू युवा मंच भी के कार्यकर्ता भी सम्मिलित हुए । इस दौरान अपराधियों को पकड़ने व कड़ी से कड़ी सजा देने के लिए दुर्ग कलेक्ट्रेट में ज्ञापन भी सौंपा गया । और चेतावनी भी दी गई की प्रशासन द्वारा उचित कार्यवाही नही होने पर करणी सेना द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा । श्रद्धांजलि सभा मे कुम्हारी राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना एवं बाबू वीर कुंवर सिंह क्षत्रिय समाज के सदस्य वीरू सिंह, राजेश सिंह, अशोक सिंह, विवेक सिंह, वीरेंद्र सिंह, करणी सेना प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण सिंह सूर्यवंशी, रुद्र सिंह, मिलन सिंह, अखिलेश सिंह सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे ।

# संविधान दिवस पर प्रश्नोत्तरीय रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नालसा द्वारा संचालित ''स्टेट प्लॉन ऑफएक्शन कलैंडर 2023'' अनुसार जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा बृजेंद्र कुमार शास्त्री के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के पैरालीगल वालिंटियर्स द्वारा गत दिवस 26 नवंबर 2023 को संविधान दिवस के परिपेक्ष मे शासकीय कन्या उ. मा. शाला साजा, शासकीय पूर्व माध्य. शाला परपोड़ी, शासकीय पूर्व माध्य. शाला तेंदुभाठा, शासकीय पूर्व मा. शाला, कंडरका विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित छात्र-छात्राओं को संविधान के मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य एवं संविधान के प्रस्तावना के बारे में बताते हुए छात्र जीवन में उपयोगी विभिन्न कानून के संबंध में जानकारी प्रदान की गई थी। तथा स्कूली छात्र-छात्राओं के मध्य संविधान प्रश्नोत्तरीय प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, गुलदस्ता प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा की सचिव/व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 जसविंदर कौर अजमानी मलिक एवं अंकिता मुदलियार, न्यायिक मजिस्ट्रेट, साजा द्वारा शासकीय उ. मा. शाला साजा के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कु, आरती राज, द्वितीय कु. गौरी साहू, तृतीय कु. भुनेश्वरी नेताम एवं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भावना साहू, द्वितीय निधि साहू, तृतीय उमेश्वरी साहू एवं शासकीय कन्या पूर्व मा. शाला परपोडी के छात्राओं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु सरिता ठाकुर, द्वितीय कु. रीति निषाद, तृतीय कु गीतांजली पटेल एवं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु डाली योगी, द्वितीय कु, गुनगुन केसरिया, तृतीय झांसी साहू एवं शासकीय पू. मा. शाला कंडरका छात्र-छात्राओं द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. चितेश्वरी साहू, द्वितीय कु. ओमेश्वरी, तृतीय चंद्रशेखर एवं गुलदस्ता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. विनिता, द्वितीय राधिका, तृतीय केसरी एवं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. कोमिका यादव, द्वितीय कुलीना तृतीय भूमिका निषाद एवं शासकीय पू. मा. शाला तेंदुभाठा के छात्र छात्राओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. लक्ष्मी, द्वितीय कु. ईशा, तृतीय स्थान रोशनी को प्रमाण पत्र वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। उक्त अवसर पर संबंधित शाला के प्राचार्य व अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# महाप्रज्ञा बुद्ध विहार समिति द्वारा डॉक्टर अंबेडकर की पुण्यतिथि पर अर्पित की गई श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

महाप्रज्ञा बुद्ध विहार समिति द्वारा डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई । सर्वप्रथम डॉ.अंबेडकर के सम्मान में ध्वज को अर्ध झुकाया गया। समाज के सचिव बिपिनचंद्र करवाड़े, कोषाध्यक्ष सुनील गोटे ,भगवान बुद्ध व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के छाया चित्रों पर माल्यार्पण व चरणों में पुष्प अर्पित किया गया तत्पश्चात पूजा अर्चना सामूहिक रूप से की गई संध्याकालीन बेला में उपाध्यक्ष सुरेश कामडे वरिष्ठ उपासक त्रिभुवन बौद्ध द्वारा उनके किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया। डाक्टर टीकाराम बोरकर ने कहा कि बुद्ध के बाद 20 वीं सदी का सूरज के समान चमकने वाला सितारा राष्ट्रहित चिंतक लाखों करोड़ों शोषितो दलितो बहुजनों व राष्ट्र के उद्धारक 14 अप्रैल 1891 में उदय होकर 6 दिसंबर 1956 की रात को अस्त हो गया उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके बताए हुए मार्ग का अनुसरण करेंगे जय भीम इस समारोह में समाज के समस्त उपासक एवं उपासिकाएं उपस्थित थे।श्च

# ठिठुरती ठंड में जिले के सभी नौनिहालों को वत्सला दे रही मातृत्व की उष्णता



**बेमेतरा ।** क्षेत्र में लगातार 7 वर्षो से वत्सला संस्था, छ ग महिला सेवाधारी संगठन प्रतिवर्ष सरकारी अस्पतालों में जन्मे सभी नवजात शिशुओं और प्रसूताओं को मां मुझे भी ओढ़ा दो अभियान के तहत नवम्बर से फरबरी माह विंटर केयर कीट मुहैया करवाती है। इस वर्ष भी ये सेवा सभी नौनिहालों को पिछ्ले माह से मिल रही है । इसी मिशन के तहत वत्सला कार्यकारणी टीम खंडसरा स्वास्थ केन्द्र पहुंच वहा जच्चा बच्चा के स्थिति के बारे में जानकारी लेने के साथ साथ वहा जन्मे सभी नौनिहालों को अपने हाथों से ऊनी कपड़े पहनाकर उन्हें ठंड से राहत प्रदान किया तथा आगामी समय के लिए बी पी एम पंकज सर को स्टॉक जमा करवाया। इस अवसर पर बेमेतरा ईकाई अध्यक्ष स्वीटी सलूजा ,के साथ कीर्ति सिंघानिया, पूर्णिमा पटेल, अनिता साहू, विजया लाखोटिया की उपस्थिति सराहनीय रही। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योती सिंघानिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष सेवा का दायरा बेमेतरा जिले के साथ अन्य कई जिलों में भी बहने वत्सला से जुड़कर स्वतंत्र ईकाई गठन कर अनवरत निःस्वार्थ सेवा प्रदान कर रही है।

# शान्ति पूर्ण चुनाव संपन्न कराने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मानित

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के द्वारा छत्तीसगढ विधानसभा निर्वाचन 2023 के दुसरे चरण में बेमेतरा ज़िले की तीनों विधानसभा 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ में विधानसभा निर्वाचन के लिये आदर्श आचार सहिता लगने के बाद बेमेतरा जिले में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्विघ्न चुनाव संपन्न कराने में उत्कृष्ट करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में सम्मान समारोह आयोजित कर प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। एसपी बेमेतरा भावना गुप्ता ने कहा कि जिले के सभी अधिकारी एवं जवानों ने छत्तीसगढ आम विधानसभा चुनाव 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पूरी ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण का प्रदर्शन किया है। जवानों द्वारा प्रदर्शित उच्च कार्य कुशलता के कारण, उक्त चुनाव स्वतंत्र और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मतदान के दिन बुजुर्गो और महिलाओं, दिव्यांगजनों को जवानों द्वारा प्रदान की गई मानवीय सहायता ने वर्दीधारी पुलिस के प्रति नागरिकों में विश्वास की पुष्टि की है। चुनौतीपूर्ण और कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने-अपने कर्तव्यों को अत्यंत ईमानदारी और दक्षता के साथ निभाया है। एसपी बेमेतरा भावना गुप्ता के द्वारा जिले के अधिकारी एवं जवानों के कार्यो की सराहना करते हुए बधाई देकर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामना की गई।

### सम्मानित हुये अधिकारी-कर्मचारियों का नाम

विधान सभा निर्वाचन 2023 स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्विघ्न चुनाव संपन्न कराने में उत्कृष्ट करने वाले अधि./कर्मचारी एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमलनारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू, प्रशिक्षु डीएसपी बृजकिशोर यादव, रक्षित निरीक्षक मनीष राजपूत, निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, निरीक्षक विवेक पाटले, निरीक्षक मुकेश यादव, निरीक्षक संतोषी ग्रेस, निरीक्षक भावना खंडारे, उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, उप निरीक्षक भुनेश्वर यादव, उप निरीक्षक राजकुमार साहू, उप निरीक्षक अलील चंद, उप निरीक्षक राकेश साहू, उप निरीक्षक योगेश अग्रवाल, उप निरीक्षक यशवंत जंघेल, उप निरीक्षक दुलेश्वर चंदवंशी, उप निरीक्षक प्रवासी यादव, उनि (अ) प्रदीप देशमुख, सउनि सुभाष सिंह, सउनि डी.एल. सोना, कंवल सिंह नेताम, जहीर खान, मोहन साहू, सुरेश राजपूत, कृष्ण कुमार क्षत्री, दीनानाथ सिन्हा, उदल टांडेकर, विष्णु सप्रे, सउनि (अ) अजय कुमार देवांगन, प्रधान आरक्षक रविंद्र तिवारी, देवनारायण तिवारी, नरेन्द्र मनहर, एश्वर्य क्षत्री, रामेश्वर मांडले, लोकेश सिंह, हेमंत साहू, विक्रम राजपूत सखाराम टंडन, खोमलाल साहू, राजेश राजपूत, पन्नालाल सिन्हा, दौलत वर्मा, आरक्षक रामानुज जायसवाल, अंश प्रताप सिंह, वाजिद खान, संजय पाटिल, विश्राम साहू, मिथलेश साहू, वासुदेव साहू, विरेन्द्र चंद्राकर, विजेन्द्र टंडन, राकेश मरावी, मुकेश यादव, पुष्पोत्तम कुम्भकार, भुषण राजपूत, मनीष देवांगन, महिला आरक्षक केशर जहां एवं अन्य अधि./कर्मचारी को प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# जमीनी विवाद की रंजिश के चलते हुई हत्या, कोर्ट ने भाई को आजीवन कारावास की सुनाई सजा

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




अपर जिला एवं सत्र न्यायालय के एजीपी ऋषिकेश चौबे से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम केकराभाठ चौकी फागुराम थाना डभरा में दिनांक 9 अप्रैल 2022 को सुबह करीब 9.30 बजे प्रार्थिया पल्लवी मालाकार जब वह अपने घर में थी उसी समय उसका जेठ आरोपी उद्धव मालाकार पल्लवी के घर के परछी में फरसा लेकर आया और जमीन संबंधी विवाद को लेकर पल्लवी को गाली गलौच करते हुए फरसा से मरने लगा। जिससे पल्लवी के हाथ एवम कमर में चोट लगी, उसके बाद आरोपी अपने गांव के विजय सिदार के मकान के सामने चौक में जाकर बांस के बड़े डंडे से अपने भाई एवम पल्लवी के पति राजकुमार मालाकार के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर चोट पंहुचाया तब उसके परिवार वाले राजकुमार एवं उसकी पत्नी को इलाज हेतु डभरा अस्पताल ले गए थे। घायलों की स्थिति को देखते हुए डभरा से उन्हें इलाज हेतु रायगढ़ रेफर किया गया,रामकुमार का इलाज रायगढ़ के जिंदल अस्पताल में हो रहा था इलाज के दौरान राजकुमार की मृत्यु हो गई । थाना कोतरारोड रायगढ़ में बिना नंबरी मर्ग रिपोर्ट दर्ज किया गया जिसके आधार पर थाना डभरा में नंबरी रिपोर्ट 26 / 2022 आरोपी के विरुद्ध दर्ज किया गया। शव पंचनामा तैयार किया गया। मृतक की पत्नी पल्लवी मालाकार की रिपोर्ट पर देहाती नलसी धारा 302 323 भा . द. वी. के तहत लिखा गया, आरोपी उद्धव प्रसाद मालाकार को अभीरक्षा में लेकर उसका कथन लिया गया तथा उससे एक फरसा जिसमें बांस का बेट लगा हुआ व एक बांस का डंडा जप्त किया गया तथा घटना के समय आरोपी द्वारा पहने गए टी-शर्ट को जप्त किया गया। संपूर्ण जांच के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथमश्रेणी डभरा के न्यायालय में चालान पेश किया गया। उपार्पण बाद यह प्रकरण द्वितीय अपर सत्र न्यायालय शक्ति में चला। शासन की ओर से कुल 20 गवाहों को न्यायालय में पेश कर उनका बयान लिया गया. आरोपी के विद्वान अधिवक्ता द्वारा बताया गया कि आरोपी निर्दोष है उसे झूठा फसाया गया है, शासन ने अपराध को संदेह से परे प्रमाणित नहीं किया है इसलिए आरोपी को दोष मुक्त किए जाने का निवेदन किया गया। शासन की ओर से बताया गया की आरोपी के द्वारा जमीन विवाद के कारण ही रंजिश रखते हुए राजकुमार को चोट पहुंचाकर उसकी हत्या किया गया एवं पल्लवी को चोट पहुंचाया गया है।

इसलिए आरोपी को कठोर से कठोर दंड से दंडित करने का निवेदन किया गया। दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात विद्वान द्वितीय अपर सत्र न्यायालय के न्यायाधीश डॉ. ममता भोजवानी ने 6.12. 2023 को फैसला सुनाते हुए आरोपी को धारा 302 भादवि. के अपराध के लिए आजीवन कारावास एवं 5000 रू.के अर्थ दंड से तथा धारा 324 भारतीय दंड विधान के अपराध के लिए 3 वर्ष के आश्रम कारावास एवं 1000 रु.के अर्थदंड से दंडित किया गया है। छ. ग.शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता/ अपर लोक अभियोजक ऋषिकेश चौबे ने पैरवी किया

# जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने कलेक्टर व एसएसपी को लगाया फ्लैग

## राष्ट्र रक्षा के लिए समर्पित सैनिकों का कार्य सदैव अविस्मरणीय-कलेक्टर

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कल सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल आशीष पाण्डेय के नेतृत्व में कल्याण संयोजक बालकृष्ण राम एवं अधीक्षक ए.के.वर्मा ने फ्लैग लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर, एनसीसी के कमाण्डिग ऑफिसर कर्नल संतोष कुमार, शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के पिता सुभाष त्रिपाठी सहित जिले के भूतपूर्व सैनिक एवं दिवंगत सैनिकों के आश्रित उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि भारतीय सेना की बहादुरी, त्याग व समर्पण के सम्मान में एवं वीर शहीदों की स्मृति में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया जाता हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्र सेवा में समर्पित सैनिकों के कार्य सदैव अविस्मरणीय रहेंगे। राष्ट्र की रक्षा के लिए दिए गए उनके बलिदान को कभी भुलाया ों के सहयोग के लिए हम सभी को हमेशा तत्पर रहना चाहिए। कलेक्टर ने जिले के सभी नागरिकों से सशस्त्र झण्डा दिवस में शामिल होकर शहीद सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिकों एवं सेना में सेवारत सैनिकों और उनके आश्रितों के पुनर्वास तथा कल्याणकारी योजनाओं के लिये अधिक से अधिक दान देकर इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान करने हेतु आग्रह किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने कहा कि झंडा दिवस मनाने का उद्देश्य बहादुर और शहीद सैनिकों को सम्मान देना, बुजुर्ग सैनिकों तथा शूरवीरों को सैल्यूट करना तथा सेवारत सैनिकों के साथ समस्त राष्ट्र की एक जुटता को दर्शाता है। उन्होंने जिले में निवासरत सभी रिटायर्ट सैनिकों एवं उनके परिवारों को आश्वस्त किया कि आपकी किसी भी प्रकार की समस्या के लिए पुलिस एवं प्रशासन आपके समक्ष खड़ा है। जिला सैनिक कल्याण अ धिकारी कर्नल आशीष पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे भारत में प्रतिवर्ष 7 दिसम्बर को झंडा दिवस मनाया जाता है जो भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के कल्याण के लिए भारत की जनता से धन संग्रह के प्रति समर्पित एक दिन है। गहरे लाल, नीले और आसमानी रंग की स्टीकर को लगाकर लोगों से उनकी स्वेच्छा अनुसार राशि एकत्रित कर झंडा दिवस कोष में जमा कर दी जाती है।

संग्रहित धन का उपयोग युद्ध के दौरान हुई जन हानि, युद्ध में शहीद हुये सैनिकों की विधवाओं, युद्ध के दौरान दिव्यांग सैनिकों व उनके परिवार के कल्याण एवं सेवा निवृत्त सैनिकों और उनके परिवार के कल्याण के लिए खर्च की जाती है।

# अग्रवाल महिला मंडल ने नवनिर्वाचित विधायक बृजमोहन अग्रवाल का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से आठवीं बार विधायक निर्वाचित होने वाले भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता बृजमोहन अग्रवाल का अग्रवाल महिला मंडल रायपुर ने शाल -श्रीफल से सम्मान किया, इस अवसर पर काफी संख्या में अग्रवाल महिला मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे, इस दौरान अध्यक्ष माया मुरारका एवं महामंत्री ममता अग्रवाल ने कहा कि हम सभी के लिए यह गौरव है कि अग्रवाल समाज के एक गौरव के रूप में बृजमोहन अग्रवाल ने आठवीं बार विधानसभा का चुनाव जीता है,तथा बृजमोहन अग्रवाल एवं उनका पूरा परिवार सदैव भगवान अग्रसेन जी के सिद्धांतों पर चलकर समाज की सेवा एवं सदैव रचनात्मक कार्यों में अग्रणी रहता है तथा आज उसी के प्रतिफल स्वरूप उन्हें यह सफलता मिली है, इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने भी समस्त महिला सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की ताकत बहुत बड़ी होती है, एवं उन्होंने अग्रकुल में जन्म लेकर सदैव सेवा भावना से काम किया है, जिसके चलते वे राजनीति के क्षेत्र में सदैव अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की सोच के साथ काम करते हैं, एवं सर्व वर्ग के हित के लिए निरंतर अग्रणी रहते हैं, इस अवसर पर अग्रवाल महिला मंडल रायपुर की अध्यक्ष माया मुरारका, महामंत्री ममता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राज बंसल, शशि अग्रवाल, संगीता सरावगी, संजू अग्रवाल, नीरू तायल, सीमा जिंदल, सुमन मित्तल, अर्चना अग्रवाल, किरण विजय अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, निधि अग्रवाल सहित काफी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

# क्षेत्र के विकास की चिंता करने वाले विधायक को पुनः जनता ने दिया आशीर्वाद : ज्योतिष गर्ग

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत अड़भार के विधायक प्रतिनिधि एवं जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारी तथा मनरेगा लेबर मजदूर मॉनिटरिंग कमेटी के शक्ति जिले के अध्यक्ष ज्योतिष गर्ग ने चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक रामकुमार यादव को उनकी जीत पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है, ज्योतिष गर्ग ने कहा है कि चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव के पूर्व लोगों ने रामकुमार यादव के खिलाफविपरीत माहौल बनाने का प्रयास किया, किंतु क्षेत्र की जनता ने चंद्रपुर क्षेत्र के विकास के लिए सदैव दृण संकल्पित होकर कार्य करने वाले माटी पुत्र तथा जमीनी कार्यकर्ता रामकुमार यादव को पुनः अपना विधायक चुना है,ज्योतिष गर्ग ने कहा कि चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास तेज गति से हुआ है वह पूरे प्रदेश में अपने आप में मिसाल है, तथा रामकुमार यादव ने पुनः विधायक के रूप में जीत दर्ज कर यह मिसाल पेश की है कि आज काम के दम पर जनता अपना आशीर्वाद देती है, एवं इस दौरान चंद्रपुर के नवनिर्वाचित विधायक रामकुमार यादव ने भी अड़भार नगर पंचायत के सभी नागरिकों एवं मतदाताओं का भी आभार व्यक्त किया साथ ही उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद एवं सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सहयोग से ही यह जीत मिली है एवं आगे भी हम क्षेत्र के विकास के लिए मिलजुल कर कार्य करेंगे, ज्ञात हो की रामकुमार यादव के दोबारा विधायक निर्वाचित होने पर जहां नगर पंचायत अड़भार की अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग सहित कांग्रेस नेताओं एवं नागरिक बंधुओ ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए जीत की खुशी मनाई तो वहीं शहर के विभिन्न वार्डों में पटाखे फोड़कर आतिशबाजी की गई.

# 3 दिनों की बारिश ने किसानों की बढ़ाई परेशानी, खेत व खलिहानों में भीग रहे धान

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले में पिछले 3 दिनों से हो रही बारिश ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। बारिश की वजह से जहां खेतों में धान की फसल खराब हो रही है तो वहीं खलिहान में भी धान भीग रहा है। अचानक शुरू हुई बारिश की वजह से किसानों को धान सहेजने का मौका भी नहीं मिल पाया है। किसानों का कहना है कि बारिश की वजह से धान में नमी आ रही है ऐसे में वे धान समर्थन पर नहीं बेच पाएंगे। रायगढ़ जिले में इस साल जहां धान की अच्छी पैदावार होने से किसान काफी खुश थे, तो वहीं पिछले 3 दिनों से हो रही बारिश ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। बारिश की वजह से किसानों की फसल खराब हो रही है। जिन किसानों ने धान की कटाई कर ली थी और खलिहानों में धान को जमा किया था उनकी फसल भी बारिश में खराब हो रही है। किसानों का कहना है कि बेमौसम बारिश का अंदेशा नहीं था। अचानक हुई बारिश की वजह से उनकी पूरी मेहनत पर पानी फिर गया है। अगर दो तीन दिन यही स्थिति रही तो पूरी की पूरी फसल चैपट हो जाएगी। बारिश ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है। हालांकि धान की आवक अभी अधिक नहीं होने की वजह से खरीदी केंद्र में धान भीगने की शिकायतें नहीं मिली है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि खराब मौसम को देखते हुए सभी समितियों को पर्याप्त तिरपाल की व्यवस्था करने और धान को ढंक कर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# जेल निरीक्षण समिति ने जिला जेल खोखरा और उपजेल सक्ती का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



सर्वोच्च न्यायालय के मार्गदर्शन के अनुक्रम में जेलों में निरूद्ध बच्चों के सत्यापन के लिए जिला जेल खोखरा एवं उपजेल सक्ती का निरीक्षण किया गया। सभी बैरकों में समस्त बंदियों से उम्र संबंधी जानकारी लिये गये, जहां विधि के उल्लंघन करने वाले किशोर नही पाये गये। कुछ बंदियों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके निवास स्थान में बच्चों का पालन-पोषण एवं देखरेख करने हेतु कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं है। वह स्वयं व उसकी परिवार जेल में निरूद्ध है। ऐसे बंदियों के बच्चों की सूची तैयार की गई, जिसे बाल कल्याण समिति के माध्यम से संस्थागत संरक्षण प्रदान किया जावेगा। जेल के कर्मचारीयों को निरीक्षण समिति द्वारा बताया गया कि जेलों में प्रवेश देते समय यदि बंदी 18 वर्ष से कम के प्रतीत होने की स्थिति में या उम्र के प्रति संदेहास्पद होने के स्थिति में समिति के सदस्यों को तत्काल सूचना दी जावे ताकि समिति द्वारा उम्र सत्यापन के पश्चात किशोरों को संप्रेषण गृह में संरक्षण की प्रारंभिक कार्यवाही की जा सके। निरीक्षण के दौरान जिला जेल निरीक्षण समिति के सदस्य जिला बाल संरक्षण इकाई जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) से जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल, संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख) पूजा तिवारी, विधिक सह परीविक्षा अधिकारी सम्मेसिंह कवंर, सामाजिक कार्यकर्ता संतोषी वैष्णव, अधिवक्ता दीपक बरेठ तथा जेल अधीक्षक, टोडर एवं सतीश चन्द्र भार्गव एवं जेलों के कर्मचारी उपस्थित थे।

# फसल बीमा जागरूकता रथ को अपर कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम रबी वर्ष 2023-24 अंतर्गत जिले में अधिकाधिक कृषकों को बीमा अवरण में सम्मिलित करने हेतु फसल बीमा प्रचार रथ का शुभारम्भ किया गया है। जिला सक्ती अंतर्गत फसल बीमा जागरूकता रथ को कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के सामने अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर के. एस. पैकरा, अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा बी. एल कंवर, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा आशीष पटेल, राजस्व निरीक्षक मनीष सिंह राज, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी डॉ. प्रहलाद साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुमित प्रेमी, जिला बीमा प्रतिनिधि मनजेश यादव एवं अन्य ब्लाक बीमा प्रतिनिधि उपस्थित रहे। यह फसल बीमा जागरूकता रथ जिले में अधिसूचित ग्रामों में जाकर किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी उपलब्ध करायेगा। जिले में रबी मौसम में गेहूं सिंचित फसल को अधिसूचित किया गया है। इस वर्ष प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत गेहूं सिंचित फसल के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित की गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ ऋणी, अऋणी, भूधारक कृषक, बटाईदार व वनपट्टाधारी कृषक ले सकते है। इस वर्ष जिला सक्ती में फसल बीमा के लिए बीमा कम्पनी बजाज जनरल इन्शोरेस कम्पनी लिमिटेड को अनुबंध किया गया है,उप संचालक कृषि शशांक शिंदे के द्वारा बताया गया कि 6 दिसम्बर से 12 दिसम्बर 2023 तक मैदानी अमलों द्वारा फसल बीमा सप्ताह का आयोजन कर किसानों को अधिक से अधिक योजना का लाभ लेने के लिय प्रचार किया जा रहा है तथा अधिसूचित ग्रामों में सभी गेहूं उत्पादक कृषकों को फसल बीमा का लाभ लेने के लिये अपील की गई है।

फसल बीमा आपदा की स्थिति में फसल सुरक्षा का बेहतर विकल्प होता है। बीमांकित राशि गेहूं सिंचित के लिये 10400 रू. रूपये प्रति एकड़ है तथा कृषकों के लिये प्रीमियम राशि 1.5 प्रतिशत् है।

# चुनाव खत्म होते ही कलेक्टर नूपुर जुटी प्रशासनिक कार्यों को गति देने, धान खरीदी कार्य की करी समीक्षा

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 अंतर्गत 01 नवम्बर से जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी संबंधी कार्य किया जा रहा है। धान खरीदी के सुव्यवस्थित क्रियान्वयन व उपार्जित धान के सुरक्षित रखरखाव के संबंध में आज कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने सभी संबंधित अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने बेमौसम बारिश से धान को सुरक्षित रखने के लिए धान उपार्जन केन्द्रों में किए गए उपायों की समीक्षा करते हुवे आवश्यक निर्देश दिये, कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्रों में धान को भीगने से बचाने के लिए कैप कवर, पानी निकासी, धान के सुरक्षित रखरखाव सहित अन्य व्यवस्थाए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अलर्ट होकर किसी भी प्रकार की फसल क्षति होने पर उसकी जानकारी उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने सभी एसडीएम को अनुभाग स्तर पर भी खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, पटवारी, आरआई सहित अन्य संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक लेकर फसलों की स्थिति व धान खरीदी कार्यों की अद्यतन जानकारी रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में किसानों के धान खरीदी में रकबा संबंधी शिकायतों के निराकरण सहित अन्य विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा करते हुवे आवश्यक निर्देश दिए गए। धान उपार्जन केंद्रों में अवैध रूप से धान खपाने वाले कोचियों एवं बिचैलियों पर भी कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए है। बैठक में एसडीएम सक्ती पंकज डाहिरे, एसडीएम डभरा दिव्या अग्रवाल, एसडीएम मालखरोदा अरूण कुमार सोम, जिला खाद्य अधिकारी, सहकारिता अधिकारी माहेश्वरी तिवारी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**आरोपी अपने साथियों के साथ ग्राम नवापारा के सूने मकान से चुराया था लाखों के जेवरात**

# चोरी के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



छाल पुलिस द्वारा नवंबर 2021 में ग्राम नवापारा बाजारपारा के सुने मकान से लाखों के जेवरातों की चोरी में शामिल आरोपी गौतम महंत गैंग के फरार आरोपी विनोद रविदास को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक 30 नवंबर 2021 को थाना छाल में रिपोर्टकर्ता रामकुमार चन्द्रा पिता स्व. रेशम लाल चन्द्रा निवासी ग्राम नवापारा छाल द्वारा उसके मकान में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि इसका घर नवापारा बाजार के पास है। इसकी भतीजा का शादी हमारे पुराने घर में हो रहा था। 29 नवंबर की रात्रि अपने घर में ताला बंद कर अपने भतीजा के शादी में शामिल होने सभी बस्ती के घर में गये थे, रात करीब 10.15 बजे वापस आये तो देखे घर के पीछे तरफ का चैनल गेट का ताला तोडकर अज्ञात चोर घर में घुसकर आलमारी में रखे सोने, चांदी के जेवरात कुल किमती 6,72,750 नगदी रकम 5,000 रूपए को चोरी कर ले गया था। चोरी की रिपोर्ट पर थाना छाल में अज्ञात आरोपी पर धारा 457, 380 ताहि दर्ज कर विवेचना में लिया गया। ज्ञात हो कि माह नवम्बर 2021 को खरसिया, छाल एवं सीमावर्ती जिले जांजगीर में लगातार हो रही चोरियों पुलिस के चुनौती बनकर सामने आयी थी। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर एसडीओपी खरसिया के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा चोरियों की विवेचना दरम्यान चांपा थाना क्षेत्र का शातिर चोर गौतम महंत गैंग के मास्टर मांइड गौतम महंत और उसके साथियों को पकड़ा गया था। माल मुल्जिम पतासाजी दौरान पता चला कि गौतम महंत को जांजगीर पुलिस 7-8 चोरियों में चालान की थी, बिलासपुर जेल से छूटने के बाद गौतम महंत 2 साल से छाल थाना क्षेत्र में किराया मकान लेकर रह रहा था। गौतम महंत क्षेत्र में पोताई पुट्टी का काम करता और अकेला रहता था किंतु इसके यहां काफी लकड़े बाइक से आते-जाते रहते थे। पुलिस टीम महत्वपूर्ण सूचना पर गौतम महंत को हिरासत में लेकर हिकमत अमली से पूछताछ करने पर अपने साथी बरपाली के भगत लाल यादव, बाराद्वार के विनोद रविदास, सुनील भैना उर्फबेदम के साथ मिलकर छाल के नवापारा बाजारपारा में चोरी (छाल अप.क्र. 310/21) करना और खरसिया के ग्राम केनाभांठा के एक मकान (खरसिया अप.क्र. 719/21) में चोरी करना कबूल किया है। आरोपी गौतम महंत और आरोपी भगत लाल यादव निवासी बरपाली थाना नगरदा को गिरफ्तार कर आरोपियों सोने के जेवरात 53 ग्राम, चांदी के जेवरात 610 ग्राम एवं नकदी रकम 60,000 की जप्ती की गई और दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। छाल पुलिस द्वारा फरार दोनों आरोपी विनोद रविदास, सुनील भैना उर्फ बेदम की पतासाजी का काफी प्रयास किया गया दोनों के फरार होने पर उनकी चल अचल संपत्ति की जानकारी लेकर धारा 173(8) के तहत चालान पेश किया गया था। गत दिनों फरार आरोपी विनोद रविदास के थाना सक्ती के नकबजनी के अपराध में उप जेल सक्ती में निरूध होने की जनकारी पर छाल पुलिस द्वारा आरोपी का प्रोडक्शन वारंट जारी कराकर आरोपी का पुलिस रिमांड पर मेमोरेंडम लिया गया जिसमें आरोपी से एक जोड़ चांदी का पायल और चांदी का बाजू बंध जप्त कर बरामद किया गया है। आरोपी विनोद कुमार रोहिदास पिता गोकुल रोहिदास उम्र 28 साल निवासी बस्ती बाराद्वार थाना बाराद्वार जिला सक्ती को छाल पुलिस द्वारा घरघोड़ा न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड प्राप्त कर जेल दाखिल किया गया है। शीघ्र आरोपी के विरूद्ध पूरक चालान पेश किया जावेगा।

# 67 हाथियों की मौजूदगी के बीच दंपति का किया गया रेस्क्यू

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र में हाथियों की संख्या बढ़ने के साथ किसानों की परेशानियों में भी इजाफा होता जा रहा है। छाल रेंज में विचरण कर रहे हाथियों के बड़े समूह के कारण वहां के ग्रामीणों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। जहा बीती रात बरभौना से लगे गुर्दा गांव के करीब पहुँच किसान के फसल के साथ बाड़ी में लगे केला के फल को छति पहुचाने के साथ बुधवार के दोपहर दो बजे खेदापाली रिहायसी इलाके के करीब खेत मे हाथियों का झुंड के आ पहुचने से एक बार फिर जान माल का खतरा बना हुआ है। इन सब के बीच छाल रेंज के खेदापाली गांव में हाथियों की मौजूदगी वहां बस्ती से थोड़ी दूर रहने वाले एक दंपति के लिए खासी परेशानी का सबब बन गई है। इस संबंध में ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक बीते बुधवार को वहां हालात ऐसे बन गए कि 'महराज' के नाम से पहचाने जाने वाले एक ग्रामीण के घर के पास करीब 67 हाथियों का दल पहुंच गया। जिसके बाद आननफानन में वन विभाग व ग्रामीणों की सहायता से उस व्यक्ति व उसकी पत्नी को ट्रैक्टर से खेदापाली बस्ती में सुरक्षित लाया गया। बताया जा रहा है कि यह दंपति फिलहाल दिन में अपने घर पर समय गुजार रहा है और रात होते ही सुरक्षा के लिहाज से उन्हें गांव में लाया जा रहा है। ऐसे में दिन में प्रभावित दंपति का सहारा उनका आशियाना है और रात का नहीं कोई ठिकाना है।

# बेचाघाट आंदोलन कारियों ने झोंकी ताकत, हजारों की संख्या में रैली निकाल किया सभा का आयोजन

## बेचाघाट के आस-पास व दूर-दराज से आंदोलन में शामिल होने पहुँचे ग्रामीण

पायनियर संवाददाता ∢ कांकेर
www.dailypioneer.com







जल जंगल जमीन को लेकर एक बार फिर सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक इकाई पखांजूर व बेचा घाट संघर्ष समिति द्वारा बेचा घाट आंदोलन को दो वर्ष पूर्ण होने पर विशाल महासभा व रैली आहूत की गई जिसमें हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, बुजुर्ग, युवक-युवती व बच्चें शामिल हुए बेचाघाट से रैली के माध्यम से विरोध जताते हुए नारेबाजी कर बाजे गाजे के साथ इस आंदोलन का आगाज हुआ व रैली के पश्चात सभा का आयोजन हुआ। इस आंदोलन में किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो इसको लेकर पुलिस ने भी तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर रखी थी। ज्ञात हो कि बेचाघाट आन्दोलन को लगभग दो वर्ष पूर्ण होने को है वहीं इस दौरान सत्ता परिवर्तन भी हो गया लेकिन अब तक इनकी जो मांगे है उनको आज पर्यन्त तक पूर्ण नही किया गया है जिसको लेकर बेचाघाट क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण अपना घर द्वार को छोड़ तंबू लगा इस आंदोलन को जारी रखने में जुटे हुए है। आंदोलनकारियों का कहना है कि केन्द्र व राज्य सरकार विगत कुछ वर्षो से आदिवासियों को उनके जल-जंगल और जमीन से विस्थापित करने के लिए विभिन्न प्रकार की कुटनीति बना रही है क्योकि आदिवासियों की जल-जंगल और जमीन पर कई किस्म की खनिज सम्पदा जैसे हीरा, बॉक्साइड, लोहा, आयस्क, सोना, चांदी, आदि पाई जाती है। इन खनिज सम्पदाओं को केन्द्र व राज्य सरकारे अपने मुनाफा के लिए बड़े-बड़े उद्योगपति कारपोरेट कंपनियों से समझौता कर जगह-जगह पुलिस कैम्प एवं बी.एस.एफ कैम्प स्थापित कर आदिवासियों को उनके जल-जंगल और जमीन से बेदखल करने की साजिश कर रही है। जिसके खिलाफ बस्तर संभाग में लगभग 40 जगहों पर आदिवासी जनता आन्दोलनरत है। जैसे हसदेव, सिलगेर, बेचापाल, एड्समेटा, गंगालूर, बेचाघाट, रावघाट, आमदाई आदि जगहों पर विगत एक साल से आंदोलन चलाया जा रहा है। केन्द्र व राज्य सरकार निरन्तर इन जनांदोलनो को कुचलने व (ध्वस्त) करने के लिए आन्दोलन में शामिल कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी और आन्दोलनरत जनता पर लाठीचार्ज कर रही है तथा आदिवासियों को फर्जी मुठभेड़ करवा रही है। इन्हीं अत्याचार व शोषण के खिलाफ विगत 7 दिसम्बर 2021 से कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा ब्लॉक के अंतिम छोर बेचाघाट के कोटरी नदी के तट पर बिना ग्रामसभा के सहमति के प्रशासन द्वारा प्रस्तावित पुल, पुलिया, बी.एस.एफ कैम्प और सितराम में पर्यटन केन्द्र खोले जाने के विरोध में विगत दो वर्षो से आंदोलन चलाया जा रहा है। बेचाघाट संघर्ष समिति के बैनर तले आयोजित इस आन्दोलन में कांकेर जिले के अलावा अन्य जिलों से भी लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। जहाँ सभा को समाज प्रमुख व सामाजिक नेताओं व आन्दोलन से जुड़े लोगों ने सम्बोधित किया। साथ ही उन्होंने मंच के माध्यम से स्पष्ट केंद्र व राज्य सरकार पर निशाना साधा साथ ही आदिवासियों के जल जंगल जमीन के खिलाफ बनाये गये सभी कानूनों को रद्द करने की बात कही है।

सभा में मुख्य रूप से रघु मिडियामी अध्यक्ष बस्तर जन संघर्ष समिति, मैनी कचलाम उपाध्यक्ष बस्तर जन संघर्ष समिति, अजित नुरेटी अध्यक्ष बेचाघाट संघर्ष समिति, राजेश नुरेटी प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी छात्र युवा संगठन, लुकेश्ववरी नेताम आदिवासी समाज गरियाबंद, सियाराम पुड़ो ब्लॉक अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज कोयलीबेड़ा, सुदेश टेकाम अध्यक्ष प्रदेश किसान मोर्चा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# एसपी ने कहा लंबित प्रकरणों का तत्काल करें निराकरण




पायनियर संवाददाता ∢ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह ने जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों,थाना चौकी प्रभारी की समीक्षा बैठक लेते हुए उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने का भरपूर प्रयास करें। उन्होंने जिले के राजपत्रित अधिकारियों से कहा कि अपने अपने क्षेत्र के थानों का निरीक्षण करते हुए लंबित प्रकरणों की समीक्षा करें और जिन मर्ग पर अपराध पंजीबद्ध होता है उन पर तत्काल अपराध पंजीकृत कराय। लोकल स्तर पर तथा वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त शिकायतों की जांच कर तत्काल रिपोर्ट भेजा जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 समाप्ति की ओर है ऐसे में पूर्व लंबित मामलों का सत प्रतिशत निराकरण होना अति आवश्यक है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन शैलेंद्र पांडे, एसडीओपी नारद सूर्यवंशी, इमानुएल लकड़ा, राम अवतार ध्रुव, डीएसपी याकूब मेनन, रक्षित निरीक्षक एवं जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

# कौन बनेगा स्वास्थ्य रक्षक का दो दिवसीय सेमिनार

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान के ऐतिहासिक वर्तमान इमारत बापू भवन, ताड़ीवाला रोड, पुणे में स्थित है। बापू भवन राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी के नाम पर है, जिन्होंने 1934 से इस संस्थान को अपना घर बनाया था। इससे पहले यह संस्थान नैचर क्योर क्लिनिक एवं सॅनिटोरियम के नाम से जाना जाता था, जिसे डॉ. दिनशा मेहता चलाया करते थे। इस संस्थान में ऑल इंडिया नैचर क्योर फांऊडेशन ट्रस्ट की स्थापना की गयी और गांधीजी आजीवन इस ट्रस्ट के चैयरमैन बने। गांधीजी ने यहां से बहुत सी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियों में हिस्सा लिया। जिसे अब पुणे के पास उरुली कंचन गांव में निसर्ग उपचार आश्रम में महात्मा गाँधी के 1946 के प्रसिद्ध प्राकृतिक उपचार अभियान की याद दिलाते हुए, राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान (एनआईएन), पुणे के आगामी नए परिसर को निसर्ग ग्राम बनकर उद्घाटन के लिए तैयार है, जहां प्राकृतिक उपचार पाठ्यक्रमों के करिक्युलम में अपने आप में कई नयी चीजें और नवोन्मेष शामिल होंगे। इस परिसर में कौन बनेगा स्वास्थ्य रक्षक का दो दिवसीय सेमिनार 8 व 9 दिसंबर 2023 का भव्य शुभारंभ राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान पुणे के डायरेक्टर प्रोफेसर एवम डॉ के सत्य लक्ष्मी राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान सूर्या फाउंडेशन के राष्ट्रीयअध्यक्ष डॉ अनंत बिरादर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस दो दिवसीय सेमिनार में छत्तीसगढ़ की टीम राज्य समन्वयक डॉ सी एल सोनवानी के नेतृत्व में संजय वस्त्रकार सम्भाग बस्तर समन्वयक, सी आर नवरत्न जिला बलौदा बाज़ार समन्वयक, एन आर साहू जिला रायपुर समन्वयक, मनोज ठाकरे जिला दुर्ग समन्वयक, देवनारायण सिन्हा अभनपुर खण्ड समन्वयक, आदित्य टंडन जिला बालोद समन्वयक, शोभा राम साहू अभनपुर सम्मिलित होंगे।

# सेवानिवृत्त होने पर दी भावभीनी विदाई


पायनियर संवाददाता ∢ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



बिजली विभाग के कर्मचारी वरिष्ठ लाइनमैन बुचुन लाल श्रीवास्तव के सेवानिवृत होने पर भावविनी विदाई दी गई। बुचुन लाल श्रीवास्तव को लगभग 22 साल की उम्र में बिजली कर्मचारी बनने का मौका मिला। प्रथम नियुक्ति बालाघाट मध्य प्रदेश में मास्टर रोल पर हुई थी। उसके बाद 4 साल बालाघाट में 4 साल बेमेतरा में 3 साल शक्ति में नौकरी करने के रामानुजगंज में पदस्थ हुए तब से लेकर आज तक इसी सब स्टेशन के अंतर्गत अपनी सेवा देते हुए सेवानिवृत हुए। बुचुन लाल श्रीवास्तव ने नौकरी के दौरान अपने सारे कर्तव्यों का निर्वहन किया। उनके रिटायर होने पर विद्युत मंडल सब स्टेशन कार्यालय पर विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन बिजली कंपनी के समस्त कर्मचारियों के द्वारा रखा गया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने फूल मालाओं से इनका स्वागत उपरांत साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सभी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# नई अर्ली चाईल्ड हुड एजुकेशन रिपोर्ट : पाठ्यक्रम और क्लास रूम से संबंधित संसाधनों में सुधार के लिए अवसर प्रकाशित

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत के प्राथमिक और पूर्व-प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में प्रमुख गैर-लाभकारी संगठन ने भारत में आरंभिक बाल्यावस्था शिक्षा की पड़ताल' रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट भारत में 200 अर्ली चाईल्ड हुड एजुकेशन (ईसीई) यानि आरंभिक बाल्यावस्था शिक्षा क्लासरूम्स में संचालित स्थितिपरक विश्लेषण अध्ययन के बाद जारी की गई है। इस अध्ययन का उद्देश्य अनुसंधान के मौजूदा आँकड़ों का सत्यापन करना, ईसीई पाठ्यक्रम में सुधार के अवसरों की पहचान करना और महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालना था, जिन पर तत्काल कारवाई की ज़रुरत है। ईसीई की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले पाठ्यक्रम संबंधित कारकों पर अनुसंधान की अपरिहार्य आवश्यकता को देखते हुए सीएसएफ ने सभी चयनित राज्यों में ईसीई पारितंत्र की बारीकियों की गहरी पड़ताल की। प्राथमिक और द्वितीयक अनुसंधान में ईसीई प्रदान करने के पहलुओं पर ध्यान दिया गया। इन पहलुओं में पाठ्यक्रम की संरचना, अध्यापन-शिक्षण समय, शिक्षण की प्रभावकारिता, शिक्षक प्रशिक्षण, निगरानी की गुणवत्ता और माता-पिता की धारणाएं शामिल थीं। इस रिपोर्ट में इन कमियों को दूर करने और नन्हें विद्यार्थियों के लिए शिक्षण की बुनियाद मज़बूत करने के लिए जल्द ही उपाय करने की हिमायत की गई है। इसके अलावा भारत में ईसीई के सरकारी प्रावधानों के मौजूदा मॉडल को समझने, क्लासरूम में शिक्षण को प्रभावित करने वाले विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने और ईसीई पारितंत्र में दूसरे हितधारकों के लिए भावी कदम की रूपरेखा बनाने का प्रयास किया गया है। इस अध्ययन के लिए सीएसएफ ने विभिन्न आँगनवाड़ियों, सह-स्थापित आँगनवाड़ियों और सरकारी प्राथमिक विद्यालयों (1-वर्षीय या 2-वर्षीय पूर्व-प्राथमिक पाठ्यक्रम वाले) में पूर्व-प्राथमिक वर्गों में संपर्क किया। मार्च से मई 2023 तक के इस अध्ययन में सात राज्यों- आन्ध्र प्रदेश, असम, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश शामिल थे। सर्वेक्षण के विश्लेषण को आंशिक रूप से 'की एजुकेशन फाउंडेशन' का समर्थन प्राप्त था।

# अजजा शा. से. वि.रायपुर में नवनिर्वाचित विधायकों हुआ सम्मान

## नवनिर्वाचित विधायकों को संघ की ओर से दी गई बधाई एवं शुभकामनाएं



पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com

अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ का प्रांतीय वर्चुअल बैठक संघ के प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में विधानसभा निर्वाचन 2023 में नवनिर्वाचित विधायकों को संघ की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर पिछले 2018 की भांति इस वर्ष भी 2023 में आदिवासी समाज से विजय होकर आए छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान समारोह भव्यतापूर्वक आयोजित करने का निर्णय बैठक में सम्मिलित प्रांतीय पदाधिकारी गण एवं जिलाध्यक्षों द्वारा लिया गया। तकनीकी रूप से बैठक में सम्मिलित नहीं हो पाने वाले पदाधिकारीयों ने भी सम्मान समारोह आयोजन में सहमति जताई है। सभी जिलाध्यक्षों को अपने.अपने जिलों में सम्माननीय विधायकों को निमंत्रण देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी कड़ी में नवनिर्वाचित विधायकगण रामविचार नेताम, विष्णुदेव साय,विधायक केदार कश्यप, विधायक नीलकंठ टेकाम को संगठन की ओर से निमंत्रण दिया गया। बैठक में संगठन के विधि सलाहकार एमआर ध्रुव द्वारा आदिवासी समाज से जुड़े समस्त ज्वलंत मुद्दों के निराकरण पर बात रखते हुए वर्तमान सरकार से उचित समाधान किस प्रकार से कराया जावे इस पर विस्तार पूर्वक बातें रखी। प्रांताध्यक्ष श्री ध्रुव ने रायपुर के आसपास के जिलाध्यक्षों से स्वागत समारोह की तैयारी हेतु तीन.चार दिन पहले आने का अनुरोध किए हैं। वर्चुअल बैठक में प्रमुख रूप से प्रांतीय पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों एवं वरिष्ठ सक्रिय सदस्यों के साथ डीआर आंचला आईपीएस, सदेसिंह कोमरे प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश कोषाध्यक्ष एनआर चंद्रवंशी, सचिव जयपाल सिंह ठाकुर, प्रदेश पदाधिकारी गजलू पोडियाम, जयश्री कुमार, मंगलू कश्यप, जिला अध्यक्षगण रामचंद ध्रुंव बिलासपुर, आसकरण सिंह धुर्वे कबीरधाम, श्रीराम ध्रुव बलोदाबाजार, एसपी ध्रुव महासमुंद, गंगासिंह कंवर कोरबा, मनमोहन सिंह गोंड जांजगीर, अकत सिंह ध्रुव मुंगेली, लेखराम मात्रा राजनादगांव, ब्रह्मसिंह मरावी एमसीबी, मासा कुंजाम, राममिलन रावटे दंतेवाड़ा, चंद्रविजय आर्मो सूरजपुर, डीएस नेताम जगदलपुर, आरपी नेताम कांकेर, भागेश्वर पात्र नारायणपुर परमेश्वर सिंह महेंद्रगढ़ कोरिया, धनेश्वर ध्रुव दुर्ग, मनोहर प्रताप सिंह कोरबा सहित प्रदेश एवं जिला के सक्रिय पदाधिकारी शामिल रहें।

# आईआईएम कोझिकोड के एमबीए प्रोग्राम को मिली बेहतर इंटरनेशनल रैंकिंग



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट कोझिकोड ने 2023 के लिए प्रतिष्ठित फाइनेंशियल टाइम्स और क्वाक्वेरेली साइमंड्स रैंकिंग में प्रभावशाली रैंकिंग के साथ मैनेजमेंट एजुकेशन में एक वैश्विक प्रमुख के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। फाइनेंशियल टाइम्स मास्टर्स इन मैनेजमेंट रैंकिंग 2023: आईआईएम कोझिकोड के प्रमुख एमबीए प्रोग्राम ने फाइनेंशियल टाइम्स मास्टर्स इन मैनेजमेंट रैंकिंग 2023 में 77वां स्थान हासिल करके वैश्विक स्तर पर अपनी शुरुआत की। यह उपलब्धि आईआईएम कोझिकोड को दुनिया भर के शीर्ष 100 बी-स्कूलों में शामिल करवाने में सफल रही है। इसके अलावा, संस्थान अपने फुलटाइम एमबीए प्रोग्राम के लिए एशियाई बी-स्कूलों में 10वें और सभी इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में चैथे स्थान पर है। एफ्टी रैंकिंग विभिन्न मानकों पर परखती है, जिसमें औसत ग्रेजुएट वेतन, वेतन प्रतिशत वृद्धि, वैल्यू फॉर मनी, कैरियर ग्रोथ, विविधता और बहुत कुछ शामिल हैं। इन उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आईआईएम कोझिकोड के डायरेक्टर प्रोफेसर देबाशीष चटर्जी ने कहा कि विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित एफ्टी रैंकिंग में आईआईएम कोझिकोड का टॉप 100 बी-स्कूलों में शामिल होना और एनआईआरएफ 2023 में भारत के टॉप 3 बी-स्कूलों में हमारा प्रवेश शामिल है। इसके साथ ही शिक्षा में एक्सीलेंस, डिजिटल एज में अग्रणी योगदान और हमारे फैकेल्टी, कर्मचारियों, स्टूडेंट्स और भागीदारों के समर्पण के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम सीखने, विविधता को अपनाने, अनुसंधान को बढ़ावा देने और विचार को बढ़ावा देने के लिए लीडरशिप एक समग्र दृष्टिकोण से प्रेरित हैं। प्रबंधन भारत की सबसे बड़ी सॉफ्ट-पॉवर है और हमारा लक्ष्य विश्व स्तर पर नए आधार बनाना जारी रखना और भारतीय विचारों का वैश्वीकरण करते हुए भारतीय बी-स्कूलों के लिए विशिष्ट पहचान बनाना है।

# ग्राम पंचायत गाड़ाडीह ओ.डी.एफ के शिखर पर



पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय से 26 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम गाड़ाडीह, जनपद पंचायत पाटन स्थित है जहां कुल घरों की संख्या 385 तथा कुल जनसंख्या 1635 है। गाँव को स्वच्छ तथा स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए पंचायत के द्वारा विभिन्न प्रयास किए जा रहे है। चूंकि स्वच्छता ही स्वास्थ्य जीवन का आधार स्तम्भ है, जिसको मजबूत करने के लिए ग्राम पंचायत गाड़ाडीह में शिखर महिला स्व-सहायता समूह द्वारा गांव को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से कार्य किया जा रहा है। महिलाओं द्वारा रैली निकार कर लोगों को गिला कचरा सूखा कचरे की जानकारी देकर जागरूक किया। साथ ही स्वच्छताग्रही महिलाओं द्वारा गांव को कचरा मुक्त करने के उद्देश्य से घर-घर कचरा एकत्रित कर कार्य किया जा रहा है। जिससे घर से निकलने वाले कचरे का सही प्रबंधन किया जा सके। ग्राम गाड़ाडीह को साफ़ और स्वच्छ बनाये रखने तथा गाँव को बीमारियों से दूर रखने के लिए गाड़ाडीह में शिखर महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा घरेलु स्तर पर निकलने वाले सूखे व गिले कचरे का कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है। कचरा एकत्रीकरण करने के लिये 02 सायकल रिक्शा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से उपलब्ध कराया गया है एवं 01 ई-रिक्शा समर्थन संस्था द्वारा ग्राम पंचायत को गोद लेकर एल.आई.सी., एच.एफएल. हृदय परियोजना के सहयोग से उपलब्ध कराया गया है। स्वच्छताग्राही समूह के सदस्यों के द्वारा सप्ताह में दो दिन बुधवार एवं रविवार को गाँव के प्रत्येक घर, बाज़ार व दुकानों से होते हुए ठोस अपशिष्टों को संग्रहण करते है तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं महात्मा गांधी नरेगा अभिशरण से निर्मित पृथक्करण केंद्र में ले जाकर पृथक कर इकठ्ठा करके रखा जाता है। पृथ्थक्कीकरण करने हेतु सेग्रीगेशन शेड में अलग-अलग प्रकार के कचरे को रखने के लिये प्लास्टिक के कंटेनर की व्यवस्था की गई है। अधिक मात्रा एकत्रित हो जाने पर अच्छे मूल्य प्रदाय करने वाले कबाड़ी के पास बेच कर आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। इस आमदनी को समूह के सदस्यों में मानदेय के रूप में वितरित किया जाता है। स्वच्छताग्राही समूह को ग्राम पंचायत से राशि 2000 रूपए प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि के रूप में मानदेय भी दिया जा रहा है। साथ ही सभी घरों, दुकानों से कचरा लेने के लिए पंचायत द्वारा निर्धारित स्वच्छता कर की राशि भी घरों से 20 रूपए व दुकानों से 50 रूपए प्राप्त हो रही है। ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छताग्राही को कचरा कलेक्शन के दौरान स्वयं को सुरक्षित रखने के लिये दस्ताने, टोपी, एप्रान, मास्क, जूता आदि प्रदाय किया गया है।

## खनिज न्यास मद से बालोद जिले में होंगे विकास के कार्य



**दल्लीराजहरा।** देवलाल ठाकुर प्रदेश प्रवक्त ा भाजपा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया की भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर अब बालोद जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र में खनिज न्यास मद से अनेकों विकास कार्य होंगे। देवलाल ठाकुर ने आगे बताया की जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तो कांग्रेस के लोग खनिज न्यास मद का दुरुपयोग कर राशि का गबन कर लेते थे। ठाकुर ने आगे कहा कि डौंडी ब्लॉक में आदिवासियों को प्रशिक्षण के नाम पर करोड़ों रुपए की राशि का गबन किया गया था। चाहे बात प्रशिक्षण में घोटाला की हो या फिर कोयले से जुड़ी हुई हो या फिर शराब से जुड़ी गड़बड़ी हो भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक गुनहगार पर कड़ी कार्यवाही करेगी। हाल ही में भूपेश बघेल कहते थे इस बार 75 पार लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं हुआ क्योंकि छत्तीसगढ़ को कांग्रेस ने लगातार भ्रष्टाचार कर पूरा खोखला बना दिया था । जिसे जनता अच्छी तरह जान चुकी थी किसी भी योजनाओ का ि यान्वयन सिर्फ और सिर्फ कागजों में कर करोड़ों रुपए की राशि का गबन किया जाता था।

## सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के दोषियों को कड़ी सजा की मांग

**रायपुर।** प्रख्यात हिंदूवादी समाजसेवी, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जयपुर में जघन्य हत्या कर दी गई, करणी सेना इस हत्याकांड की घोर निंदा करती है, व राजस्थान सरकार से दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग करती है। अब तक राजस्थान पुलिस दोषियों को गिरफ्तार नही कर पाई है, करणी सेना (अम्मू) राजस्थान सरकार से इस विषय मे त्वरित कार्यवाही की मांग करती है अन्यथा करणी सेना पूरे देश मे वृहत आंदोलन करेगी, इसी तारतम्य में 7-12-2023 को रायपुर के जयस्तम्भ चौक में शाम 5 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमे करणी सैनिकों समेत सर्व समाज के सनातनी भाई बहन शामिल होंगे, करणी सेना समस्त सनातनी समाज को उक्त कार्य म में आकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने का आह्वान करती है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासना प्रदेश संगठन महामंत्री शक्ति सिंह ठाकुर प्रदेश महामंत्री आलोक श्रीवास्तव प्रदेश सचिव भूपेंद्र डागा प्रदेश अध्यक्ष महिला शक्ति दीपाली चौधरी मीडिया प्रभारी राकेश तराटे जिला अध्यक्ष करण रेड्डी जिला महामंत्री रुपेश तिवारी किशोर यादव उपस्थित रहे।

# डॉ. रमन सिंह के निर्वाचन जिले में प्रशासन की बुलडोजर कार्रवाई शुरु, चखना सेंटर के साथ ही अतिक्रमण हटाने में जुटा अमला

## अवैध अतिक्रमण, चखना दुकान एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई करने के दिए निर्देश

- शुक्रवार की सुबह कलेक्टर ने ली बैठक, दोपहर से शुरु हुई कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के निर्वाचन मुख्यालय में भी बुलडोजर की कार्रवाई शुरु हो गई है। जिले के दूसरे हिस्सों में भी यह कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर डोमन सिंह ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कानून व्यवस्था के संबंध में राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली थी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग भी मौजूद थे। कलेक्टर ने कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अवैध अतिक्रमण, जुआ, सट्टा, चखना दुकान एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके कुछ ही देर बाद ये कार्रवाई शुरु हो गई। निर्देश के तत्काल बाद जिले भर में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। एसडीएम अरूण वर्मा ने बताया कि रेवाडीह में तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं नायब तहसीलदार की टीम द्वारा शराब दुकानों में चखना दुकान को हटाया गया। वहीं मोहारा में भी एसडीएम एवं नगर पालिक निगम के अमला द्वारा 56 दुकानों से चखना सेंटर हटाया गया। उन्होंने बताया कि अवैध अतिक्रमण एवं चखना सेंटर हटाने के कारण जनसामान्य में प्रसन्नता है, इससे आवागमन बाधित होता था। कलेक्टोरेट प्रतिबंधित क्षेत्र होने के कारण आसपास के चखना सेंटर हटाए गए, कल भी सतत रूप से कार्रवाई जारी रहेगी। हॉस्पिटल, जिला चिकित्सालय एवं अन्य स्थानों तथा व्यस्ततम मार्गों में अवैध अतिक्रमण एवं चखना दुकानों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं डोंगरगढ़ एसडीएम गिरिश रामटेके ने बताया कि ग्राम कठली एवं बेलगांव में चखना दुकान हटाने की कार्रवाई की गई तथा रेलवे स्टेशन के सामने अवैध दुकानों एवं अन्य दुकानों को हटाने के लिए चेतावनी दी गई है। डोंगरगांव एसडीएम अश्वन पुसाम ने बताया कि शराब भट्ठी, मोहड़ चौक एवं अन्य शराब दुकानों के आसपास, छोटे ठेले, गुमटी एवं चखना सेंटर पर कार्रवाई की गई। लगभग 20 कार्रवाई की गई, आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि राजस्व, पुलिस एवं नगर निगम की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।



### तय थी बुलडोजर की कार्रवाई

गौरतलब है कि, विधानसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत मिलने के बाद से सरकारी मशीनरी प्रदेश में अतिक्रमण हटाने बुलडोजर चला रही है। राजनांदगांव में भी ऐसी कार्रवाईयां भी तय मानी जा रही थी। अब इसका असर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव में भी देखने को मिला है। यह भी सनद रहे कि, विधानसभा चुनाव में प्रचार के आखिरी दिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजनांदगांव में डॉ. रमन सिंह के पक्ष में रोड शो किया था। तब लोग उनके स्वागत में बुलडोजर लेकर खड़े थे। योगी आदित्यनाथ को देश में बुलडोजर बाबा भी कहा जाता है। क्यूंकि उन्होंने ही यूपी में कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने इस तरह की कार्रवाई शुरु की थी।

### कांग्रेसियों पर लगा था संरक्षण का आरोप

निर्देशों के तत्काल बाद राजनांदगांव जिला मुख्यालय में शराब दुकानों के पास संचालित चखना सेंटरों को हटाने की कार्रवाई शुरु कर दी गई। रास्ते में अतिक्रमण कर शुरु की गई इन दुकानों पर बुलडोजर चलाया गया। रेवाडीह में शराब दुकान के नजदीक ही सड़क के दोनों ओर चखना सेंटरों की कतार अतिक्रमण कर खड़ी कर दी गई थी। इन दुकानों में शराब परोसी जाती थी। दिन-रात यहां का माहौल सामान्य नागरिकों के गुजरने के मुश्किल हो चुका था। कई बार इन्हें हटाने की मांग की गई थी। लेकिन कांग्रेस की सत्ता में ये व्यापार फलता-फुलता रहा। कहा जाता है कि इन्हें कांग्रेस नेताओं का संरक्षण मिला हुआ था। शहर में कई जगहों पर अवैध गतिविधियां भी चल रहीं थीं।

### कलेक्टर-एसपी ने संभाला मोर्चा

शुक्रवार को जिला प्रशासन की बैठक में कलेक्टर ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए फील्ड में कार्य दिखाने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि - शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समन्वित तरीके से सभी अधिकारी कार्य करेंगे। प्रभावी ढंग से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण नियमों का पालन करते हुए हटाए। टीम एक साथ संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन फील्ड में कानून व्यवस्था बनाएं रखने के लिए अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई जारी रखें। स्कूलों के आस-पास के पान, जर्दा दुकानों, चखना दुकानों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

### पुलिस भी फॉर्म में

बैठके में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जुआ, सट्टा, यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश दिए तथा अवैध पार्किंग पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेट्रोलिंग सघन करने के साथ ही प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने की जरूरत है। गुंडे, बदमाश एवं ऐसे अपराधी जो पहले से चिन्हांकित है उनके उपर एसडीओपी एवं थाना प्रभारी कड़ी नजर रखेंगे एवं कानून व्यवस्था में बाधा पहुंचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अपराधिक गतिविधियां बर्दाश्त नहीं किए जाएगी। कानून व्यवस्था निरंतरता बनी रहनी चाहिए।

---

## कांग्रेस को मतदाता अभी और घाव देंगे : लीलाधर साहू

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के जिला भाजपा उपाध्यक्ष लीलाधर साहू ने कहा कि विधानसभा चुनाव तो अभी ट्रेलर है अभी तो पूरी पिक्चर बाकी है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओ से आह्वान किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में कसरत करना जारी रखें।



कांग्रेस के खिलाफ इस तरह मोर्चे बंदी करें कि लोकसभा चुनाव में उनकी जमानत जप्त तक हो जाए।

साहू ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में निश्चित रूप से मोदी का जादू चला है। आने वाले समय में तेलंगाना और मिजोरम में भी कमल खिलकर रहेगा। उन राज्यों में लोकसभा चुनाव में कमल खिलाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का प्रयास निरंतर जारी है। छत्तीसगढ़ में डॉ रमन सिंह की करीब 45000 मतों से ऐतिहासिक जीत यह दशार्ती हैकि उनके लोकप्रियता कितनी बढ़ी है। साथ ही चुनाव में भाजपा कार्यकर्ता सहित भाजपा के नेताओं ने दिन रात का परिश्रम को भुलाया नहीं जा सकता। लीलाधर साहू ने कांग्रेस प्रत्याशियों को कड़ी टक्कर देने वाले भाजपा प्रत्याशियों से कहा कि वह हार बिल्कुल नहीं माने बल्कि वे ध्यान रखें कि अपनी पार्टी की जीत हुई है। संगठन उन्हें कोई बड़ी जवाबदारी अवश्य सौंपेगी और उनका कद ऊंचा बना रहेगा। बस वे जनता से सीधे जुड़े रहे सत्ता और संगठन के बीच सेतु के रूप में काम करते रहे।

### सुरगी सेक्टर में सभी बूथों में कमल खिला, भूपेश भी जीत न दिला सके

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ विधानसभा आम सभा आम चुनाव में हाई प्रोफाइल सीट राजनांदगांव से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की जीत बहुत मुश्किल बताई जा रही थी लेकिन उन्हें ऐतिहासिक मतों से जीत मिली। कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन को करारी शिकस्त मिली जिन्हें जीतने के लिए स्वयं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था। जिला पंचायत सभापति व भाजपा नेता अशोक देवांगन ने बयान जारी कर कहा कि - विधानसभा के ग्रामीण मंडल में 100 बूथ को सेक्टरों में विभाजन किया गया था। जिसमें सुकुलदैहान सेक्टर, सोमनी सेक्टर सुरगी सेक्टर और सिंघोला सेक्टर है। साथ ही साथ बूथों का विभाजन भी किया गया था। जिसमें सुकुलदैहान सेक्टर में 13 गांव और 17 बूथ का कार्यालय सुकुलदैहान में खोला गया था। जिसका संचालन मुझे दिया गया था। इनमें 17 बूथों में भाजपा ने जीत दर्ज की है।

## भाजपा शासन में राजनांदगांव एक बार फिर विकास का केंद्र बनेगा



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा ने अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल की है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह अपने निर्वाचन क्षेत्र में राजनांदगांव विधानसभा में ऐतिहासिक मतों से विजयी हुए हैं। पिछले दिनों जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष आलोक बिंदल, संजय लोहिया के साथ पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने रायपुर स्थित डॉ. रमन सिंह के निवास मौलश्री विहार में मुलाकात कर डॉ. रमन सिंह को जीत की शुभकामनाएं दी। आलोक बिंदल ने बताया कि इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने इसे संगठन, कार्यकर्ता और जनता की जीत बताया। उन्होंने कार्यकताओं की पीठ थपथपाई। कोषाध्यक्ष बिंदल ने कहा कि जनता ने एक बार फिर सुशासन को चुना है। भाजपा प्रदेश में भ्रष्टाचार मुक्त और अपराधों पर अंकुश लगाने वाली, लॉ एंड ऑर्डर को मजबूत करने वाले सरकार देगी। जनता की विकास को लेकर जो उम्मीदें भाजपा और डॉ. रमन सिंह से जुड़ी हैं वो पूरी होने का वक्त आ गया है। उन्होंने कहा कि-कांग्रेस सरकार ने राजनांदगांव के साथ 5 साल में भेदभाव का व्यवहार किया। विकास की गति रोक दी गई। सड़कें तक नहीं बन सकी। लेकिन भाजपा शासन में राजनांदगांव एक बार फिर विकास का केंद्र बनेगा।

## क्विक न्यूज

### मितानिन के घर से 50 हजार के जेवरात पार

**राजनांदगांव।** खैरागढ़ जिले के बढ़ईटोला में स्वास्थ्य विभाग की मितानिन के घर एक अज्ञात महिला ने सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। मितानिन की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक बढ़ईटोला की रहने वाली रमला वर्मा मितानिन के पद पर कार्यरत है। 6 दिसंबर को वह जब अपनी बेटी को स्कूल भेजने के लिए तैयार कर रही थी, उस दौरान एक चार माह के बच्चे को लेकर एक अज्ञात महिला टूटे-फूटे बर्तन लेने के लिए पहुंची। बारिश होने के कारण मितानिन ने उक्त महिला को अपने घर के अंदर बुलाया। मितानिन टूटे-फूटे बर्तन को इकट्ठा कर रही थी। अज्ञात महिला को मितानिन ने एक पुराना कुकर और कुछ बर्तन दिया, तो उसने दोपहर 3 बजे आकर पूरे बर्तन ले जाने की बात कही। उसके चले जाने के बाद करीब दोपहर 12 बजे जब मितानिन ने अपने बेडरूम के आलमारी को देखा तो चाबी लटका हुआ दिखा। आलमारी खोलने पर पर्स में रखे मंगलसूत्र, सोने का गेहूं दाना, एक सोने की पत्ती, सोने का खिनवा तथा पैरपट्टी गायब था। कुल 50 हजार रुपए कीमत के जेवरात को अज्ञात महिला ने मितानिन के आंखों में धूल झोंककर पार कर दिया।पुलिस महिला की शिकायत पर जांच कर रही है।

### जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में सशस्त्र सेना झंडा दिवस का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस का आयोजन अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय राजनांदगांव में किया गया। इस अवसर पर जिले के गणमान्य नागरिक, भूतपूर्ण सैनिक व उनके परिवारजन उपस्थित थे।जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन ब्रिजेश कुमार शर्मा (सेवानिवृत्त) ने बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर एकत्रित की गई धनराशि समामेलित विशेष निधि में जमा की जाती है। इस कोष से जरूरतमंद भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जाता है, जिसमें चिकित्सा सहायता, छात्रवृत्ति, तत्काल सहायता, पुत्री विवाह अनुदान, दाह संस्कार, कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण हेतु अनुदान इत्यादि शामिल है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 16 दिसम्बर को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 16 दिसंबर को पूरे प्रदेश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला न्यायालय राजनांदगांव अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा नेशनल लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय राजनांदगांव, व्यवहार न्यायालय-खैरागढ़, ड़ोंगरगढ़, अंबागढ़ चौकी, छुईखदान एवं राजस्व न्यायालय के विभिन्न प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन का निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत में न्यायालय के लंबित राजीनामा योग्य मामलों का निराकरण सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया किया जाएगा।जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आलोक कुमार द्वारा लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में न्यायाधीशों, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं।

### श्रम विभाग के विभिन्न योजना से लाभान्वित हुए हितग्राही

**राजनांदगांव।** श्रम पदाधिकारी कार्यालय राजनांदगांव द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से पंजीकृत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। इसके अंतर्गत जिले के 3 हजार 91 हितग्राहियों को विभिन्न योजना के तहत 1 करोड़ 26 लाख 86 हजार 500 रूपए से लाभान्वित किया गया है।

### आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत तहसील डोंगरगढ़ एवं छुरिया तहसील के आपदा प्रभावितों के लिए सहायता राशि स्वीकृत की है। डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि, अधिक वर्मा एवं आंधी-तूफान से 50 मकान आंशिक क्षति होने पर 3 लाख 8 हजार 600 रूपए, अधिक वर्षा से तारबांध फूटने से फसल क्षति, गाद व मिट्टी भरने से क्षति होने पर 76 हजार 230 रूपए एवं आग से 1 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 9 हजार रूपए तथा छुरिया तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 26 मकान आंशिक क्षति होने पर 1 लाख 4 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 1 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 9 लाख 60 हजार रूपए, बाढ़-चक्रवात से हानि होने पर 4 हजार 751 रूपए व 32 हजार रूपए तथा आपदा से मृत्यु होने पर 4 लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## पोस्ट ऑफिस चौक में भाजयुमो ने किया प्रदर्शन

# भाजयुमो ने अमरजीत भगत को शेविंग किट भेजी, कहा मूंछ हटाने का वादा करें पूरा

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता युवा मोर्चा ने पूर्व मंत्री अमरजीत भगत को डाक से शेविंग किट भेजी है। इससे पहले युवा नेताओं ने पोस्ट ऑफिस चौक पर वायदा निभाओ के नारे साथ अमरजीत भगत के बगैर मुंछो वाले बैनर के साथ प्रदर्शन किया। शुक्रवार की सुबह इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाजयुमो नेता-कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि-विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर कांग्रेस नेता अमरजीत भगत ने टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि, अगर कांग्रेस की सरकार नहीं आती है तो वे अपनी मूंछे कटवा लेंगे। अब जब कांग्रेस की सत्ता से विदाई हो चुकी है और वे स्वयं भी चुनाव हार चुके हैं तो उन्हें अपना वायदा निभाना चाहिए। हमने इसके लिए उन्हें शेविंग किट भी भेजी है ताकि वे अपना वायदा निभा सकें।




शुक्रवार की सुबह 11 बजे भाजयुमो नेता-कार्यकर्ता पोस्ट ऑफिस चौक में जुटे। एक दिन पहले ही यहां अमरजीत भगत के खिलाफ प्रदर्शन की तैयारियां कर ली गई थी। यहां जुटे नेता बैनर लिए हुए थे जिसमें एक ओर अमरजीत भगत की मूंछ वाली फोटो थी और दूसरी ओर बगैर मूंछ के नज़र आ रही तस्वीर थी। भाजयुमो ने इस बैनर के साथ 'अमरजीत भगत अपना वायदानिभाओ, जल्दी से अपनी मूंछ मुड़वाओ' के नारे लगाए। उनकी मूंछ हटाने का सांकेतिक प्रदर्शन भी हुआ। जिसके बाद पोस्ट ऑफिस से डाक के जरिए अमरजीत भगत के पते पर शेविंग किट भेजी गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह के साथभाजपा मंडल महामंत्री गोलू गुप्ता, भाजयुमो महामंत्री गोलूसूर्यवंशी, उपाध्यक्षपिंटू वर्मा, सज्जन ठाकुर, प्रखर श्रीवास्तव, जितेंद्र साहू, ज्ञानेश गुप्ता, आशुतोष सिंह, कमलेश प्रजापत, कमलेश लहरे, आदित्य पराते, आशीष जैन, अभिषेक सेन, जसमीत भाटिया, अमितेश झा, प्रवीण शुक्ला, विजेंद्र आर्य, गोविन्दा साहू, सूरज नायक, नीतेश नायक, साकेत वैष्णव, जसजीत भाटिया, कार्तिक साहू, आशु डहरिया, मनीष, रवि बंजारे, ग्रामीण युवा मोर्चा से भीष्म साहू, सुवितेश श्रीवास्तव, लोचन रजत, चुनेश्वर, प्रज्वल गुप्ता, गजेंद्र साहू, प्रिंस राजपूत, विकास साहू, मनोज साहू, खुशाल यादव, सौरभ सिंह निक्कू, मनीष यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### खनिज विभाग के अधिकारी भी सक्रिय अवैध परिवहन के कई मामले पकड़ाए

**राजनांदगांव।** खनिज विभाग द्वारा जिले में अवैध परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग द्वारा खनिज नियम खान एवं खनिज विकास विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत 23 नवम्बर से 6 दिसम्बर तक 13 अवैध परिवहन करते हुए खनिज रेत, चूनापत्थर, मुरूम व ईट मिट्टी का परिवहन कर रहे वाहनों पर कार्रवाई की गई। अवैध परिवहन पर कुल अर्थदण्ड 2 लाख 96 हजार 660 रूपए वसूल किया गया है और कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध खनिज परिवहन करते हुए वाहन चालक निलाबंर से 5 टन गिटटी जप्त की गई और 13 हजार 900 रूपए अर्थदण्ड वसूली की गई। इसी तरह वाहन चालक ललित नेता से 20 टन गिटटी जप्त और 27 हजार 600 रूपए अर्थदण्ड, वाहन चालक चतुर निषाद से 20 टन गिटटी जप्त और 27 हजार 600 रूपए अर्थदण्ड, वाहन चालक रूपेन्द्र साहू से 20 टन गिटटी जप्त और 27 हजार 600 रूपए अर्थदण्ड, वाहन चालक भैयाराम से 17 टन गिटटी जप्त और 26 हजार 460 रूपए अर्थदण्ड, वाहन चालक कृष्णा से 12 घन मीटर रेत जप्त एवं 22 हजार 400 रूपए अर्थदण्ड, वाहन चालक कोमलचंद से 12 घन मीटर रेत जप्त एवं 22 हजार 400 रूपए अर्थदण्ड, वाहन चालक डोमन लाल से 12 घन मीटर मुरूम जप्त एवं 2 हजार 240 रूपए अर्थदण्ड, वाहन चालक प्रेमलाल साहू से 4 घन मीटर रेत जप्त एवं 15 हजार 800 रूपए अर्थदण्ड, वाहन चालक हेमू निर्मलकर से 20 घन मीटर रेत जप्त और 29 हजार रूपए अर्थदण्ड, वाहन चालक मिथलेश कुमार से 20 टन चूना पत्थर जप्त और 27 हजार 600 रूपए अर्थदण्ड, वाहन चालक लघुराम रावटे से 20 टन चूना पत्थर जप्त और 27 हजार 600 रूपए अर्थदण्ड, वाहन चालक रितेश उईके से 17 टन चूना पत्थर जप्त और 26 हजार 460 रूपए अर्थदण्ड वसूला गया।

# महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



डॉ.भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय में संस्था के व्यवस्थापक एच.आर. भास्कर के निर्देशन में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 66वीं जयंती एवं महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम वरिष्ठ अभिभावक एवं मुख्य अतिथि संजय चंदेल पार्षद एवं वरिष्ठ अभिभावक बिसाहू बंजारे द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर दैनिक प्रार्थना एवं संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर सम्मेलन प्रारंभ किया गया। समस्त अभिभावकों का चंदन लगाकर स्वागत किया गया। संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर द्वारा विद्यालय का प्रतिवेदन एवं विभिन्न गतिविधियों जैसे छात्रों की उपस्थिति, टीफन, नशापान, पेयजल, गणवेश, पुस्तक, वाहन, छात्रवृत्ति, गृहकार्य, कक्षाकार्य एवं कापी जांच, घर पर समय, छात्रों की विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी, सीसीटीवी कैमरा से विद्यालय परिसर में निगरानी, प्रवेश द्वार में निगरानी तथा विद्यालयीन समस्याओं के संबंध में जानकारी दी गई। तत्पश्चात् अभिभावकों में बल्लम भास्कर, नान्हेराम साहू, उत्तरा बांधड़े, हरिदास, कमल प्रसाद, लक्ष्मीकांत, धर्मेन्द्र, आलोक, विश्वम, डोमन, पराग, शरद देंवागन, नारायण, भीखम सप्रे, अनिल, चन्द्रप्रकाश, विनोद कुमार, संजय रात्रे, सुनिता घृतलहरे, जयनंदनी, कविता, रूखमणी बघेल, भारती, अंजू, संगीता, रूखमणी नायक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास शिक्षक और अभिभावक दोनों मिलकर कर सकते हैं। बच्चों के अनुशासन एवं संस्कार तथा अन्य गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाता है पर पढ़ाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, है। विद्यालय की शिक्षा, संस्कार एवं उपलब्ध सुविधाओं से हम सभी अभिभावक संतुष्ट हैं। जब भी विद्यालय याद करे हम सभी अभिभावक तन-मन-धन से सहयोग प्रदान करेंगे। विद्यालय द्वारा जो निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है वह निश्चित रूप से हम मध्यमवर्गीय अभिभावकों के बच्चों के लिए बहुत जरूरी है। हमारे बच्चों के लिए हिन्दी माध्यम के साथ-साथ अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा उपलब्ध कराया जा रहा है यह सराहनीय प्रयास है। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक ने कहा कि बच्चों के प्रथम गुरू माता ही होती है बाद में शिक्षा गुरू होते हैं क्योंकि बच्चों का संस्कार पालकों पर निर्भर करता है अतः पालक संस्कारवान बनाने में सहयोग प्रदान करें। प्राचार्य आशा दिवाकर ने कही कि बालकों के विकास के लिए पालकों का सहयोग अतिआवश्यक है आप विद्यालयीन समय के अलावा भी समस्याओं के निराकरण करने के लिए कभी भी निःसंकोच चर्चा कर सकते हैं। मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ अभिभावक पार्षद संजय चंदेल ने कहा कि मैं इस विद्यालय के गतिविधियों में सम्मिलित होकर निकट से देख रहा हूं। इसलिए मेरा लगाव अधिक हो गया है अच्छी शिक्षा एवं संस्कार के कारण ही मैं अपने पुत्री एवं परिवार के छः बच्चों को प्रवेश दिलाया हूं। मेरे वार्ड से अधिकतर बच्चे यहां शिक्षा लेने आते हैं। यह विद्यालय सीमित साधनों के बाद भी दृढ़ता के साथ न्यूनतम शुल्कों में अच्छी शिक्षा उपलब्ध करा रहा है इसके अतिरिक्त निःशुल्क जेईई, नीट जैसे कोचिंग भी दिया जा रहा है अन्य संस्थाओं द्वारा दिये जा रहे ऐसी शिक्षा व्यवस्था मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए संभव नहीं है जो यहां उपलब्ध है। विद्यालय की समस्या के निराकरण के लिए मेरा भी योगदान रहता है। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्यों के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति का होना आवश्यक है जो संस्था प्रमुख में है संस्था प्रमुख का सोच अच्छा है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना में जन प्रतिनिधि, स्कूली बच्चे और ग्रामीणों ने मुक्तिधाम में किया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मनोरा विकास खंड में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के स्कूली बच्चे जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जनों ने हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. कांति प्रधान शामिल रहे। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय सेवा योजना 4 दिसंबर से शरू हुई है और इसका समापन 10 दिसंबर को किया जाएगा। संस्था के प्राचार्य आर बी निराला ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन स्वयं सेवी बच्चों ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वयं सफाई करते हुए स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। प्राचार्य ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि सामाजिक कल्याण में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं हमेशा देते रहे। इससे बच्चों में राष्ट्र के प्रति सेवा की भावना सदैव बनी रहनी चाहिए। डॉ कांति प्रधान ने बच्चों से कहा कि बच्चों को मानसिक शारीरिक तथा बौद्धिक रूप से स्वस्थ रहते हुए समाज को भी जागरूक करना चाहिए। और बच्चों को शिक्षा के मूल्यों जिसमें सच्चाई, शांति, अहिंसा, प्रेम, भाईचारा आदि की भावना को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। एनएसएस कार्यक्रम के अधिकारी आशुतोष शर्मा ने बताया कि आज की कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ साथ जनप्रतिनिधि और ग्रामीण शामिल रहे। मनोरा मुख्यालय के मुक्तिधाम में 20 पौधे वृक्षारोपण किया गया जिसमें गुलमोहर, कटहल, आम, बरगद, अमरूद के पौधे लगाए गए हैं। पौधे को लगाकर उसे घेराव किया गया जिससे पौधा सुरक्षित हो सके। और इसके अलावा रोजाना नजर रखा जाएगा। डॉ. कांति प्रधान, विकास कुमार प्रधान भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, मनोज टोप्पो मंडल महामंत्री, चंद्रशेखर स्वर्णकार ग्रीन नेचर वेलफेयर सोसाइटी, इंद्रावती भगत कांटाबेल सरपंच, एनएसएस कार्यक्रम के अधिकारी आशुतोष शर्मा, ऋषिकेश प्रजापति विवेकानंद युथ सर्कल जशपुर से उपस्थित रहे।

# महापौर के जाति प्रमाण पत्र की जल्द हो जांच-भाजपा पार्षद दल

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिलाधीश कार्यालय में भाजपा पार्षद दल के द्वारा एक स्मरण पत्र सौंपा गया। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने आरोप लगाते हुए बताया कि सन 2021 में पार्षद दल द्वारा नगर निगम महापौर राजकिशोर प्रसाद द्वारा कूटनीतिक तरीके से जाति प्रमाण पत्र बनाकर महापौर बने की शिकायत एवं उसकी जांच कराए जाने की शिकायत की गई थी। भाजपा की महापौर प्रत्याशी ऋतु चौरसिया के द्वारा इस संबंध में पत्र दिया गया था। परंतु उक्त विषय पर कार्यवाही अब तक लंबित थी। इस बीच बार-बार स्मरण पत्र भाजपा पार्षद दल द्वारा जिलाधीश कार्यालय में प्रस्तुत किया गया। परंतु कोई कार्यवाही नहीं हो पाई। अब एक बार फिर भाजपा पार्षद दल द्वारा इस संबंध में कार्यवाही को लेकर स्मरण पत्र अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू को दिया गया हैं। जिसमें लिखा गया हैं कि 12 फरवरी 2021 को कोरबा के महापौर राजकिशोर प्रसाद के द्वारा कूटनीतिक तरीके से स्वयं का जाति प्रमाण पत्र बनवाए जाने की शिकायत आपके कलेक्टर कार्यालय स्थित जिला स्तरीय जाति प्रमाण सत्यापन समिति में की गई थी। उक्त प्रकरण पर स्मरण पत्र दिनांक 27 मार्च 2021, 3 जनवरी 2023, 16 मई 2023, 7 जून 2023 को दिया गया। किंतु प्रकरण आज दिनांक तक लंबित है। स्मरण पत्र देने के दौरान भाजपा पार्षद दल से नगर निगम नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, भाजपा महापौर प्रत्याशी ऋतु चौरसिया, नरेंद्र देवांगन, विकास अग्रवाल, कमला बरेठ, धनश्री साहू, कविता नारायण, पुराइन बाई, शैल कुमारी राठौर, विजय साहू, फिरत साहू, बुधवार साय, उर्वशी राठौर, सुफल दास, भानुमति जायसवाल, अनीता शकुंदी यादव, अजय गोंड, नारायण दास महंत, अमित मिंज एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिले में अवैध गतिविधियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी, तीन आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com






जिले में अवैध गतिविधियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में मुंगेली पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वाले 03 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है, जिसमें थाना मुंगेली द्वारा पड़ाव चैक में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करने वाले अनिल महिलांग के कब्जे से 5.7 लीटर अवैध देशी शराब, बड़ा बाजार में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी मनहरण तंबोली के कब्जे से 2.3 लीटर अवैध देशी शराब तथा नया बस स्टैण्ड में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी मनोज डाहिरे के कब्जे से 5.4 लीटर अवैध देशी शराब जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 03 व्यक्तियों के विरूद्ध भी कार्यवाही की गई है, जिसमें थाना पथरिया द्वारा 02 आरोपी तथा थाना चिल्फी द्वारा 01 आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार जुआ सट्टा खेलने वाले 18 आरोपियों के विरूद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की गई है। जिसमें थाना मुंगेली द्वारा सतनाम भवन के पीछे मुंगेली में दबिश देकर सट्टा खेल रहे आरोपी रविन्द्र कुमार पात्रे के कब्जे से राशि 11700/- रूपये, ग्राम रामगढ में दबिश देकर सट्टा खेल रहे आरोपी दौलत राम धृतलहरे के कब्जे से राशि 1210/- रूपये एवं आरोपी योगेश कुमार टंडन के कब्जे से राशि 950/- रूपये, ग्राम विनोबा नगर में दबिश देकर सट्टा खेल रहे आरोपी नरेन्द्र गंधर्व के कब्जे से राशि 1550/- रूपये तथा थाना चिल्फी द्वारा ग्राम मुछेल में दबिश देकर जुआ खेल रहे आरोपी पोकल भास्कर एवं 03 अन्य के कब्जे से राशि 1660/- रूपये, ग्राम रजपालपुर में दबिश देकर जुआ खेल रहे आरोपी धमेन्द्र बंजारो एवं 05 अन्य के कब्जे से जप्त राशि 820/- रूपये तथा ग्राम दाउकापा में दबिश देकर जुआ खेल रहे आरोपी मन्नू साहू एवं 03 अन्य के कब्जे से राशि 730/- रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई है।

# अग्निवीर भर्ती अंतर्गत शारीरिक दक्षता परीक्षा 16 दिसंबर से जांजगीर-चांपा में

## आवश्यक दस्तावेजों को लेकर जाना अनिवार्य

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

भारतीय थलसेना (अग्निवीर) भर्ती रैली की आनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा में मुंगेली जिले के उत्तीर्ण युवाओं के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा सहित अन्य भर्ती परीक्षाओं का आयोजन 16 तथा 20 दिसंबर को जांजगीर-चांपा जिले के पुलिस लाईन खोखराभांठा में आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रैली में सम्मिलित होने के लिए आवश्यक दस्तावेजों को लेकर जाना अनिवार्य है। जिसमें कक्षा 10वीं, 12वीं अंकसूची, टी.सी., निवास प्रमाण पत्र, फोटोयुक्त जाति प्रमाण पत्र, स्कूल या सरपंच द्वारा जारी फोटो युक्त चरित्र प्रमाण पत्र, सरपंच या पार्षद द्वारा जारी अविवाहित प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति, जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए सेंट्रल कास्ट सर्टिफिकेट, एनसीसी सर्टिफिकेट, नेशनल लेवल का खेल प्रमाण पत्र, सिंगल बैंक खाता, पैन कार्ड, आधार कार्ड, पुलिस स्टेशन का चरित्र प्रमाण पत्र, 10 रूपए के स्टाम्प पेपर में रैली भर्ती शामिल होने हेतु नोटरी द्वारा जारी शपथ पत्र, 03 माह के भीतर वाला सफेद या नीला बैकग्राउंड वाला 20 पासपोर्ट साईज फोटो, आधार लिंक्ड मोबाईल नम्बर, 10वीं, 12वीं ओपन स्कूल से पास हुए अभ्यर्थी बीईओ-डीईओ से सत्यापित मार्कशीट तथा ट्रैडमेन भर्ती के लिए केवल 08वीं की अंकसूची आदि शामिल है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केन्द्र जमकोर मुंगेली से सम्पर्क कर सकते हैं।

# नेशनल लोक अदालत 16 दिसंबर को सफल बनाने के लिए बैठक आयोजित



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वाधान में इस वर्ष का अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 16 दिसम्बर को किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने हेतु जिला न्यायालय में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्रकुमार अजगल्ले ने पिछले लोक अदालत में निराकृत प्रकरणों से और अधिक प्रकरण निराकृत किये जाने हेतु पक्षकारों के साथ प्री-सिटिंग करने, आपराधिक, सिविल संबंधी प्रकरण को आपसी राजीनामा के आधार पर निराकृत किये जाने और लोक अदालत का लाभ लोगों तक पहुचाये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों को ऐसे आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरण को जिसमें राजीनामा संभव हो, उसमें अन्वेषण की कार्यवाही किये जाने हेतु भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नीरज शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बलराम देवांगन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मयंक सोनी, संयुक्त कलेक्टर मेनका प्रधान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# छग शालेय शिक्षक संघ जिला इकाई मुंगेली ने नई सरकार बनने पर दी बधाई

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



छ. ग. शालेय शिक्षक संघ जिला इकाई मुंगेली ने नई सरकार बनने पर बधाई दी गई है और नई सरकार से आने वाले समय मे शिक्षको और कर्मचारियों के साथ पारस्परिक विश्वास स्वर्णिम राज्य के निर्माण मे महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। संघ के जिलाध्यक्ष दीपक वेन्ताल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष पुनीता मिश्रा ने कहा की विधान सभा चुनाव के पहले भाजपा ने छत्तीसगढ़ के लिए मोदी की गारंटी - 2023 के नाम से प्रदेश के शिक्षको के लिए कुछ वादे किये है। जिसमे सरकार बनने पर प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान डी ए देने,सहायक शिक्षको की वेतन विसंगति दूर करने, सभी कर्मचारियों को क्रमोंन्ति का लाभ देना शिक्षको को इन सभी वादो को अविलंब पुरा किये जाने की अपेक्षा है। साथ ही शिक्षक एल बी संवर्ग को संविलियन से पहले शिक्षाकर्मी के रूप मे किये गये सेवा की गणना करते हुए पुरानी पेंशन देने, पूर्ण पेंशन के लिए 33 साल की निर्धारित सेवा अवधि को घटाकर केंद्र के समान 20 वर्ष करने की भी अपेक्षा है । संघ के जिलाध्यक्ष दीपक वेन्ताल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष पुनीता मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष नेमी चंद भास्कर, दुर्गेश देवांगन, मोहन कश्यप, मोहन उपाध्याय, बीरबल सोनकर, राजेंद्र नेताम, राधेश्याम राय, विवेक गोविद, प्रकाश श्रीवास, त्रतु पांडेय, सुधा राजपूत, सरला सोलंकी,पूजा बाजपेयी, मोनिका ठाकुर, शायरा बानो, कौशल्या वैषणव, मनोरंजना शुक्ला, सुनीता तंबोली, शीतला कोशले, भारती उइके, रंजना तंबोली, उषा पांडेय, बिंदु साहू, सोफिया अहमद आदि ने कहा की हमे विश्वास है की नयी सरकार के गठन होते ही शिक्षको के मुद्दे पर त्वरित निर्णय होगा।

## लापरवाही बरतने के आरोप में शिक्षक निलंबित

**कोरबा।** कोरबा जिला कार्यालय विकास खंड शिक्षा अधिकारी पोड़ी-उपरोड़ा के पत्र /1923/स्था. शि.का. जांच/2023-24/ पोड़ी-उपरोड़ा 04 दिसंबर के तहत् सहा. शि. शा.प्रा. शा. केन्हाडॉड संकुल दर्राभाठा वि.ख. पोड़ी-उपरोड़ा के द्वारा कक्षा 5वीं की छात्रा के द्वारा मध्यान्ह भोजन में कीड़ा मिलने के संबंध में अपने पालक को बताये जाने पर छड़ी से मारपीट करने का आरोप लगा था। बताया जा रहा हैं की भयभीत होकर छात्रा विद्यालय नहीं आ रही है। जानकारी के अनुसार उक्त घटना के बाद प्रबंधन समिति के सदस्य, पालकगण, ग्रामवासियों तथा छात्र-छात्राओं में आक्रोश व्याप्त है। इसके बाद उक्त शिक्षक के खिलाफअपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता एवं अनुशासनहीनता का आरोप लगाया गया था।

# बालको ने दिव्य ज्योति स्कूल में दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिले में स्थापित वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने समावेशिता को बढ़ावा देने और दिव्यांग बच्चों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया। कंपनी ने दिव्यांग बच्चों के लिए माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन और कपड़ा सिलाई पर प्रशिक्षण सहित कई सत्रों को आयोजित किया। कंपनी ने अपने कर्मचारियों को प्रेरक कहानियों और हस्त चित्रों के साथ इन बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए एक मंच प्रदान किया। दिव्यांग किशोरों को अकसर माहवारी और दिव्यांगता से जुड़े दोहरे चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। बालको ने माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन पर विशेष रूप से डिजाइन किए गए शिक्षण मॉड्यूल को शुरू किया। यह मॉड्यूल बालको की नई किरण परियोजना के अंतर्गत शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य माहवारी संबंधी मिथकों और भ्रांतियों के प्रति लोगों में जागरूकता और क्षमता निर्माण के माध्यम से माहवारी के दौरान स्थायी स्वच्छता प्रथाओं का विकास करना है। दिव्यांग बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के लिए निर्देशित इस मॉड्यूल में विशेष रूप से माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन पर दिव्यांग किशोरों को शिक्षित करने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई शिक्षण सामग्री और तरीके उपलब्ध कराए गए हैं। बालको ने 'स्टिच माई ओन पैड' नामक एक विशेष क्षमता-निर्माण कार्यक्रम भी संचालित किया। आर्थिक रूप से कमजोर और माहवारी से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करते हुए कंपनी द्वारा संचालित प्रशिक्षण ने अलग-अलग दिव्यांग किशोरियों को अपने स्वयं के पुनः प्रयोज्य कपड़े के पैड सिलने के लिए सशक्त बनाया। बालको ने उनकी माहवारी संबंधी जरूरतों के लिए एक स्थायी और स्वच्छ समाधान प्रदान किया। कंपनी के मॉड्यूल से मूक, श्रवण और दृष्टि बाधित बच्चों और संवेदी चुनौतियों का सामना करने वाले इन व्यक्तियों को अपनी क्षमताओं पर विश्वास करने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। कर्मचारी की स्वयंसेवा भावना के माध्यम से कंपनी ने अपने कर्मचारियों के साथ परिचर्चा सत्र का आयोजन किया, जिसने इन दिव्यांग बच्चों में आशा और प्रेरणा पैदा की। कई कर्मचारी प्रेरणादायक कहानी सुनाने और हाथ से पेंटिंग बनाने जैसी गतिविधियों के माध्यम से इन बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## प्रणव का आंध्रा बॉर्डर ट्रांसफर, नितिन पर कराया एफआईआर

# बदले की राजनीतिक चक्की में पूरे पांच साल पिसा राय परिवार

■ नीतिन राय ने मंत्री अमरजीत से आजाद कराया पहाड़ी कोरवाओं की बेशकीमती जमीन

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



किसी पार्टी का दामन थामकर उसमें निर्विवाद किसी परेशानी के लंबा और सुखद सफर तय करना आसान नहीं होता। बहुत सारी कुर्बानियां देनी होती है, तब जाकर कहीं पार्टी में निखार आता है और परचम बुलंद होता है। राजनीति में जहां बहुत अधिक दोस्त बनते हैं तो बिन मांगे तोहफे में प्रतिद्वंदी रूपी दुश्मन भी मिलते हैं। राजनीति की बुलंदियों में चढ़ने के लिए विपक्ष के द्वारा किए गए प्रहार से भी परिवार को जूझना पड़ता है। लंबे समय तक सत्ता में बने रहने की वजह से किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करने वाले कृष्ण कुमार राय के परिवार को कांग्रेस सरकार आते ही कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। यह सभी परेशानियां बदले की राजनीति से प्रेरित परेशानियों के रूप में सामने आईं। यह कहना है भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य और युवा नेता नितिन राय का। उन्होंने मीडिया को दिए बयान में कहा, बीते 5 साल मेरा पूरा परिवार बदले की राजनीति चक्की में पिसता रहा, जिसका उदाहरण स्वयं मेरा छोटा भाई है जिसे नगर पालिका जशपुर से एक बार नहीं दो बार ट्रांसफर कराया गया। पहली बार आंध्रप्रदेश बॉर्डर से लगे बस्तर संभाग के आखिरी छोर भोपालपट्टनम किया गया। उसके बाद तिल्दा नेवरा किया गया।

### एफआईआर भी हुए दर्ज

नितिन राय ने कहा, कुछ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से कहा, सुनी हो जाने पर एफआईआर भी दर्ज कराया गया। परिवार को परेशान करने का कोई कसर नहीं छोड़ा गया।

### मंत्री से वापस कराई जमीन

नितिन राय ने कहा, कांग्रेस सरकार के कद्दावर मंत्री अमरजीत भगत ने बाक्साइट खदान के लालच में आकर पहाड़ी कोरवा परिवारों की जमीन खरीद लिया था। इसकी जानकारी मिलने पर जमीन वापस कराने के लिए आंदोलन करना पड़ा, पहाड़ी कोरवाओं को लेकर राज्यपाल के पास मैं स्वयं गया था तब जाकर उनकी जमीन वापस हो सकी।

### सड़क पर लगातार संघर्ष

नितिन ने कहा, जशपुरवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार अपने कार्यकर्ताओं के साथ सड़क पर संघर्ष करता रहा। लगातार मेहनत का ही नतीजा जिले में और प्रदेश में देखने को मिल रहा है।



## उपार्जन केन्द्रों की समस्या के समाधान के लिए हेल्पलाईन नम्बर जारी

**मुंगेली।** जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए हेल्पलाईन नम्बर जारी किया गया है। इस हेतु किसान कॉल सेंटर के हेल्पलाईन नम्बर 9406275534 एवं 9406275535 पर सम्पर्क कर सकते हैं। बता दें कि कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा संचालित कॉल सेंटर के माध्यम से प्राप्त आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा है। अब कॉल सेंटर के इस नम्बर पर किसान धान उपार्जन केन्द्रों में होने वाली समस्या की भी जानकारी दे सकते हैं।

# फसल के बीमा के लिए आवेदन 31 दिसंबर तक

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

वर्ष 2023-24 अंतर्गत पुनर्गठित मौसम आधारित उद्यानिकी रबी फसल टमाटर, बैगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू के लिए बीमा हेतु अंतिम तिथि 31 दिसंबर तक निर्धारित की गई है। उद्यान विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि शासन द्वारा साग-सब्जी की खेती करने वाले उद्यानिकी कृषकों को प्रतिकूल मौसम से होने वाले क्षति से बचाने के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक ऋणी-अऋणी किसान अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या बीमा कम्पनी, भारतीय कृषि बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि से सम्पर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकते हैं। इस हेतु बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि विशाल गुलाटी मोबाईल नम्बर 7224991180 एवं जिला स्तरीय प्रतिनिधि ताराचंद मोबाईल नम्बर 9617739731 पर सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अधिसूचित फसलों में टमाटर के लिए बीमित राशि 05 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर देय प्रीमियम 06 हजार रूपए, बैगन के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर देय प्रीमियम 03 हजार 850 रूपए, फूलगोभी के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर देय प्रीमियम 03 हजार 500 रूपए, पत्तागोभी के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर देय प्रीमियम 03 हजार 500 रूपए, प्याज के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर देय प्रीमियम 04 हजार रूपए और आलू फसल के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर देय प्रीमियम 06 हजार रूपए जमा करना होगा।

# चौथे दिन भी जारी रही अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही

## बुलडोजर ने पकड़ी रायपुर में रफ्तार, 10 साल पुराना कब्जा भी नहीं आया काम

- कालीबाड़ी में साढ़े चार सौ वर्गफीट शासकीय भूमि कराई गई खाली

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम लगातार चौथे दिन भी अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही करते हुए कालीबाड़ी चौक पर लगभग 10 साल पुराने अवैध कब्जे को हटाया। निगम के अतिक्रमण तोड़ू दस्ते में शासकीय वन आवासीय परिसर से लगी लगभग साढ़े चार सौ वर्गफीट जमीन को पुराने अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया है। लगभग दस साल से इस जमीन पर किसी ज्योतिप्रकाश ने अवैध रूप से अपना कब्जा किया था और उस पर चार पक्की दुकानें बनाकर व्यावसायिक परिसर चला रहा था।

नगर निगम जोन क्रमांक-3 के आयुक्त राकेश शर्मा ने बताया कि इस अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए कब्जाधारी को 2017 में भी नोटिस जारी की गई थी। कब्जाधारी ने साढ़े चार सौ वर्गफीट इस जमीन को अपने स्वामित्व की भूमि बताकर कब्जा हटाने से मना किया था। इस पर राजस्व अम्ले ने तहसीलदार के नेतृत्व में मामले की जांच की थी और इस भूमि को शासकीय नजूल की भूमि होना पाया था। इसके अवैध अतिक्रमण कार्यवाही के चौथे दिन तोड़ू दस्ते ने राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में इस अवैध अतिक्रमण को ढहा दिया है और जमीन को मुक्त करा दिया।

# श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स से जुड़े कैंसर विशेषज्ञ डॉ. देव्रत हीशिकर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स से एक और कैंसर विशेषज्ञ डॉ. देव्रत हीशिकर (एमबीबीएस, एमडी, डीआरएनबी) जुड़ गए हैं। डॉ. हीशिकर के जुड़ने से अब श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम में एक और बड़ा नाम जुड़ गया हैं। अब उनके जुड़ने के श्री बालाजी हॉस्पिटल मे कैंसर के मरीजों को तमाम प्रकार की सुविधाएं के साथ उपचार उपलब्ध होगा। इससे मेडिकल ऑन्कोलॉजी मे सभी प्रकार के कीमोथेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी एवं इम्यूनोथेरपी की सुविधा उपलब्ध मिलेगी। कैंसर के समस्त प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा भी मिल सकेगी। इसमें मुंह और गले का कैंसर, ब्लड कैंसर, लिंफोमा, फेफड़े का कैंसर, पेट एवं आंतो का कैंसर, किडनी एवं ब्लैडर के कैंसर जैसे उपचार शामिल हैं।

### आयुष्मान कार्ड एवं बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना से भी कैंसर का उपचार संभव

डॉ. देव्रत हीशिकर बताते है कि वे मूलतः धमतरी के रहने वाला है और उन्होंने अपना एमबीबीएस और एमडी रायपुर से किया। इसके बाद आगे की पढ़ाई के लिए वे अहमदाबाद गए। उन्होंने कहा कि कैंसर की बीमारी का नाम सुनते ही परिवार पूरी तरह टूट जाता है। इसका इलाज महंगा भी माना जाता है, लेकिन श्री बालाजी हॉस्पिटल में विभिन्न शासकीय योजनाओं का पूरा लाभ मरीजों को कैंसर के इलाज में मिलेगा और उन्हें इसके लिए कही भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आयुष्मान कार्ड एवं बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना से कैंसर का सम्पूर्ण इलाज किया जा जायेगा।

# कलेक्टर ने ली जल जीवन मिशन की बैठक, गुणवत्ता पूर्ण कार्य के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन का लक्ष्य हितग्राहियों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति करना है। इसे प्राथमिकता से पूर्ण करें। यह ध्यान रखें की गुणवत्ता में किसी प्रकार की समझौता न किया जाए। कनेक्शन देने के बाद पेयजल की आपूर्ति होना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में एक लाख 90 हजार घरेलू नल कनेक्शन स्वीकृत किए गए है। इसमें से एक लाख 64 हजार 93 घरेलू कनेक्शन प्रदाय किए गए हैं। कुल 26 हजार कनेक्शन बाकी है। जिसे फरवरी के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। 212 गांव में कार्य पूर्ण हो गए है, बचे ग्रामों में 31 मार्च तक शतप्रतिशत कार्य पूर्ण करें। डॉ. भुरे ने कहा कि घरेलू कनेक्शन देने के लिए सड़कों की कटिंग की गई है, उसकी गुणवत्ता पूर्वक मरम्मत की जाए। साथ ही हितग्राहियों को जागरूक करें कि जल का सदुपयोग हो और नलों में पंप का उपयोग ना करें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी जनपद पंचायत के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें और किसी प्रकार की समस्या आने पर उन्हे सूचित करें। यह ध्यान रखें की नलों में पेयजल की आपूर्ति सतत् और उचित ढंग से हो। स्कूलों और आंगनबाडियों में यथासंभव कनेक्शन प्रदान करें। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता फिलिप एक्का सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# युवाओं को रोजगार का सुनहरा अवसर, 150 पदों पर निकली भर्ती

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने के लिए 11 दिसम्बर को रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जॉब फेयर आयोजित होगा। सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले इस जॉब फेयर में 12वी, स्नातक, स्नातकोत्तर, बी.सी.ए./एम.बी.ए., एम.सी.ए., बी.एस.सी./एम.एस.सी. बी.टेक., आई.टी.आई/डिप्लोमा (इलेक्ट्रिकल). उत्तीर्ण युवाओं की लगभग 150 पदों पर भर्ती होगी। रोजगार प्राप्त युवाओं को 8 हजार से 25 हजार रूपये तक मासिक वेतन मिल सकेगा। इस जॉब फेयर मे निजी क्षेत्र के नियोजक रिलायंस निप्पॉन लाईफ इंश्योरेंस कम्पनी, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड, ब्लूचिप जॉब प्रा.लि.मि. रायपुर द्वारा 150 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। लाईफ प्लानिंग ऑफिसर के पद पर केवल विवाहित महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकती है। जॉब फेयर में सम्मिलित होने योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थल पर अपने बॉयोडाटा/आधार कार्ड एवं शेक्षणिक, तकनीकी योग्यता के प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

# छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग की नई पहल से अब घर बैठे लड़ सकते हैं अपना केस

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



उपभोक्ता के समय और पैसा बचाने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग ने नई पहल शुरूआत की है। न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने बताया कि उपभोक्ता अपना केस घर बैठे लड़ सकते हैं। अब हर सोमवार से ई-हियरिंग के माध्यम से सुनवाई होगी। दूर-दूर से आने वाले उपभोक्ताओं का समय और पैसा की बचत होगी। मिनिमम 90 दिनों में प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। अधिकतम पांच महीने में निराकरण किया जाएगा। उन्होंने पेंडिंग केस खत्म करना हमारा मुख्य लक्ष्य है। न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग रायपुर में 795 कुल प्रकरण आया है। जिसमें से 604 मामले को निराकरण किया गया है। 191 मामला निराकृत के लिए बाकी है।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403